तापमान अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,721.08 / 24,853.15

सोना चांदी 98,175 / 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुरादाबाद, शनिवार 24 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 284 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082

25 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

इस्तीफा देने पर विचार कर रहे मुहम्मद यूनुस

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

चोट से उबर चुके हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते हैं वापसी

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

शैक्षणिक संस्थानों को नशामुक्त बनाने को अभियान शुरू

नई दिल्ली। सरकार ने छात्रों और युवाओं को तंबाकू तथा नशीले पदार्थों से बचाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने इस संबंध में शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्रवाई करने का आह्वान किया ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू किया जा सके। शिक्षा मंत्रालय ने नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान दिशानिर्देशों को लागू कर रहा है। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को तम्बाकू के उपयोग और बिक्री से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। मंत्रालय ने इस मिशन का समर्थन करने में स्कूल प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया है। सरकार ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। मंत्रालय का मानना है कि निरंतर प्रयासों और जन समर्थन से भारत अपने स्कूलों और कॉलेजों को सुरक्षित, स्वस्थ और हानिकारक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त बना सकता है।

स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को आग के प्रति संवेदनशील बनाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में सभी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में आग से बचाव के उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने निजी एवं सरकारी अस्पतालों से किसी भी आग दुर्घटना से निपटने के लिए कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से आवश्यक उपकरण स्थापित करने और उनके संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने को भी कहा गया है। इस संबंध में आयोजित की जा रही कार्यशालाओं से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी और निजी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आग दुर्घटनाओं से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

जंगल में आग लगने से नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंगें फटी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गईं। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। आग लगने के कारण इलाके की बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

आईपीएल की आड़ में लग रहा सट्टा: सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट बोला-कोई कानून जुआ-सट्टा खेलने से नहीं रोक सकता, केंद्र को नोटिस देकर मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि लोग इंडियन प्रीमियर लीग की आड़ में सट्टा लगा रहे हैं और जुआ खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि इसे रोका जाना चाहिए, लेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिये रोका जा सकता है।

कोर्ट ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिस तरह हम लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, उसी तरह कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से पूछेगी कि वह इस मुद्दे पर क्या कर रही है। इसके लिए केंद्र को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बेंच ने मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से मदद की मांग की और कहा कि जरूरत पड़ी, तो वह बाद में सभी राज्यों से जवाब मांगेगी। बेंच ने इन हालात को समाज का विचलन बताते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की और कहा कि कानून के लागू होने से लोगों को सट्टा लगाने से नहीं रोका जा सकता। हमने अपने बच्चों को इंटरनेट दे दिया है। वे इसे अपने स्कूलों में भी ले जाते हैं। माता-पिता एक टीवी देखते हैं, बच्चे दूसरा देखते हैं। यह पूरी तरह से सामाजिक विचलन है। क्या किया जा सकता है। जब लोग अपनी मर्जी से सट्टे में लिप्त हैं। याचिकाकर्ता के.ए.पाल ने आरोप लगाया है कि कई ऑनलाइन इन्फ्लूएंसर, एक्टर और -शेष पृष्ठ दो पर

ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा : जरूरत पड़ी तो सभी से जवाब मांगेंगे

छात्र सुसाइड केस: राजस्थान सरकार को फटकार

पूछा- छात्र कोटा में ही क्यों जान दे रहे, इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया

नई दिल्ली। स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वत: संज्ञान लिया था।

लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीति: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

श्री गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

हवाई यात्रा: टेक ऑफ-लैंडिंग पर कैमरा क्लिक वर्जित

खिड़कियां भी बंद रहेंगी, देश के चार डिफेंस एयरपोर्ट पर नए नियम लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा।

यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल है। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाले विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। सूत्रों ने डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि यह -शेष पृष्ठ दो पर

डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए डीजीसीए ने दिया आदेश

भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे के लिए बढ़ाई एयरस्पेस पाबंदी

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव चरम पर है। इस हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लिया। तनाव के माहौल में भारत ने पाकिस्तान के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर इस पाबंदी को भारत ने एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। भारत ने इस बाबत नोटम भी जारी कर दिया है। नए नोटम के मुताबिक, यह 23 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। वहीं, दूसरी ओर भारत की कार्रवाई से तिलमिलाए पाकिस्तान ने भी भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत एसीएफटीएस और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई एसीएफटीएस के लिए स्वीकृत नहीं है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

विमान में चीख-पुकार, फिर भी पाक ने नहीं दी परमिशन

नई दिल्ली। दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 21 मई को ओलावृष्टि के कारण भीषण टर्बुलेंस (हवा में झटकों) की चपेट में आ गई थी। इस दौरान पायलट ने पाकिस्तान से उसका एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, पाकिस्तान ने मना कर दिया। इंडिगो फ्लाइट जब अमृतसर के ऊपर से गुजर रही थी, तब पायलट ने हल्का टर्बुलेंस महसूस किया। उन्होंने लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से कॉन्टैक्ट किया और खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान के एयरस्पेस में घुसने की परमिशन मांगी। लाहौर एटीसी ने पायलट को साफ मना कर दिया, जिसके कारण फ्लाइट को अपने तय रूट पर आगे बढ़ना पड़ा। आगे जाकर फ्लाइट गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई। फ्लाइट जोर से हिलने-डुलने लगी। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे। पायलट ने श्रीनगर एटीसी को जानकारी दी और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

दुनियाभर में बेनकाब हो गया पाकिस्तान: शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

आतंकियों के समर्थन में भारत पर पाक की जवाबी कार्रवाई को गृह मंत्री ने बनाया मुद्दा

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गई है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकियों को शह दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पर्दाफाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढ़ी। दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया।

पाक को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे

नई दिल्ली। भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, भारत को लगता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद को खत्म करने में नाकाम रहा है। पाकिस्तान सरकार देश को हो रही फंडिंग को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में खर्च करती है। ऐसे देश टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में न केवल नाकाम रहते हैं, बल्कि वहां ये चीजें बढ़ती हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाता है। एफएटीएफ प्लेनरी (फैसले लेने वाली संस्था) की साल में तीन बैठकें फरवरी, जून और अक्टूबर में होती हैं। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला गया था। 2022 में उसे बाहर कर दिया गया। भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे। एक न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्र के हवाले से ये बात कही है।

नौ वीर सपूतों के परिजनों को मिले बलिदान बैज व सम्मान प्रमाण पत्र

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में भारत मां के उन नौ वीर सपूतों के परिजनों को 'बलिदान का बैज' और 'सम्मान प्रमाण पत्र' प्रदान किए जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए गहन प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि के रूप में ये पुरस्कार उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य रैंकों को प्रदान किए गए, जो देश की सेवा करते हुए दुश्मन की और आतंकवादियों की कार्रवाई में शहीद हो गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह के एक दिन बाद आयोजित किया गया। ये सम्मान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि -शेष पृष्ठ दो पर

सेना प्रमुख ने भावपूर्ण समारोह में किया सम्मानित

आतंकवाद व माओवादी हिंसा अब बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन- नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए, जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है।

सरकार 11 वर्षों से पूर्वोत्तर में विकास व शांति के लिए कर रही काम: मोदी

गढ़चिरौली में चार नक्सली ढेर

कांकेर/मुंबई, वार्ता

छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार को भी बरामद कर लिया है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इस घटना की पुष्टि डीआईजी अंकित गोयल ने भी की है। उन्होंने बताया कि सभी जवानों की वापसी पर ही नक्सलियों को हुए वास्तविक जानकारी मिल सकती है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार शवों के साथ एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो 303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग का सामान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह माओवादियों ने अचानक सी-60 कमांडो पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।

चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार भी बरामद

ट्रम्प की एपल को धमकी, अमेरिका में ही बनाएं आईफोन

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपल सीईओ को दी 25 % टैरिफ लगाने की चेतावनी

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। इसके बावजूद एपल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर (करीब 12,700 करोड़) का निवेश किया है।

टिम कुक से कहा: जो फोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे यहीं बनेंगे, न कि कहीं और

हम नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें

तीन बकरा चोर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। स्थानीय पुलिस ने घर के बाहर बंधे बकरे को चोरी कर ले जाने वाले तीनों चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का बकरा भी बरामद किया है।

ग्राम ज्ञानपुर उर्फ मजरा रूपपुर निवासी मोहसिन पुत्र जुलफुकार अहमद ने चांदपुर पुलिस को 22 मई को एक प्रार्थना पत्र देते हुए कहा था कि 22 मई की रात्रि में उसके घर के बाहर आंगन मे बंधा उसका कीमती बकरा तीन अज्ञात चोर चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की खोजबीन शुरू कर दी थी, जिसमें विवेचना के दौरान कुछ नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़ में आये

चोरी का बकरा बरामद

तीनों बकरा चोरों ने वादी के घर से बकरा चोरी करना स्वीकारा। पुलिस ने बकरा चोरों के नाम इदरीस अहमद पुत्र नफीस अहमद, मुस्तकीम अहमद पुत्र शफीक अहमद, नूर आलम उर्फ भूरा पुत्र याकूब अहमद निवासीगण ग्राम सैदपुर इम्मा थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा बताते हुए उनके पास से चोरी का बकरा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने तीनों बकरा चोरों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उनका चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया।

राईन बिरादरी के प्रधान बने हाजी इंसाफुल्ला

पगड़ी बांध कर सर्वसम्मति से चुना

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। राईन बिरादरी की पंचायत में सेवा. निवृत्त इंजीनियर हाजी इंसाफुल्ला के सिर पर पगड़ी बांधकर सर्वसम्मति से बाकायदा बिरादरी का प्रधान चुना गया। यह इंतिखाब आम पंचायत में सर्वसम्मति से हुआ था। पगड़ी मिलने पर प्रधान इंसाफुल्ला ने बिरादरी को विश्वास दिलाया है कि वह बिरादरी की तरक्की, खुशहाली और आपसी इत्तिहाद को बरकरार रखने के लिये मिल-जुलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बिरादरी से समाजिक कुरीतियों को दूर करने का भरसक प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बिरादरी से आह्वान किया है कि वह अपने बच्चों को तालीम जरूर दिलायें। उन्होंने नई जिम्मेदारी मिलने पर तमाम बिरादरी का शुक्रिया अदा किया और विश्वास दिलाया कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं उस पर ईमानदारी से निष्पक्ष रहकर काम करुंगा।

गुरुवार की रात्रि मौहल्ला अफगानान में स्थित अल्ताफ राईन के घेर में तमाम राईन बिरादरी की एक पंचायत हुई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता आसिफ अली एडवोकेट ने की और संचालन वरिष्ठ पत्रकार मौ. याकूब व मुंशी अनवार ने संयुक्त रूप से किया। कारी शमीम ने कुरान ए करीम की तिलावत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रस्म पगड़ी कार्यक्रम के अध्यक्ष आसिफ अली एडवोकेट एवं बसी, अहमद खेल और कस्बे के जिम्मेदारों ने पगड़ी बांधी। इस अवसर पर बिरादरी के युवाओं में जोश देखा, युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया। तमाम बिरादरी ने माल्यार्पण कर इंसाफुल्ला इंजीनियर का स्वागत किया।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आसिफ अली एडवोकेट ने कहा कि नसब और तालीम दोनों जिंदा रखना है, नसब से मुराद जम्हूरियत से है और तालीम होना लाजिमी है। हमें शिक्षित होना, नसब व तालीम इन दोनों को मजबूती से थामे रखोगे तो यकीन जानिये आप कभी नाकाम नहीं हो सकते हैं। रस्म पगड़ी कार्यक्रम में हाजी अमीर हसन राईन, जुल्फिकार आढ़ती, इस्माईल, खुर्शीद राईन, हाजी इस्लामुद्दीन, कारी शमीम, नफीस प्रधान, सभासद हाफिज अकबर मेम्बर, सभासद इस्लाम मेम्बर, शाहिद हुसैन राईनी, इश्तियाक राईन, नईम राईन, भूरा राईन, मोहतशिम इब्राहीम, परवेज आलम, जूबैर अहमद, शहजाद, शरीफ प्रधान, गुडडू, हाजी शाकिर, मुन्ना साकी, अल्लाह दिया, घसीटा, इसरार, यूसुफ, शेर अली, चचा नसीरु सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। अंत में वरिष्ठ पत्रकार मौ. याकूब ने समस्त लोगों का शुक्रिया अदा किया।

एक नजर

भाकियू भानू ने ज्ञापन सौंपा

धामपुर। भारतीय किसान यूनियन (भानु) की मासिक बैठक तहसील परिसर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौहान के नेतृत्व में एवं तहसील अध्यक्ष मास्टर राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और एक ज्ञापन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने गन्ना भुगतान समय से किया जाए और पिछला बकाया तुरंत दिलवाया जाए। गन्ना मूल्य की समुचित दर तय की जाए, जिससे किसानों को उचित लाभ मिल सके। गन्ना तौल केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि किसानों को लंबी कतारों में परेशान न होना पड़े, खरीफ फसल बीमा योजना को लाभदायक रूप में लागू किया जाए। गांव बसी जमीन पर किसानों का कब्जा सुनिश्चित कराया जाए तथा चरागाह की जमीन पर खेती करने वाले किसानों को राहत दी जाए। इस अवसर पर संगठन से जुड़े सैकड़ों की संख्या में किसान, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञापन पर कई वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर थे।

नौ दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

धामपुर। पब्लिक स्कूल धामपुर में समर कैंप का आयोजन किया गया। ढाई साल से 18 साल के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता व मुख्य अतिथि में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी एवं मीनू सिसोदिया ने रिबन का कट कर एवं गैस के गुब्बारे उड़ा कर व पटाखे जलाकर किया। तत्पश्चात स्कूल की प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व छात्र छात्राओं ने वंदना करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। समर कैंप में स्कूल के अंदर बच्चों के लिए कैंटीन का आयोजन भी किया गया। समर कैंप में शिक्षकों पंकज, दीपक, हिमांशु एवं शिक्षिकाओं में कंचन, ईशा, रविता, तरन्नुम, अनीता, अंशु छाबड़ा, कुसुम, सविता, विधि, जैनब, अंशु पाल, वंदना, शिवानी, खनक, अमिता, आंचल, प्रिया आदि की निगरानी में रहते हुए समर कैंप के पहले दिन का आनंद उठाया।

बसेड़ी में कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

चांदपुर। वेब शुगर मिल धनोरा के तहसील चांदपुर के गन्ना ग्राम बसेड़ी में मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना विकास परिषद चांदपुर, सोसाइटी चांदपुर के मास्टर ट्रेनर द्वारा कृषक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर परमजीत (गन्ना पर्यवेक्षक) चांदपुर गन्ना समिति ने गन्ना समिति के खाद गोदामों और चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे विभिन्न कृषि प्रकार के निवेश के बारे में जानकारी दी। शुगर मिल धनोरा के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक ब्रजमोहन यादव नें गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट यथा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, पाईरिला, लाल सड़न, विल्ट आदि रोग के लक्षण, बचाव के विभिन्न प्रकार के तरीकों संबंध में प्रभावित टिलर्स को प्रदर्शित करते हुए एवं फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, शूट कटिंग, चीनी मिल से दिए जाने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही गन्ना समिति चांदपुर द्वारा समिति में स्थापित फार्म मशीनरी बैंक की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर वीएम पाठक ने विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं जैविक खेती, गन्ने की पत्तियों की मल्चिंग करने, गन्ने में ड्रिप सिंचाई, गन्ने की बुआई की ट्रेंच, रिंग पिट विधियाँ, सहफसली खेती की महत्ता, मृदा स्वास्थ, फसल चक्र, स्वीकृत प्रजातियों की बुआई पर जानकारी देकर कृषकों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने सभी कृषकों को अवगत कराया कि वर्तमान परिदृश्य मे आय दुगनी करने का एक मात्र विकल्प पंचामृत विधि से खेती करना ही रह गया हैं। पंचामृत विधि से खेती करने के सभी अवयव, ट्रेंच, ड्रिप सिचाई, इंटर क्रॉपपिंग, रटून मैनेजमेंट और ट्रेस मूलचिग सभी विधियां प्रभाव शाली हैं। गोष्ठी में प्रगतिशील कृषक एवं मास्टर ट्रेनर ने सिंगल बड विधि से गन्ने रोपड़ एवं महिला समूहों की उपयोगिता के बारे में कृषकों को अपना अनुभव शेयर किया। इस मौके पर प्रशिक्षण में कृषकों सहित सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल स्टॉफ भी मौजूद रहा। कृषकों को प्रशिक्षण के दौरान सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक व उनके स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

ग्राम सब्दलपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन

ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत अपराह्न तीन बजे गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम सब्दलपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि गांव में वृद्धावस्था, निराश्रित तथा दिव्यांग पेंशन के पात्र लाभार्थी मौजूद हैं, उनको शत प्रतिशत रूप से पेंशन दिलाने के लिए कैंपों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की स्पष्ट मंशा है कि विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पाने से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे और उनकी समस्याओं का उन्हीं के द्वार पर समाधान कराना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य समाज कल्याण पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग के कैंपों का आयोजन कर पात्र एवं छूटे हुए लोगों को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से शत प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लिंक मार्ग के क्षतिग्रस्त एवं जर्जर अवस्था में पाए जाने पर तत्काल उसकी समुचित मरम्मत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा चौपाल कार्यक्रम के बाद गांव में स्थापित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। पुस्तकालय में सफाई, बैठने की व्यवस्था तथा पुस्तकों का रख-रखाव सही पाया गया। गांव में संपन्न विकास कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासीय योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में लाभार्थी अहसास पुत्र मजीद का आवास मानक के अनुरूप न पाए जाने पर उन्होंने परियोजना अधिकारी डीआरडीए को उसकी जांच करने के लिए नामित करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा गांव में कराए गए विकास कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान नाले-नालियां बंद और गंदगी से भरी पाए जाने पर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। गांव का मुख्य मार्ग, जिससे स्कूली बच्चे कॉलेज जाते हैं, जर्जर एवं क्षतिग्रस्त एवं गंदगी से भरा पाया गया, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल उसकी समुचित मरम्मत कराएं ताकि स्थानीय लोगों एवं स्कूल के बच्चों को आने-जाने में किसी सी प्रकार की असुविधा न हो। अंत में जिलाधिकारी द्वारा गांव में बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया और कालेज में लगने वाली समर क्लास कक्ष का निरीक्षण करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि समर क्लासेज में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा की व्यवस्था एवं उनका समुचित मार्गदर्शन भी कराना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत सिंह अरोड़ा, डीसी मनरेगा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

किरतपुर में अवैध जिम और स्वीमिंग पूल का संचालन

जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्ससंवाददाता

किरतपुर। नगर में जिम और स्वीमिंग पूल अवैध रूप से धड़ल्ले से चल रहे हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। न तो कुछ जिम संचालकों के पास कोई फिटनेस मानक का प्रमाण है और न ही सप्लीमेंट बेचने का वैध लाइसेंस। स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा यह गंभीर मामला है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की आंखें अब तक नहीं खुली हैं। जबकि डीएम ने अवैध जिम व स्विमिंग पूल की जांच करने के आदेश कई दिन पहले दे दिए है।

स्थानीय सूत्रों की मानें तो कई जिम और स्वीमिंग पूल बिना किसी लाइसेंस और नियमों का पालन किए खुलेआम संचालित हो रहे हैं। कुछ जगहों पर तो नाबालिग बच्चों को भी बिना किसी प्रशिक्षण के स्वीमिंग पूल में उतारा जा रहा है, जिससे जान का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं, जिम में बिना प्रमाणित ट्रेनर के युवाओं को भारी-भरकम वर्कआउट कराया जा रहा है और खुलेआम सप्लीमेंट बेचे जा रहे हैं, जिनकी गुणवत्ता और प्रभाव पर कोई निगरानी नहीं है। इससे युवाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

इस मुद्दे को 'शाह टाइम्स' पहले भी प्रमुखता से उठा चुका है, लेकिन प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शायद हर माह 'जेब गरम' कर जिम और पूल संचालकों को खुली छूट दी जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि कब जागेंगे जिम्मेदार अधिकारी? क्या किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है?

नगरवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस मामले में त्वरित जांच कर अवैध जिम और स्वीमिंग पूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली वाई-फाई सुविधा

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को वाई-फाई सुविधा से लैस किया गया है।अब मेडिकल जैसी सुविधाओं के अलावा दवाइयों के डाटा भी ऑनलाइन होंगे। जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ होगी। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ जनमानस को भी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

जानकारी के अनुसार नहटौर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वाई-फाई लगाकर वाईफाई की सुविधा से लैस किया गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने शुक्रवार को बताया कि सीएचसी में डिजिटल प्रक्रिया के तहत वाई-फाई की सुविधा से लैस किया गया है। मैट लीव प्रो एप के माध्यम से मेडिकल के अलावा दवाइयां आदि के डाटा को ऑनलाइन किया जाएगा। इसके अलावा कर्मचारी इस ऐप के माध्यम से डिजिटल प्रक्रिया के तहत काम करेंगे, जिसमें डिजिटल प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा और मेडिकल जैसी सुविधाओं के लिए मरीज को भटकना नहीं पड़ेगा। जिले पर भेजे जाने वाले दवाइयां आदि के डाटा के ऑनलाइन होने से समय की बचत होगी।

टेली हेल्थ सेवाओं को बेहतर बनाने और स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। चिकित्सक ऐप के माध्यम से काम कर सकेंगे। इसके लिए उनकी आईडी बनाई जाएंगी और उस आईडी के माध्यम से वह डाटा आनलाईन कर सकेंगे। डाटा आनलाईन सुविधा से स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा जनमानस को भी लाभ मिलेगा।

सपा नगराध्यक्ष बरकत अब्बासी का स्वागत

शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन द्वारा बरकत अब्बासी को एक बार फिर सपा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किये जाने से उनके शुभचितकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने बरकत अब्बासी का फूल मालाओं से स्वागत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शेखान निवासी पूर्व सभासद बरकत अब्बासी को एक बार फिर से समाजवादी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने जिम्मेदारी देते हुए कहा कि हमारा मकसद 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। हर तरह के मतभेद भुलाकर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करना होगा, तभी प्रदेश में बदलाव हो सकेगा और प्रदेश के मुख्यमंत्री पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बन सकेंगे। उन्होंने बरकत अब्बासी को संकल्प दिलाया कि वह अपनी मेहनत और लगन के साथ अपने कार्यों का निवर्हन करेंगे। उन्होंने कहा पार्टी हित में प्रचार कर पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का काम करें।

वहीं बरकत अब्बासी ने कहा कि जिम्मेदारी से मुझे सम्मान के साथ एक बार फिर मुझे नगर अध्यक्ष बनाया है उसको मे जिन्दगी भर नहीं भुला सकता हूँ, ओर मे पार्टी हित मे कार्य करुगा।

वहीं इस बात का पता चलते ही बरकत अब्बासी के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबाएकबाद दी।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

आईपीएल की... क्रिकेटर ऑनलाइन एप का प्रचार कर रहे हैं और बच्चों को फंसा रहे हैं। पाल ने दावा किया कि वे उन लाखों माता-पिता की तरफ से याचिका लेकर आए हैं, जिनके बच्चे पिछले कुछ सालों में मर चुके हैं। पाल ने कहा कि सिगरेट के मामले में, पैकेट पर धूम्रपान के नुकसान दिखाती तस्वीरें थीं, लेकिन सट्टेबाजी से जुड़े एप के मामले में ऐसी कोई सावधानी नहीं बरती गई। यहां तक कि भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों ने भी मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान इन एप का प्रचार किया। पाल ने कहा कि तेलंगाना में 1023 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है, क्योंकि 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड एक्टर/प्रभावशाली लोगों ने मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। तेलंगाना में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, क्योंकि यह मामला मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

हवाई यात्रा... आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें, ताकि क्रू बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के दौरान पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें। आदेश में कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर यात्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई पायलटों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की को खुला रखना जरूरी होता है। यह एक सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि बाहर खतरे का अंदा. जा लगाया जा सके। जिसमें तकनीकी खराबी, पक्षी टकराने से इंजन में आग लगना शामिल है। खुली खिड़कियां इमरजेंसी में मौजूदा स्थिति को समझने में मदद करती हैं। इससे स्थिति को संभालने और उसका समाधान निकालने में मदद मिलती है। डीजीसीए ने कहा कि इमरजेंसी खिड़की खुली रखी जाएंगी डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि चूंकि लैंडिंग के वक्त खिड़की खुला रखना जरूरी है, लिहाजा इमरजेंसी विंडो को खुला रखा जाएगा। आदेश का एक हफ्ते बाद फिर रीव्यू किया जाएगा।

भारत-पाकिस्तान... हैं। पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस की बंदी को 24 जून तक बढ़ा दिया है। यह कदम तब उठाया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान खौफ में है और दोनों देशों के बीच तनाव है।

नौ वीर सपूतों... कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, ओईएम जीडीई-1 विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को प्रदान किए गए। ये पुरस्कार जुलाई 1999 में स्थापित किए गए थे और 1947 से चली आ रही लड़ाइयों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के परिवारों को प्रदान किए जाते रहे हैं।

स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिए मोदी सरकार का प्रयास : मल्होत्रा

नई दिल्ली। केंद्रीय कॉरपोरेट मामले तथा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पोषण अभियान, कुपोषण में कमी लाने तथा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार लाने के लिए मोदी सरकार का एक प्रयास है। मल्होत्रा ने यहां लाभार्थियों को लगभग 300 पोषण किट वितरित करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पोषण अभियान को देश में कुपोषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का लक्ष्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण देना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बचपन में उचित पोषण विकास के लिए महत्वपूर्ण है और पोषण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को इष्टतम वृद्धि और विकास के लिए पर्याप्त पोषण मिले। उन्होंने कहा कि पोषण की स्थिति में सतत सुधार सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को पोषण युक्त खाद्य उत्पाद दिए जाने चाहिए। इससे स्वस्थ पोषण युक्त आहार को बढ़ावा देने से बच्चों में एनीमिया और बौनेपन के मामलों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पोषण बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बच्चों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पोषण आवश्यक है।

अंबेडकर प्रतिमा का विरोध जातिवादी मानसिकता का परिचायक: मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना का विरोध जातिवादी सोच का परिचायक है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया गया व मूर्ति भी बनकर तैयार हुई किन्तु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई। बाबा साहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल, माननीय उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेगा
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीसराय, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व आयरन की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की रोगग्रस्थों में उपयोगी
HEALTH PLUS
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

गंगा में डूब कर दो की मौत

भीषण गर्मी में गंगा में डूबकी लगाना पड़ा महंगा

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडावर। भीषण गर्मी मे गंगा के बीच जा कर नहाना और मौज मस्ती करना दो युवकों के लिए जान जाने का सबब बन गया । पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मरणासन अवस्था में युवकों को गंगा से निकाल कर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया । लेकिन वहा पहुंचने से पहले ही दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। दोनों मृतक रिश्ते में चाचा व भतीजा थे ।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार की दोपहर मौहल्ला मंगल बाजार निवासी समीर पुत्र कल्लू, तनवीर पुत्र मुन्ना, अनस पुत्र अकरम, अमन पुत्र अकरम एवं तैय्यब पुत्र नदीम भीषण गर्मी में मौज मस्ती के इरादे से गंगा नदी में नहाने गए थे । शुक्रवार का दिन छुट्टी का होता हैं। मीरापुर खादर में गंगा किनारे बाइक खड़ी करके पांचो साथी नहाने का आनंद ले रहे थे । काफी देर उन्होंने गंगा में डूबकियां लगाई और पानी में अठखेलियां की । इसी बीच उनकी मौज मस्ती तब जी का जंजाल बन गई जब दो साथी समीर (17 वर्ष) पुत्र कल्लू व तनवीर (16 वर्ष) पुत्र मुन्ना गंगा में डूब गए। वह अचानक गंगा की तेज धारा मे बह निकले । यह नजारा देख कर उनके साथ नहा रहे तीनों साथियों के हाथ-पैर फूल गए। घबराहट में तीनों साथी गंगा से बाहर निकल आए और अपने साथियों की जान बचाने के लिए ग्रामीणों को मदद के लिए पुकारने लगे । उनकी चीख चिल्लाहट पर तुरंत ग्रामीण गंगा में कूद पड़े। किन्तु तब तक डूबे युवक उनकी पकड़ से दूर निकल चुके थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह और प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज भी मौके पर पहुंच गये थे । उनके आदेश पर गोताखोरों ने डूबे युबकों को भारी मेहनत मशक्कत के बाद खोज निकाला और मरणासन अवस्था में उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया । किन्तु वहां पहुंचने से पहले ही दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया । इस घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया और कस्बे में शोक लहर दौड़ गई।

दोस्तों के साथ नहाने गया युवक रामगंगा नदी में डूबा

डूबने से परिजनों में मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। अपने दोस्तों के साथ नहाने गए एक बीस वर्षीय युवक रामगंगा नदी स्थित भिक्कवाला घाट पर डूबने से परिजनों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी धर्मेश (20 वर्ष) पुत्र जयगेंद्र शुक्रवार की शाम दोस्तों के साथ नहाने के लिए रामगंगा नदी स्थित भिक्कावाला घाट पर गया था की



नहाने के दौरान युवक के डूबने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी व थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने रामगंगा नदी में डूबे हुए युवक के बारे में घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों से जानकारी हासिल की। समाचार लिखे जाने तक गोताखोरों की मदद से रामगंगा नदी में डूबे युवक की तलाश जारी थी। परिजनों सहित ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला तथा आसपास के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में भिक्कावाला घाट पर मौजूद है। युवाओं का नदियों में नहाने का शौक मौत के मुंह में ले जा रहा है परंतु युवा वर्ग नदियों आदि में नहाने से बाज नहीं आ रहा है। लगातार डूब कर हो रही मौतों से भी युवा वर्ग सबक नहीं दे रहा है।

नूरपुर के आकिब को दस वर्ष की कैद

बिजनौर। न्यायालय स्पेशल जज पोक्सो एक्ट ने थाना नूरपुर के मुकदमा अपराध संख्या 21/2020 धारा 363 व 376 आईपीसी एवं चार पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त आकिब पुत्र भूरे खा निवासी ग्राम गौहावर जैत को दस वर्ष के कठोर कारावास तथा 35 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बेटे के साथ मिलकर की थी शगुफ्ता ने शहजाद की हत्या

शगुफ्ता को पुलिस ने पकड़ा, सलीम के घर दबिश

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडावर। संदिग्ध परिस्थितियों में शहजाद की मौत का मामला खुल गया है। मृतक की पत्नी शगुफ्ता उर्फ खुशनूदा ने ही अपने पुत्र अम्मार के साथ मिल कर शहजाद की हत्या की थी। शगुफ्ता को पुलिस ने हिरास्त में ले लिया है। जबकि अम्मार व मृतक के साढ़ू सलीम की तलाश जारी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला शाहविलायत निवासी शहजाद उर्फ बाबू (50 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ अपने ही मकान में रहता था। जबकि उसके दोनों पुत्र बाहर रहकर काम करते हैं। मंगलवार की सुबह शहजाद उर्फ बाबू के घर से बाहर न निकलने पर मौहल्लेवासियों ने सुबह उसके मकान का दरवाजा खोल कर देखा, तो शव नीचे के कमरे में चारपाई पर पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। जबकि उसकी पत्नी ऊपर बने कमरे पर थी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर परिजनों व मौहल्लेवासियों से घटना के बारे में जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मौहल्लेवासियों का कहना है कि शहजाद की हत्या की गई है। पिछले कई दिनों से दोनों पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। शहजाद की जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, तो वह चौंका देने वाली थी। रिपोर्ट में चेहरे पर चार जगह एवं कमर पर एक जगह चोट बताई गई है। साथ ही दम घुटने से मौत का मामला भी सामने आया है।

इस संबंध में मृतक के भतीजे हिफजान अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी मौहल्ला काजियान ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें आशंका जताई गई है कि यह हत्या उनकी पत्नी शगुफ्ता परवीन व पुत्र हम्माद व अम्मार और उनके साढ़ू मौहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद अनीस निवासी मौहल्ला काजियान, अकबराबाद, थाना कोतवाली देहात के द्वारा की गई है। इससे पूर्व में भी एक माह पहले रात में गला दबा कर मारने का प्रयास किया गया था। इसमें जान बचाकर थाने गए थे। पुलिस ने मौहम्मद सलीम को थाने लाकर रात भर बैठाया था और सुबह छोड़ दिया था। सुनियोजित रंजिश के तहत संपत्ति विवाद के कारण हत्या की गई है। कुछ समय पूर्व मेरे चाचा शहजाद अहमद ने एक समाचार पत्र में सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि वह अपने पुत्रों को सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है तथा उन्हें कोई हिस्सा नहीं देंगे। संभवत: इसी रंजिश के कारण उनके पुत्रों ने उन्हें मार डाला। हिफजान ने विस्तृत जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की थी।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने शगुफ्ता को अपनी हिरास्त में ले लिया है। जबकि मृतक के साढ़ू मौहम्मद सलीम पुत्र मौहम्मद अनीस निवासी मौहल्ला काजियान, अकबराबाद, थाना कोतवाली देहात की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश दी है। मृतक का पुत्र अम्मार फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। मृतक का बड़ा पुत्र हम्माद विदेश में रहता है।

समर कैंप में सृजनात्मक प्रतियोगिताएं

आरजेपी में छात्रों ने बनाई सुंदर रंगोली

शाह टाइम्स संवाददाता

बिजनौर। राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव के आदेशानुसार एवं प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल के निर्देशन में समर कैंप के तीसरे दिन छात्रों को व्यायाम रंगोली मिट्टी कला एवं रस्साकसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा समर कैंप का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक सृजनात्मक क्रियात्मक एवं बोधात्मक ज्ञान का विकास करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार राजपूत, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, मनोज कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, करणवीर सिंह, प्रधान लिपिक राजेंद्र कुमार, कनिष्ठ लिपिक अनुराग अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

स्योहारा के बदमाश अकबर को कोर्ट ने सुनाया कारावास

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। न्यायालय सीजेएम ने चोरी के आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश अकबर को एक वर्ष 11 माह के कारावास एवं साढ़े नौ हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने आठ मई 2023 को स्योहारा थाने में तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्त ने वादी की दुकान के गल्ले से नकदी चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 457, 380 व 427 आईपीसी में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस बीच 27 जून 2027 को वादी ने स्योहारा थाने में तहरीर दी कि अकबर पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला मंसूर सराय सहित दो अभियुक्तों ने उसके घर में रखे बैग में से नकदी, आभूषण व दो मोबाइल चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। पूर्व में दर्ज रिपोर्ट में भी अभियुक्त अकबर का नाम प्रकाश में आया था। विवेचना के बाद पुलिस ने दोनों अभियोगों में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय सीजेएम ने आज अभियुक्त अकबर पुत्र बाबू को एक वर्ष 11 माह के कारावास एवं साढ़े नौ हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अकबर स्योहारा थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

अर्थदण्ड से भी दण्डित

एक नजर

मण्डावर में किशोर को पकड़ा

बिजनौर। मण्डावर पुलिस ने एक किशोर को पकड़ा है। उसके पास से बिना नम्बर प्लेट की बाइक व हथियार बरामद किया गया है।

नगीना देहात में दो अरेस्ट

बिजनौर। नगीना देहात पुलिस ने ग्राम टांडा माईदास निवासी दीपचंद पुत्र पतराम व अमित पुत्र दीपचंद को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला व उसकी पुत्री पर जान लेवा हमला किया है।

अफजलगढ़ में पुलिस का फ्लैग मार्च

अफजलगढ़। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार को व्यापक फ्लैग मार्च, पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल ने पैदल मार्च किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी, वाहनों की सघन जांच तथा शराब की दुकानों की औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई वाहनों का चालान भी किया क्षेत्राधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सेवा और सुरक्षा के लिए लगातार तत्पर है, और इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। इस दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें कानून व्यवस्था के प्रति जागरूक किया और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

पोस्टमार्टम में हार्टअटैक से मौत

हल्दौर। नगर के मोहल्ला खेड़ा निवासी गोविंद सिंह के पुत्र अजय कुमार का विवाह करीब आठ साल पहले थाने के ही गांव गाजीपुर निवासी ब्रजेश कुमार की बेटी शिवानी के साथ हुआ था। नगरवासियों के अनुसार युवक पुणे में रहकर मजदूरी करता था। युवक के दो बेटे है। महिला करीब एक साल से अपने पीहर में रह रही है। युवक पुणे से सोमवार को अपने घर पहुंचने के बाद पत्नी को लेने ससुराल चला गया। पत्नी ने साथ आने से मना कर दिया। दोनों दंपती के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि युवक के ससुराल वालों ने उसके साथ बुरी तरह मारा। युवक किसी तरह अपने घर पहुंचा। परिजन उसकी हालत बिगड़ी देख चिकित्सक के यहां ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बुधवार को थाने पहुंचे और ससुराल पक्ष में मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत होना बताया जा रहा है।

नगर में सफाई अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

नूरपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी बरशात को ध्यान में रखते हुए नगर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान नगर पालिका के अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों द्वारा नालियों में जमा कचरे व मलबे की सफाई की जा रही है। पिछले एक सप्ताह से नगर में साउंड सिस्टम के माध्यम से सचिन कुमार शर्मा द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वे नालियों पर रखे गए सामान को स्वयं हटा लें। अधिकारी मिश्रा ने जानकारी दी कि बरसात से पहले सभी नालियों की सफाई अनिवार्य रूप से की जाएगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी चेता. वनी दी कि जिन लोगों ने नालियों पर अवैध रूप से निर्माण किया है या अपना सामान रखा है, वे उसे तुरंत हटा लें। वरना उनके खिलाफ नगर पालिका द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से उसे हटाया जाएगा और उसकी कोई जिम्मेदारी नगर पालिका की नहीं होगी। इस दौरान सफाई निरीक्षक उमेश कुमार (कला व खुर्द), पर्यवेक्षक सचिन कुमार एवं सफाई कर्मचारी रवी कुमार, हिमांशु, ओमकुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कई स्थानों पर सफाई कर्मियों को जनता के विरोध और नाराजगी का भी सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद नगर में सफाई अभियान जारी है।

विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित

घंटों रहा जसपुर मार्ग बाधित, भारी परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। बुधवार की देर रात गुरुवार को अफजलगढ़ कस्बे के बिजली घर के सामने एक विशाल. काय लिप्टिस का पेड़ अचानक बिजली की मुख्य लाइन पर गिर गया। जिससे नगर सहित पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई और बस्ती में अंधेरा छा गया।

गौर करने वाली बात यह रही कि पेड़ गिरने के समय मौसम पूरी तरह शांत था और कोई आंधी या तेज हवा भी नहीं चल रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त पेड़ काफी समय से जर्जर स्थिति में था, जिसकी सूचना कई बार विभाग को दी जा चुकी थी, लेकिन लापरवाही के चलते इस पैड़ को समय रहते नहीं हटाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि लाइन बदलने का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

बस्तीवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि ऐसे जर्जर पेड़ों को चिन्हित कर समय रहते हटाया जाए, नगर वासियों का कहना है और ऐसे कई लिपटिस के पेड़ जर्जर हालत में खड़े हुए यदि समय रहते हुए ऐसे पेड़ों को नहीं काटा गया तो भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है।

टाइगर ने गाय को निवाला बनाया

कालागढ़। पुराना कालागढ़ वन चौकी के निकट ट्रांसफार्मर के पीछे एक चारा चर रही गाय को टाइगर ने अपना निवाला बना लिया। दिन प्रतिदिन कालागढ़ के आसपास खेतों में टाइगर गुलदार की चहल कदमी बढ़ती दिखाई दे रही हैं। क्षेत्र में टाइगरों की चहल कदमी बड़ जाने से ग्रामीणों ने अपने पशुओं को टाइगर के भय के कारण खूंटे पर ही बांध दिया है। घर के खूंटे पर पशुओं को बांधने के करण पशुओं के लिए चारे का संकट पैदा हो गया। वही ग्रामीणों का कहना है कि अगर पशुओं को घरों के बाहर या खेत में छोड़ते है। तब टाइगर का जानवरों पर अत्यधिक हमला करने का भय बढ़ जाता है। इस भय के कारण किसानों ने अपने पशुओं को घरों के भीतर बांध लिया है।

झालू में सैनिकों के सम्मान में शौर्य तिरंगा यात्रा

सिंदूर की ललकार आतंकवाद का संहार

शाह टाइम्स संवाददाता

झालू। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में नगर पंचायत झालू के चेयरमेन लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार प्रात: दस बजे नगर पंचायत कार्यालय पर लोकेंद्र चौधरी के बुलावे पर कस्बे के सर्व समाज के लोग की बड़ी भीड़ जमा हो गई, जहां से नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौहान के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से आरम्भ हुई। यह तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से नहटौर रोड, टंकी कंपाउंड, पुराना डाकखाना, मेन मार्केट, छतरी वाला कुंआ, रामलीला ग्राउंड, पुलिस चौकी, इस्लामाबाद व तिराहे से होती हुई, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद आदि नारों के साथ नगर पंचायत कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने शौर्य व पराक्रम का जो परिचय दिया है। उसको हम नमन करते हैं और जो सैनिक शहीद हुए हैं। उनको हम श्रद्धांजलि देते हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेना के सभी उच्च अधिकारियों विशेष रूप से कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की प्रशंसा करते हुए।

उन्होंने कहा कि जो उन्होंने अपनी बहादुरी का परिचय दिया है। इस से भारत और भारत की बेटियों की शान बढती है। हमें भारत की सेना और उनका नेतृत्व करने वाले सभी पर गर्व हैं । उन्होंने कहा यदि भारत माता को हमारी किसी भी तरह से जरूरत पड़ती है, तो हम अपने लहू का एक-एक कतरा बहाने के लिए हर समय तैयार रहेंगे और दुश्मनों और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। इसी के साथ-साथ उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी कस्बे वासियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

तिरंगा यात्रा को सफलता दिलाने में सुरेश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, सूरज प्रधान, सभासद अब्बास ठेकेदार, अमर सिंह, रणवीर सिंह, सभासद मौहम्मद काशिफ, सभासद सौरभ गुप्ता, कर्मेंद्र सिंह, सभासद मौहम्मद फुरकान, कपिल जोशी, अनिल बाबू, घनश्याम सिंह, मौहम्मद शादाब, रंजीतकुमार, मौहम्मद नवेद अरुण चौधरी, गौरव चौधरी, नसीम अहमद, मौलाना वसीम उल हसन, अनुराग जोशी, मास्टर एहसान ठेकेदार, पुन्नू चौधरी, बिट्टू जोशी, नितिन, मास्टर गिरिराज सिंह, प्रिंस चौधरी, सुमित चौधरी, शगुन अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, और कस्बे के अनेक सम्मानित लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान पुत्र की इंडिया पोस्ट मैन जीडीएस में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी कर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

गौरतलब है कि ठगो द्वारा दिन-प्रतिदिन नए-नए षड्यंत्र रचकर सीधी-सादी जनता को ठगा जा रहा है। लालच में आकर लोग भी ठगों के हाथों धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही ठगी का एक मामला प्रकाश में आया है। बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगों के हाथों शिकार हुए थाना क्षेत्र गांव सुआवाला के ग्राम प्रधान पति वकील अहमद पुत्र नसीम अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि लगभग छह माह पूर्व मौहम्मद शाकिर पुत्र साबिर हुसैन निवासी ग्राम फतेपुर विश्नोई थाना अगवानपुर जनपद मुरादाबाद उनके पास आया और कहा की मैं आपके लड़के मौहम्मद कासिब की इंडिया पोस्ट मैन जीडीएस में सरकारी नौकरी लगवा दूंगा। इस समय उसमे भर्ती चल रही है। जिसपर उसके द्वारा शाकिर को अपने बेटे के सभी काग. जात दे दिए और उक्त व्यक्ति ने बताया की कुछ दिन बाद आपके लड़के की मेल आईडी पर जइंट लेटर आ जायेगा और फिर उक्त व्यक्ति ने तय शुदा रकम में से कुछ पैसे मांगे जिसपर उसने 26 जनवरी 2024 को पंन्द्रह हजार रुपये, 09 फरवरी 2024 को एक लाख रुपये, 10 फरवरी 2024 को पचास हजार रूपये, 14 फरवरी 2024 को पचास हजार रुपये, 15 फरवरी 2024 को तीस हजार रुपये, 23 फरवरी 2024 को दस हजार रूपये उपरोक्त मौहम्मद शाकिर नामक व्यक्ति के मोबाइल पर डाल दिए 25 फरवरी 2024 का उक्त व्यक्ति ने एक मेल भिजवाया कि आपको एसपी ऑफिस बिजनौर में अपना चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन कराना है।

वकील अपने बेटे को लेकर तय शुदा तारीख को एसपी कार्यालय बिजनौर पहुंच गए। परन्तु उक्त व्यक्ति बिजनौर नहीं आया फिर बोला की आप मुझे कुछ पैसे और भेजो जो मुझे ऊपर इण्डिया पोस्ट विभाग में जमा कराने है। उसके बाद नौकरी लगेगी फिर प्रार्थी ने 03 मार्च 2024 को दस हजार रूपये, 10 मार्च 2024 को पंद्रह हजार रूपये कुल दो लाख अस्सी हजार रुपये भेज दिए वकील अहमद द्वारा मौहम्मद शाकिर के कहे अनुसार पुरे पैसे भेज दिए जब उसने अपने बेटे की नौकरी लगवाने की बात कही तो उक्त व्यक्ति बार बार टालता रहा अब आकर उसने पैसे देने को मना कर दिया व धमकी देने लगा की ना मैं पैसे दूंगा और ना ही नौकरी लगवाऊंगा जो हो तुमसे मेरा कर लेना और मैं तुम्हे अपने यहाँ किसी भी फर्जी मुकदमे में फंसा दूंगा। उक्त व्यक्ति मुंह जोर, झगड़ालू दबंग किस्म का व्यक्ति है।

पुलिस ने पीड़ित वकील अहमद की तहरीर के आधार पर उपरोक्त मौहम्मद शाकिर पुत्र साबिर हुसैन के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420, 406, 506 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू करदी है। सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने बताया कि ने शातिर ठग मौहम्मद शाकिर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

अनियमित्ताएं बरतने वालों के चालान काटे

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। जनपद भर में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ दिन प्रतिदिन लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर सड़क दुघर्टना की रोकथाम हेतु जनपद के साथ-साथ स्थानीय थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान युद्ध स्तर पर चलाए जा रहा है।

पुलिस ने शुक्रवार को दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारियों, बिना हेलमेट तथा नाबालिग बाइक चालकों को लेकर पुलिस ने हरेवली लिंक मार्ग तिराहा पर सख्ती के साथ चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थाना प्रभारी सुमित कुमार राठी प्रात: आठ बजे से ही सड़क पर उतर आए तथा दुपहिया तथा चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए तथा अनियमितताएं बरतने वालों के चालान काटे गए।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के कालागढ़ मार्ग, हरेवली लिंक मार्ग, नेशनल हाईवे फोर लाइन धामपुर मार्ग, सुआवाला जटपुरा मार्ग, भूतपुरी जसपुर मार्ग पर वर्ष 2025 के मात्र पांच माह में लगातार हुई। सड़क दुर्घटनाओं में दर्जनों की संख्या में अपनी जान गंवा बैठे हैं। जिनका दोपहिया वाहन पर नशे की हालत में तथा हेलमेट ना पहनकर वाहनों को चलाने का मुख्य कारण रहा है पुलिस प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद भी दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहनों को चलते हैं। विशेषकर युवा वर्ग व नाबालिग बाइक चालक बिना हेलमेट लगाए तीव्र गति से वाहनों को चलते हैं। दुर्घटना ग्रस्त होने पर अपनी जान गंवा बैठते हैं। इसके जिम्मेदार परिजन हैं जो अपने परिवार के बच्चों के प्रति लापरवाह होते हैं कि वह बेवजह वाहनों पर घूमने पर अंकुश नहीं लगा पाते हैं।

पारदर्शिता से करें राशन वितरण : ब्लॉक प्रमुख

आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसो. की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। विकास खंड के सभागार मे आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन विकासखंड आंकू शाखा की आयोजित बैठक में शुक्रवार को संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार ने डीलरों से आह्वान करते हुए कहा कि अपनी समस्याओं के प्रति जागरूक रहकर संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहे।

ब्लॉक सभागार में ब्लॉक आंकू की आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार अहलावत ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में आज संगठन की बहुत बड़ी भूमिका है। साथ ही संगठन के माध्यम से बड़ी-बड़ी समस्याओं का हाल आसानी से होता है। साथ ही समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक डीलर जागरूक रहे, किसी भी अधिकारी के दबाव में अपना उत्पीड़न न होने दे, कोई भी अधिकारी उत्पीड़न करने का प्रयास करता है उस अधिकारी के बारे में तत्काल संगठन को बताएं। संगठन अधिकारी के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए रणनीति बनाकर मोर्चा खोला जाएगा। किसी के भी दबाव में आने की आवश्यकता नहीं है।

इस अवसर पर ब्लॉक के अध्यक्ष पद के लिए अली हसन पुत्र साबिर हुसैन ग्राम फुलसन्दा हीरा को ब्लॉक का संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया तथा कार्यकारिणी शीघ्र ही गठन करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, खालिद अहमद, जमालुद्दीन अंसारी, हाजी खुर्शीद, नरेंद्र सिंह, राम मूर्ति, अशोक कुमार, शमशीदा, सुधा देवी, सुमन देवी ,उपेंद्र आदि डीलर मौजूद रहे। इस अवसर पर बैठक के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने राशन डीलरों को पारदर्शिता के अनुसार राशन बांटने का आह्वान किया।

सहकारी समिति के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

तीन प्रतिशत ब्याज किए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। क्षेत्रीय किसानों ने सहकारी समिति द्वारा तीन प्रतिशत ब्याज के स्थान पर सात प्रतिशत ब्याज दर करने को सहकारी समिति के कार्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया ।

किसान सेवा सहकारी समिति कासमपुरगढ़ी कार्यालय अफजलगढ़ में किसानों द्वारा समिति द्वारा किए गए सात प्रतिशत ब्याज का विरोध प्रदर्शन करते हुए समिति पर जमकर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को एसडीएम धामपुर को पत्र भेज कर पूर्व से चला रहे हैं। तीन प्रतिशत ब्याज किए दिए जाने की मांग की।

शुक्रवार को किसान सेवा सहकारी समिति कासमपुर गढ़ी के कार्यालय अफजलगढ़ में किसानों ने समिति द्वारा दिए जा रहे कर्ज पर ब्याज तीन से बढ़कर सात ब्याज दर किए जाने की मांग करते हुए समिति कार्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि समिति के कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा बिना आदेश के किसानों को बिना बताए अचानक से तीन प्रतिशत की जगह सात प्रतिशत ब्याज कर दिया गया है। जो नियम विरुद्ध है। उसे तुरंत वापस लिया जाए किसानों ने बताया कि समिति द्वारा एक अप्रैल से तीस जून तक ज्यादातर किसानों ने तीन प्रतिशत की दर से अपना कर्ज जमा कर दिया है। उनका कहना है कि बचे हुए किसानों का भी तीन प्रतिशत की दर से ब्याज जमा किया जाए। उन्होंने बताया कि नए सत्र में समिति द्वारा ऋण देने से पहले यह बताया जाए कि उनको कितने परसेंट ब्याज की दर पर कर्ज दिया जा रहा है। तथा इसकी जागरूकता किसानों को दें। वही किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व एसडीएम धामपुर के नाम एक पत्र रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों में डायरेक्टर रजनीश चौहान, डायरेक्टर अवनीश चौहान,पूर्व डायरेक्टर जगदीश सिंह उर्फ जीतू, सुन्दर चौहान, बलराम सिंह, जसवंत सिंह, हेतराम सिंह, नितिन कुमार, मोंटी कुमार, मोहित कुमार, जसपाल सिंह, दिनेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, रामप्रकाश सिंह, टिकम सिंह, विरेन्द्र सिंह, माहीपाल तथा कल्लू सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज, पति गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचन्द निवासी एक विवाहिता के संग्दिध परिस्थितियों में झुलस जाने को लेकर उसके पिता ने अपनी पुत्री को मारपीट कर जलाकर जान से मारने की नियत से पति, सास, नन्द सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा व थाना स्योहारा के मौहल्ला हयातनगर निवासी हनीफ पुत्र बुन्दू ने पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी पुत्री हिना परवीन की शादी तीन वर्ष पूर्व गांव सीरवासुचन्द (कासमपुरगढ़ी) थाना अफजलगढ़ निवासी वसीम पुत्र शाहिद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज की मुताबिक हुई थी। शादी के बाद पुत्री हिना ने एक पुत्री अबीर को जन्म दिया था। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी पुत्री को परेशान कर उत्पीड़न कर रखा था। बृहस्पतिवार को सुबह सात बजे के करीब उसकी पुत्री हिना परवीन को उसके पति वसीम पुत्र शाहिद निवासी ग्राम कासमपुरगढ़ी, उसके खालू नईम निवासी कोतवाली देहात,नन्द शाहिदा निवासी गांव मिर्जापुर थाना शेरकोट तथा सास लाडो पत्नी शाहिद ने मिलकर जला डाला। घटना की सूचना पीड़ित को पुत्री हिना के पड़ोसियों ने दी। पीड़ित द्वारा 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुत्री हिना को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पति सास नन्द सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि पीड़ित हनीफ निवासी मौहल्ला हय्यादनगर कस्बा स्योहारा की तहरीर पर पति वसीम, सास लाडो निवासी गांव कासमपुरगढ़ी थाना अफजलगढ़ व खालू नईम निवासी कोतवाली तथा नन्द शाहिदा निवासी गांव मिर्जापुर थाना शेरकोट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शुक्रवार को इस मामले में वांछित आरोपी पति वसीम पुत्र शाहिद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

भारतीय समाज में महिलाओं को आज भी कमजोर वर्ग में शामिल है महिलाओं को परिवार की आधारशिला माना जाता है। आज भी महिलाओं को पुरुषों के मुकाबला कानूनी एतबार से अधिक सम्मान मिलता है । पूर्व के जमाने में महिलाएं आदर्श गृहणी के रूप में पूरे परिवार को एकजुट रखकर संचा. लित किया करती थी। आहिस्ता आहिस्ता जमाना बदलता गया। महिलाओं की आजादी भी बढ़ती गई। मौजूदा दौर में नव विवाहित महिलाओं के दांपत्य जीवन में समस्याएं बढ़ती चली जा रही हैं। अब तो हालत यह है की शादी के चन्द माह बाद से ही परिवार बिखराव के कगार पर पहुंच जाता है।

करुणा चौहान ने समर कैंप में आए बच्चों का उत्साहवर्धन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

रेहड़। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला स्थित संविलियन विद्यालय में चल रहे समर कैंप के दूसरे दिन गुरुवार को विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान ने बच्चों के बीच मनोरंजक एक्टिविटीज में शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें बिस्कुट आदि वित. रित किए।

बीते बुधवार से स्कूलों में चल रहे समर कैंपों में बच्चे आनंदपूर्वक भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में अफजलगढ़ ब्लॉक के ग्राम नारायणवाला स्थित संविलियन विद्यालय में शिक्षामित्र राजपाल सिंह व अनीता देवी द्वारा बच्चों को ज्ञानवर्धक व मनोरंजक एक्टिविटीज कराई जा रही हैं। कैंप के दूसरे दिन गुरुवार को बच्चों के बीच उपस्थित हुई स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान ने बच्चों के साथ शिक्षाप्रद मनोरंजक गतिविधियों के साथ कैंप की महत्ता पर प्रकाश डाला और बच्चों को बिस्किट बांटकर उन्हें कैंप में बने रहने हेतु प्रेरित किया।

आज बाधित रही विद्युत आपूर्ति

किरतपुर। विद्युत वितरण उपखंड किरतपुर के अंतर्गत आने वाले 33/11 के.वी. उपकेंद्र पाड़ला पर बिजनेस प्लान 2023-24 के अंतर्गत आवश्यक रख-रखाव और सुधार कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए उपकेंद्र को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक शट डाउन किया जाएगा। इस दौरान रोटेशन के अनुसार विद्युत आपूर्ति को बाधित किया जाएगा। उपकेंद्र पाड़ला से संबंधित सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से ठप रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और किसी भी असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1918

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री इन्तेसाब अली पुत्र इल्तेमास अली नि. मौहल्ला अंसारियान, परगना किरतपुर, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में स्थित मौहल्ला अन्सारियान किरतपुर में अपना नाम अंकित किए जाने हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिसमें उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र के साथ श्री मौहम्मद खालिद व मौहम्मद राशिद पुत्रगण श्री शमीम अहमद व श्रीमती नईमा पत्नी श्री शमीम अहमद नि. गण मौहल्ला अंसारियान, किरतपुर द्वारा श्री इन्तेसाब अली पुत्र श्री इल्तेमास अली नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर की छाया प्रति प्रस्तुत कर अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड के मौहल्ला अंसारियान में दर्ज कराने की प्रार्थना की है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम दर्ज करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वत: ही निरस्त माना जायेगा।

विवरण: सम्पत्ति कुल क्षेत्रफल 43.08 वर्ग मी (आवासीय) वाके मौहल्ला अंसारियान किरतपुर, परगना कितरपुर, बिजनौर।

अधिशासी अधिकारी

एक नजर

भाजपाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

अफजलगढ़। जम्मू कश्मीर स्थित पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर शुक्रवार को भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा नगर मौहल्ला बेगम सराय स्थित भाजपा कार्यालय से प्रारम्भ हुई। पूर्व चेयरपर्सन पति एडवोकेट, सलीम अंसारी के नेतृत्व में नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इसी दौरान भारतीय सेना के साहस, बलिदान और पराक्रम को नमन किया गया। सलीम अंसारी ने कहा कि आज हमारी सेना का जोश, जज्बा उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। तकनीकी व मानसिक तौर पर मजबूत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों की पर हमला कर पहलगाम की घटना का बदला ले लिया। भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद व आतंकियों को तबाह करने का काम किया। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने देश भक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर सलीम अंसारी एडवोकेट के अलावा शरद कर्णवाल, मलकीत सिंह, मुकेश कुमार मुन्ना, नजाकत कुरैशी, भीम सिंह रावत, खेल सिंह राजपूत, इसरार कस्सार, महेश बंजारा, याकूब कुरैशी, सुनील कुमार, वसीम अंसारी आदि भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

किसान गोष्ठी का आयोजन

अफजलगढ़। क्षेत्र के गांव सुभाषनगर में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें द्वारिकेश शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक डॉ. रजनीश कुमार ने किसानों को लाल सड़न सहित रेड राट, गन्ने में लगने वाली अन्य बिमारियों के लक्षण तथा रोकथाम के बारे में जानकारी दी। साथ ही गन्ने की नई प्रजातियों की बुआई पर जोर दिया। गोष्ठी में गन्ना महाप्रबंधक डॉ. रजनीश व अतिरिक्त गन्ना प्रबंधक अनिल कुमार ने लाल सड़न सहित रेड रॉट एवं गन्ना फसल में लगने वाली अन्य बीमारियों की पहचान तथा उनके रोकथाम के उपाय के बारे में विस्तृत रुप से बताया। किसान गोष्ठी में चीनी मिल के दोनों गन्ना अधिकारियों ने किसानों को जागरूक किया है कि यदि अपने गन्ना फसल में लाल सड़न रेड रॉट रोग के प्राथमिक लक्षण आना प्रारम्भ हो गये है। तथा चोटी बेधक टॉप बोरियर कीट व काला चीटा का प्रकोप भी दिखायी दे रहा है। अपने गन्ना फसल में लाल सड़न सहित रोग की रोकथाम हेतु प्रभावित क्लम्प को उखाड़कर नष्ट कर दें। तथा पांच ग्राम ब्लीचिंग पाउडर प्रति क्लम्प डालने के उपरांत हेक्सास्टॉप या आजाका डुओ 160 मि.लि. प्रति एकड़ की दर से ड्रेन्चिंग कर दे व चोटी बेधक कीट के नियंत्रण हेतु 150 मि.लि.कोराजन नेटजन अरासी प्रति एकड़ की दर से ड्रेन्चिंग कर दे। जो चीनी मिल द्वारा 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करायी जा रही है।

संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सलमान खान व उसकी पत्नी शाहीन बानो को उनके बुरे बर्ताव के कारण अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

मौ. खालिक पुत्र असगर अली निवासी ग्राम जमालपुर बांगर, तहसील व थाना नगीना, जिला बिजनौर।

भाकियू की विशेष पंचायत सम्पन्न

अफजलगढ़। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की विशेष पंचायत राजपूताना पैलेस वादिगढ़ में संपन्न हुई।

पंचायत में बिजली विभाग से संबंधित एवं सहकारी कोऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा किसानों द्वारा समिति से लिए गए ऋण पर तीन प्रतिशत से बड़ा सात प्रतिशत ब्याज किए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत तत्वावधान में ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में किसानों ने विरोध जताया। किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव रमेश चंद्र शेखावत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्कालीन तीन प्रतिशत प्रतिशत ब्याज लागू किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि किसानों से ब्याज जमा करने के लिए 500 रुपये घूस लिए जा रहे हैं। किसानों को सभी विभागों के अधिकारी लूट रहे हैं। पंचायत की अध्यक्षता डॉ. राजपाल सिंह व संच. लन ब्लॉक उपाध्यक्ष सरदार गुर. विंदर सिंह ने किया।

पंचायत में अफजलगढ़ क्षेत्र के किसान एवं भाकियू के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने भाग लिया।

धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

नूरपुर। मिशन सिंदूर की सफलता को लेकर मुरादाबाद रोड से बड़ी ही धूमधाम के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में सभी धर्मों के लोग ने शामिल होकर एकता भाईचारे का सबुत दिया।

तिरंगा यात्रा में देश भक्ति गीतों के साथ हाथों में तिरंगा लहराते हुए हिन्दूसतान जिंदाबाद के नारों से आसमान गुंज उठा। सभी धर्मों के लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में जगह जगह फूल की पुष्प वर्षा हुई। तिरंगा यात्रा चांदपुर तिराहा शहीद चौक पहुंचने पर तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ बोबी ने कहा है कि मिशन सिंदूर की सफलता के लिए सभी धर्मों के लोग एक साथ खड़े है। भारत ने पाकिस्तान को उसी के घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है। बहन सुफिया कुरैशी ने देश की महिलाओं का सिंदूर का बदला लेकर देश का जो सम्मान बढ़ाया है। देश का हर नागरिक उनके इस सम्मान को हमेशा याद रखें गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी सिंह ने कहा है कि देश की सेना ने मिशन सिंदूर की सफलता ने देश का सर ऊंचा किया। हर देश वासियों को देश की सेना पर नाज है। सभी धर्मों के लोगों ने अपनी एकता भाईचारे की वजह से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री महावीर सिंह, सीपी सिंह, महीला आयोग की सदस्य अवनी सिंह चौहान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, हरजीत कौर, धर्मेंद्र जोशी, मंडल अध्यक्ष, निशांत कर्णवाल, पुष्पेंद्र शेखावत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जुगनू चौधरी, नवनीत चौहान, संदीप जोशी, तसलीम अहमद, इदरिसी मौलाना, गुलाम नबी, डॉ. जावेद इदरिसी, हाजी शाहनवाज सिद्दीकी, सरदार राजू, प्रिंस शाहनवाज मलिक, वरिष्ठ भाजपा प्रयमनु गुप्ता, मुकुल गुप्ता, राजीव जोशी आदि मौजूद थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसके बाद मृतका के मायके वालों ने उसके पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मधोरा निवासी सीमा पत्नी अर्जुन ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि उसके पति ने मुंबई में दूसरी शादी कर रखी थी और वह उसे अपने

मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

साथ मुंबई ले जाना चाहता था, लेकिन महिला ने मना कर दिया था। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था, जिसके बाद महिला ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। पुलिस ने मृतका के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के एक पुत्र और एक पुत्री हैं। मृतका का पति लगभग 5 वर्षों से मुंबई में ड्राइवर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नागरिक जन कल्याण सेवार्थ समिति की बैठक

गीतों, कविताओं व विचारों का आदान-प्रदान

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। विगत दिवस जैन धर्मशाला बिजनौर में नागरिक जन कल्याण सेवार्थ समिति बिजनौर की साधारण सभा की एक बैठक आयोजित की गई। सभा का शुभारंभ ईश वंदना के साथ किया गया। समयबद्धता का पुरस्कार सत्य प्रकाश रस्तौगी को प्रदान किया गया। एक अतिरिक्त पुरस्कार सर्वप्रथम सभा में उपस्थित होने वाले इंजी.पंडित मंगू लाल भारद्वाज को कोषाध्यक्ष द्वारा दिया गया।

बैठक में अध्यक्ष द्वारा विगत बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई, जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इस अवसर पर मधुर भजनों की श्रृंखला में श्रीमती शांति दुबे द्वारा बांसुरी वाले सांवरिया जीवन है तेरे हवाले..., श्रीमती मीरा शर्मा ने भक्ति गीत संगत कभी-कभी दौलत की साधना...., श्रीमती करुणा रस्तोगी द्वारा मैंने ओढ़ ली चुनरिया...., मीरा शर्मा व दीपा शर्मा निवासी मेरठ द्वारा सनातनी भक्ति गीत हम हिंदू जगाने आए हैं की सुंदर प्रस्तुति दी गई। श्रीमती शशि जैन ने हिंदू संस्कृति का बोध कराया। हाऊजी खेल प्रतियोगिता में प्रथम पांच नंबर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नए सदस्य के रूप में श्रीमती शीला खन्ना तथा महेश कुमार द्वारा सदस्यता ग्रहण की गई। समिति ने उन्हें धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। तदोपरांत अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्य एक परिवार के सदस्य के जुड़ने संदर्भ में प्रकाश डाला गया। वैद्य अजय गर्ग द्वारा गत वर्षो की भांति इस वित्तीय वर्ष में हाई स्कूल व इंटर में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। डॉ. एनके अग्रवाल ने सुझाव रखा कि गरीब बच्चों को कुछ कार्य कराए जाने के लिए संस्था की ओर से योजना बनाई जाए। गुरुकुल कन्या विद्यालय तथा ब्रज गौशाला नवलपुर बैराज में संबंध धन किस प्रकार व्यय किया जाए, इसके लिए सुझाव मांगे गए। बैठक में योग क्रिया के अंतर्गत कर्म योग एवं भक्ति योग के विषय में चर्चा की गई। समिति के कोषाध्यक्ष के.के. खन्ना ने पहलगाम हमले में आतंकवादियों द्वारा 26 हिंदू पर्यटकों की हत्या का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा सिंदूर ऑपरेशन चलाए जाने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन के तहत आतंकवादियों के अड्डे तबाह करने और पाकिस्तानियों को सबक सिखाने की कड़ी कार्रवाई के लिए राष्ट्र के सैनिकों को सलाम। इस कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री एवं उनकी कैबिनेट धन्यवाद की पात्र है। वैद्य अजय गर्ग ने सैनिकों के परिवारों के लिए धनरा. शि इकट्ठा करने का सुझाव दिया। जिस पर 3240 रुपए की राशि एकत्र कर सैनिक हितार्थ सहायता कोष प्रधानमंत्री के नाम बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेजा गया। वार्षिक उपहार दो सदस्यों को दिया गया। बैठक में बताया गया कि 5 जून को गंगा दशहरा पर्व पर समिति द्वारा शर्बत वितरण किया जाएगा। समिति की आगामी बैठक 15 जून, रविवार को डॉ. एनके अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इंजीनियर मंगू लाल भारद्वाज जी ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। बैठक के अंत में अनिल मेहरोत्रा की सासू मां के निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

एक नजर

समार कैम्प में प्रतियोगिताएं

नहटौर। बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष चौधरी लोकेंद्र सिंह डोडवाल, डॉ. शशांक गौतम नहटौर, डॉ. अवनीश कुमार फलोदी एवं बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, विनेशपाल सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। यह समर कैंप विद्यालय में 21 मई से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा। समर कैंप में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे बैडमिंटन, स्विमिंग, डांस म्यूजिक, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्किल डेवलपमेंट आदि प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप में होने वाली प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। अत: सभी छात्र छात्राओं को समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन दीपा शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुज कुमार, कपिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, नकुल कुमार त्यागी, दिनेश कुमार, नरेश कुमार, आशू कुमार, विजेंद्र सिंह, दीपक कुमार दक्ष, सुमन वर्मा, अदिति, दीपा शर्मा, विनीता, गजेंद्र कुमार आदि का सहयोग रहा।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष का स्वागत

नगीना। नगर में नवागत कांग्रेस के नगर अध्यक्ष वाहिद अंसारी को पद मिलने के बाद से ही कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह उनका स्वागत लगातार किया गया। इस दौरान कहीं अंगवस्त्र तो कहीं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान वाहिद अंसारी ने कहा सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करना लक्ष्य है। इसके लिए पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीष नेतृत्व के निर्देश का पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। वही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, आरके सिंह, शेख अंजार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष वाहिद अंसारी को बधाई दी।

आफताब मंसूरी को बड़ी जिम्मेदारी

नजीबाबाद। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान ने आफताब मंसूरी निवासी सराय आलम नांगल बिजनौर को मुरादाबाद मण्डल सचिव के पद पर नियुक्त किया है। आशा की जाती है कि आप अपने क्षेत्र के किसानों ओर मजदूरों, गरीबों की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए समय समय पर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करते हुए यूनियन की लो. कप्रियता को बनाये रखेंगे और भारतीय किसान यूनियन प्रधान के सपनो को साकार करने करते रहेंगे। भारतीय किसान यूनियन प्रधान आपकी सफलता की सदैव कामना करती रहेगी। आफताब मंसूरी साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के भांजे है।

मेरा वार्ड सबसे स्वच्छ व स्वस्थ: मौ. परवेज

चांदपुर। नगर पालिका परिषद बोर्ड के मोहल्ला बाजार वार्ड 19 से लगातार तीसरी बार जीतने वाले सभासद मोहम्मद परवेज ने कहा है कि पालिका बोर्ड व बोर्ड अध्यक्षा जीनत परवीन के लगातार मिल रहे सहयोग से मेरे वार्ड मे विकास कार्य कराये जा रहे है। नालियाँ और सडक लगातार बन रही है। वार्ड मे बेहतर साफ सफाई के लिए प्रतिदिन पालिका की ओर से सुखा वे गीला कूड़ा उठाने की बेहतर व्यवस्था बनी हुई है, जिससे मेरे वार्ड में किसी प्रकार की कोई गंदगी नहीं है। मेरा प्रयास वार्ड की जनता के लिए सदैव सेवाभाव में रहता है। मेरा वार्ड सबसे स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बना रहे, इसमें मेरे वार्ड की जनता का भी मुझे भरपूर सहयोग मिलता रहता है। उन्होंने कहा है कि वह सभी अनावश्यक रूप से जल न बहाए और न ही सड़कों पर गलियों में कूड़ा डालें। स्ट्रीट लाईट हो या किसी को कोई समस्या हो वो अपने वार्ड की जनता का स्वयं ही ख्याल रखते हैं और समाधान करने का प्रयास करते हैं।

आंतरिक साधना शिविर प्रारम्भ

शेरकोट। तीन दिवसीय आंतरिक साधना शिविर के प्रथम दिन गुरु महाराज डॉ. विनीत दीक्षित ने कहा कि जब से भी ये संसार बना होगा, तब से ही यंहा सीखना और सिखाने का कार्यक्रम निरन्तर चलता रहता है। नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित नंद निकेतन आश्रम मे श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए गुरु महाराज ने कहा कि ईष्ट तों केवल एक ही होते हैं। आप सभी देवी देवताओं में विश्वास रखो पर निष्ठा तो एक पर ही रखनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रार्थना में भगवान से हमेशा भगवान को ही मांगे। महाभारत प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि दुर्योधन भगवान के पास गया और पांडवों से लड़ने के लिए बड़े बड़े ब्रह्मास्त्र और सबसे बढ़िया सेना ले आया और जब भगवान ने अर्जुन से पूछा कि तुम्हें क्या चाहिए तो अर्जुन बोले मैं केवल आपको लेने आया हूं। महाभारत का परिणाम इस बात का गवाह हैं कि जिसने कृष्ण से माँगा तो निन्यानबे में से एक भी नहीं बचा और जिसने कृष्ण को माँगा उन पांच में से एक का बाल बाका भी ना हुआ। इस अवसर पर अलका दीक्षित, अनमोल दीक्षित, अमिष रस्तौगी, रिंकू वर्मा, मयंक शर्मा, अचल चौहान, अरविंद वर्मा आदि दूर दराज क्षेत्रो के श्रद्धालु मौजूद रहे।

डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती शोभा यात्रा के अध्यक्ष बने सुगम चंद्र प्रधान

बैठक में सभी मौहल्लों के सम्मानित व्यक्ति रहे मौजूद

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क नगीना में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती शोभायात्रा के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव व निवर्तमान अध्यक्ष सतीश कुमार गौतम (पूर्व विधायक) ने इस्तीफा दिया। जिसमें नये अध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्पत्ति से कार्यवाही कर सुगम चंद्र प्रधान को नया अध्यक्ष चुन लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम बैठक का संचालन मदनपाल पूर्व बाबू नगर पालिका परिषद के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार गौतम ने की। बैठक में सर्वप्रथम सतीश कुमार गौतम ने डा. अम्बेडकर शोभायात्रा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हुए सम्पूर्ण कार्यकारणी को भंग किया। बैठक में शहर नगीना के समाज के सभी मौहल्लों के सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में डा. अम्बेडकर शोभायात्रा के सम्बन्ध में नये अध्यक्ष का चुनाव किया गया।

इस चुनाव में मौ. चौधराना, मौ. लालसराय, मौ. खुर्रम अली सराय, मौ. पधान की सराय, मौ. बिश्नोई सराय रेती, मौ. पहाडी दरवाजा, मौ. आजाद कलौनी, मौ. अम्बेडकरनगर, मौ. लुहारी सराय आदि के सम्मानित व्यक्तियों द्वारा निर्विरोध सर्वसम्मति से सुगम चन्द प्रधान को डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती शोभायात्रा समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर मनोज कुमार, बलराम सिंह, अमित कुमार, प्रेमचंद, कैलाश चंद्र, राजकुमार सिंह, संजय कुमार, दीपक कुमार, विजय, रामपाल सिंह, रचित कुमार, धर्मेंद्र सिंह, विशाल कुमार, प्रेमचंद, अरुण कुमार, ज्ञान सिंह, रविकांत, धर्मेंद्र कुमार, मदनपाल, राकेश कुमार, छोटे सिंह, अमीचंद आदि उपस्थित रहे।

एनपीएस एवं यूपीएस के विकल्प से कार्मिकों को गुमराह कर रही सरकार: विजय कुमार बंधु

आगामी आंदोलन को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर की राष्ट्रीय अध्यक्ष एनएमओपीएस एवं प्रदेश अध्यक्ष अटेवा विजय कुमार बन्धु की अध्यक्षता एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें सभी प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण शामिल हुए।

बैठक में पुरानी पेंशन बहाली के आगामी आंदोलन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि सरकार एनपीएस एवं यूपीएस के विकल्प से केवल गुमराह कर रही है। संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है, जिससे सरकार को समझना होगा। पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए अंत तक संघर्ष करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि अटेवा देश के लाखों पेंशन विहीन शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा की उम्मीद है, जिसके लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर।

बैठक में आगामी आंदोलन की मजबूत रणनीति पर सभी प्रदेश पदाधिकारियों ने विचार विमर्श किया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य मौर्य, प्रदेश सलाहकार राकेश रमन, ओमप्रकाश सिंहख्प्रदेश उपाध्यक्ष डा. आशा राम, प्रदेश मंत्री विजय प्रताप, संजय उपाध्याय एवं रमेश त्रिपाठी संयुक्त मंत्री, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी संगठन मंत्री, रजत प्रकाश एवं संदीप वर्मा संयुक्त मंत्री ,विरेन्द्र पटेल आईटी सेल प्रभारी, सय्यद दानिश इमरान विधिक सलाहकार, नरेंद्र कुमार सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी, धर्मेन्द्र गोयन एवं सुमन कुरील कार्यकारिणी सदस्य, सय्यद सादिक अब्बास आदि ने संबोधित किया।

छात्रों का ट्रेनी बिजनेस एसोसियट के पद पर चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। कृष्णा ग्रुप आर्फे कॉलेजेस बिजनौर की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस कैम्पस प्लेसमेंट में ग्लोबल कंसलटेंसी एण्ड सर्पोट सर्विसेज, हरिद्वार की ओर से सी.ई.ओ. हरि प्रकाश, राजेश शर्मा व अधिकृत अधिकारी कुलभूषण बत्रा ने छात्रों का साक्षात्कार लिया।

इस प्लेसमेंट में बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस), बी.कॉम. ऑनर्स, बी.कॉम. (कम्प्यूटर) पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ग्लोबल कंसलटेंसी एण्ड सर्पोट सर्विसेज, हरिद्वार द्वारा यह प्लेसमेंट दो राउंड में कराया गया। पहले राउंड में छात्रों की टेक्निकल दक्षता को आंका गया और दूसरे राउंड मे व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया।

बी.कॉम. ऑनर्स के छात्र मनीश सिंह व बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) के छात्र यशवीर सिंह का चयन ट्रेनी बिजनेस एसोसियट के पद पर हुआ है। चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र कम्पनी की ओर से भेज दिया गया है। ग्लोबल कंसलटेंसी एण्ड सर्पोट सर्विसेज, हरिद्वार की ओर से चयनित छात्रों को आकर्षक पैकेज दिया जा रहा है।

इस दौरान संस्थान के प्रबंधक मनोज कुमार ने चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बताया कि महाविद्यालय अपने छात्रों के चयन से गौरवांवित है। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का निरन्तर प्रयास कर रहा हैं, वह आगे आने वाले समय में भी प्रतिबद्ध रहेगा व उन्होने बताया कि हमारा उद्देश्य सदैव ही छात्रों की छुपी हुई प्रतिभा को निखार कर, तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ उनको रोजगार मुहैया कराना रहा है। प्राचार्य, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ डा. परवेज अहमद खाँ ने बताया कि महाविद्यालय के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है छात्रों को अवसर प्रदान करने की।

प्राचार्या, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस डा. सीमा शर्मा ने बताया कि इस साक्षात्कार के माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों का चयन पूर्व में भी देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में होता आया है और यही उपलब्धी भविष्य में आगे अन्य बैच के छात्रों को भविष्य में प्रेरित करेगी। कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष मंदीप चिकारा ने छात्रों को उनके चयन पर बधाई दी व उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस कैम्पस प्लेसमेन्ट को सफल बनाने में सहायक प्रवक्ता गोपाल स्वरुप सिंह व रोहित राजपूत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विद्युत कटौती से तड़प रही जनता की किसी ने नहीं ली सुध

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। भीषण गर्मी में बिजली की 28 घंटे लंबी कटौती ने किरतपुर के लोगों की कमर तोड़ दी, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब जनता तड़प रही थी, तब नगर के नेता, समाजसेवी,जनता के मसीहा नेतागण कहां थे। जनता का सवाल है कि अगर उनका कहना है कि हम बिजली सही कराने में मसरूफ थे तो कोई भी जानकारी किसी भी माध्यम से जनता क्यों नहीं दी गई जबकि छोटे से छोटे काम की पोस्ट सोशल मीडिया पर की जाती है।

जानकारी के अनुसार किरतपुर के जिम्मेदार अधिकारी खुद नगर में रहने की बजाय बिजनौर में रह रहे हैं। ऐसे में उन्हें किरतपुर के नागरिकों की परेशानी का न तो अहसास होता है और न ही वे हालातों की गंभीरता को समझते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अधिकारी खुद किरतपुर में रह रहे होते, तो एक-एक मिनट बिजली के बिना बिताना उन्हें भी मुश्किल लगता। लेकिन जब खुद एसी में बैठकर आदेश देने हों, तो जनता की तकलीफ कैसे समझ आएगी? पिछले 28 घंटों में न तो कोई स्पष्ट सूचना दी गई, न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर आकर हालात का जायजा लिया। लोग पानी, पंखा और रोशनी के लिए तरसते रहे। और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि इस लापरवाही ने उनके धंधे को चौपट कर दिया। फ्रिज में रखा सारा सामान खराब हो गया। सारा दिन और रात अंधेरे में बैठकर बितानी पड़ी, अब नगरवासियों की मांग है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को किरतपुर में ही रहना चाहिए ताकि उन्हें असली हालात का अंदाजा हो सके।

भारतीय संस्कृति संरक्षण शिविर 25 मई से

धामपुर। भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आचार्य डॉ. दिनेशचन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में दस दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर 25 मई से प्रारंभ होकर 3 जून तक अनन्त श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम, धामपुर में आयोजित किया जाएगा।

शिविर प्रतिदिन प्रात: 8 से 10 बजे तक और सायं 6 से 8 बजे तक संचालित होगा। इसमें बच्चों को वेद-पुराण, शास्त्र-मंत्र, भारतीय संस्कृति और संस्कारों का गहन व व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। उद्देश्य है, नई पीढ़ी को हमारी प्राचीन आध्यात्मिक धरोहर से जोड़ना और उनमें भारतीय सभ्यता के प्रति गौरवबोध उत्पन्न करना। आचार्य डॉ. दिनेशचन्द्र भारद्वाज ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को इस अनोखे और लाभकारी शिविर में अवश्य भेजें। यह शिविर बच्चों के चरित्र निर्माण और सांस्कृतिक विकास के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। शिविर का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह करेंगे।

धामपुर में नशे की दलदल: खोता बचपन, बर्बाद होता भविष्य

नशे के बढ़ते साम्राज्य से युवा पीढ़ी संकट में, अपराध का ग्राफ चढ़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। नगर में एक स्याह सच्चाई गली, नुक्कड़ पर फैली हुई है, नशे की स्याही में डूबता भविष्य, टूटती उम्मीदें और एक पीढ़ी जो खुद से ही हारती जा रही है। धामपुर में नशे का कारोबार अब कोई छुपा हुआ विषय नहीं, बल्कि एक खुला रहस्य बन चुका है। हर कोई जानता है कि कौन नशा बेच रहा है, कौन इसे खा रहा है और कौन इसका शिकार बन रहा है, लेकिन सवाल है, क्यों कोई कुछ कर नहीं रहा?

खोखली होती नींव: युवाओं का गिरता चरित्र और चेतना

नशा सिर्फ एक आदत नहीं, यह चरित्र और चेतना का क्षरण है। धामपुर में स्कूली छात्र, कॉलेज के युवक, बेरोजगार नौजवान सभी किसी न किसी रूप में इस दलदल में फंसते जा रहे हैं। पहले 'शौक' में शुरू हुआ गांजा या भांग का सेवन, धीरे-धीरे उनकी आदत और अंतत: मजबूरी बन जाता है। जब जेब में पैसा नहीं होता, तो मोबाइल छीन लेते है, कहीं चोरी कर लेते हैं, या बहनों के गहने बेच देते हैं यह बयान है एक स्थानीय युवक का, जो पुनर्वास केंद्र में भर्ती होने से पहले नशे की गिरफ्त में था।

नशा अब अपराध का प्रवेश द्वार बन चुका है

धामपुर पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि बीते 2 वर्ष में चोरी, झपटमारी, घरेलू हिंसा और आपराधिक वारदातों में अधिक मामलों में अभियुक्त किसी न किसी प्रकार के नशे का सेवन करता पाया गया। नशा न केवल आत्मा को मारता है, बल्कि समाज को भी जड़ से हिलाता है। एक नशेड़ी युवक न केवल अपना जीवन बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार, मोहल्ले और समाज के लिए एक बोझ बन जाता है।

माफिया के हौसले बुलंद प्रशासन मौन क्यों?

चंपा देवी, रेलवे लाइन के आसपास, जैतरा ये कुछ ऐसे इलाके हैं जहां खुलेआम नशे की बिक्री की जाती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि इन ठिकानों पर नशा सप्लाई करने वाले तस्कर वर्षों से सक्रिय हैं। 'नाम सबको पता है, चेहरा सबने देखा है, लेकिन कार्रवाई कोई नहीं करता।' यह कहना है एक रिटायर्ड शिक्षक का, जिनका पोता स्मैक की लत में फंस चुका है।

क्या खो रहे हैं हम?

एक पूरी पीढ़ी: नशा युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है। IAS, डॉक्टर, इंजीनियर बनने का सपना अब नशे की सिगरेट में जलकर राख हो रहा है।

माता-पिता की आशाएं: परिवार, जो उम्मीद करता है कि बेटा उनके बुढ़ापे का सहारा बनेगा ख़ आज वही बेटे माता-पिता की जमा पूंजी, जेवर और सम्मान को नशे में उड़ा रहे हैं।

समाज का संतुलन: नशे की वजह से युवा अब न समाज का निर्माण कर रहे हैं, न देश का विकास। वे अपराधी, चोर, या बीमार बन रहे हैं।

निष्कर्ष: ये सिर्फ खबर नहीं, चेतावनी है

धामपुर को बचाना है तो अब सिर्फ बयानबाजी नहीं, जमीनी कार्रवाई की जरूरत है। यह खबर सिर्फ एक रिपोर्ट नहीं, बल्कि एक आवाज है उन लाखों युवाओं की जो खुद को खो चुके हैं, और उन परिवारों की जो आज भी इंतजार में हैं कि उनका बच्चा लौट आएए नशे से मुक्त, उम्मीदों से भरा और भविष्य की ओर बढ़ता हुआ।

समाधान: अब नहीं चेते, तो बहुत देर हो जाएगी

1. **सख्त पुलिस कार्रवाई:** बड़े माफियाओं पर सीधी और कानूनी कार्रवाई। 2. **नशा मुक्ति अभियान:** स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम, माता-पिता के लिए परामर्श शिविर। 3. **युवा केंद्र:** खेल, स्वरोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देना ताकि युवाओं के पास विकल्प हों। 4. **जन-सहयोग:** हर मोहल्ला, हर गली में चौकसी; नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को देना। 5. **मीडिया की भूमिका:** लगातार रिपोर्टिंग और असली चेहरों को उजागर करना।

हर समय खुले आसमान के नीचे पड़ा रहता है ज्वलनशील कचरा, पुलिस-प्रशासन अंजान

कचरा गोदामों से बड़े अग्निकांड की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। हाल ही में पड़ोसी जनपद मुरादाबाद में कपड़ा गोदाम में भीषण अग्निकांड के बाद भी स्थानी पुलिस व प्रशासन आँख मूँदे हुए है,क्योंकि आबादी के बीचों-बीच संचालित कबाड़ गोदामें से बड़ा अग्निकांड होने की सम्भावनाएं बनी हुई है।

नगर के मौहल्ला तिवारी सराय मुन्नी माता मंदिर के निकट और आदमपुर मार्ग से तिवारी सराय को आने वाले मार्ग पर स्थित मल्ली सराय में कबाड़ा गोदामों का संचालन किया जा रहा है। गोदाम संचालकों ने खुले आसमान के नीचे कबाड़ों के पहाड़ बना रखे हैं। जबकि इन कबाड़ व कचरे में ऐंसे सामान भी शामिल हैं जिनसे भयंकर गर्मी में स्वयं ही आग लग जाती है। इसके अलावा इस मार्ग से होकर गुजरने वाला कोई व्यक्ति जलती बीड़ी अथवा सिगरेट फैंक देने पर आग लग सकती है। आग इतना विकराल रूप लेगी इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकेगी,क्योंकि एक दो नहीं बल्कि बराबर-बराबर आधा दर्जन से अधिक कचरे के गोदाम

O अग्निशमन विभाग खामोश

संचालित हैं। इसके अलावा इस स्थान पर चल रहे कचरा गोदाम में पहले भी आग लग चुकी है। जिसके चलते आसपास रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। आग से बचने को लोगों को दूर रहकर अपना बचाव करने को मजबूर होना पड़ा था। इसके बावजूद न तो अग्निश्मन विभाग ही खुले आसमान के नीचे संचालित कचरा गोदामों पर कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही पुलिस व प्रशासन को ही इन कचरा गोदामों पर शिकंजा कसने की कोई कवायद की जा रही है। बहरहाल भयंकर गर्मी और आसमान से बरसती आग में यदि किसी ज्वलनशील कचरा सुलगा तो भयंकर बड़ा नुक्सान होने से रोका नहीं जा सकेगा।

सम्भल-मल्ली सराय में कचरा गोदामों में खुले आसमान के नीचे पड़ा ज्वलनशील कचरा।

सिलेंडर में आग से तीन झुलसे

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। नगर के टंकी मोहल्ला खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। जिसमें दंपति सहित तीन लोग झुलस गए। घायलो को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

O 112 पुलिस की मदद से आग पर पाया गया काबू

शुक्रवार को नगर के टंकी मोहल्ला निवासी राजकुमार पुत्र राम किशोर की पत्नी मंजू घर मे गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। गृह स्वामी राजकुमार में बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने पर में और मेरी बुआ श्यामवती दोनो ने सिलेंडर की आग बुझाने की कोशिश की। इसमें तीनों झुलस गए।इसके बाद सूचना पर पहुंची 112 पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पाया। तीनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां उनका उपचार हुआ।

महिला की आत्महत्या में जेठ का नाम भी हुआ शामिल

शाह टाइम्स, ब्यूरो

सम्भल। चिकित्सक की छेड़-छाड़ और मारपीट से आहत होकर महिला के आत्म हत्या मामले में नया मोड़ आ गया। है। पुलिस की जांच में महिला की आत्म हत्या में उसी के जेठ का नाम भी प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी जेठ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर उत्तमा निवासी मल्लू पुत्र शिव सिंह की पत्नी पिंकी (30) के पेट में दर्द होने पर 27 अप्रेल 2025 को गांव मे स्थित डा. राजू पुत्र रनवीर नि. ग्राम भवानीपुर के क्लीनिक पर दवाई लेने गया था। जहां राजू उपरोक्त व विक्की पुत्र सोरन सिंह निवासी ग्राम फत्तेहपुर उत्तमा थाना हयातनगर एवं 2-3 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा उसकी पत्नी के साथ बदतमीजी करते हुए कपडे फाड देने, इसी बात से क्षुब्ध होकर उसकी पत्नी द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। लोगो के कहने में आकर उसने अपनी पत्नी पिंकी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। पुलिस को दी गई तहरीर पर और धारा 76/108 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने आरोपी विक्की व राजू को गिरफ्तार कर चालान किया था जो अभी भी कारागार में निरूद्ध हैं। पुलिस की चल रही जांच में मृतका के जेठ का नाम प्रकाश में आया है। पुलिस ने मृतका के जेठ जयपाल पुत्र शिव सिंह को ग्राम दतावली मंदिर के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर दिया गया।

धुआं व आग के गुब्बारे से फैल रही हैं बीमारियां

टायर फैक्ट्री उगल रहीं ज़हरीला धुआं

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। टायर जलाने की तीन फैक्ट्रियों से जहरीला धुंआ निकलने से दर्जनों गांव के लोग परेशान हैं। जिससे लोगों में बीमारियां शुरू हो गई हैं और सांस लेने में लोगों को तकलीफ भी हो रही है। लेकिन बिना किसी कागजी कार्यवाही के संचालित अलग-अलग गांवों में तीन फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं से वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के सिसौना जाने वाले मार्ग पर एक टायर जलाने की फैक्ट्री बनी हुई है, जहां टायर काफी संख्या में एकत्र करके जलाए जाएं तो ऐसा लगता है जैसे किसी फैक्ट्री में आग लग गई हो। जहरीला धुआं आसपास के गांव के लोगों को बीमार कर रहा है तथा लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। धुएं का गुब्बार आसमान को छूता हुआ आसपास के गांव के ऊपर मंडराता रहता है। जिसके चलते सिसौना, निरयावली, गंगहेटा, कैलादेवी, मुजाहिदपुर आदि गांव इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा थाना क्षेत्र के ही अमावती गांव के नजदीक सम्भल आदमपुर मार्ग पर भी एक टायर जलाने की फैक्ट्री बनी हुई है। उससे निकलने वाले धुएं से आसपास के गांव के लोग भी परेशान हैं। इसके अलावा सम्भल गवां मार्ग पर नारंगपुर गांव के नजदीक भी एक फैक्ट्री संचालित है। जो आसपास के दर्जनों गांव के लोगों का जीना मुश्किल कर रही हैं।

दर्जनो गांव जहरीले धुंए की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कैलादेवी थाना क्षेत्र में संचालित तीन टायर जलाने की फैक्ट्रियों से दर्जनों गांव इसके धुएं की चपेट में हैं। जब टायर जलाए जाएं तो ऐसा लगता है किसी फैक्ट्री में आग लग गई हो। धुएं का गुब्बार गांवों के ऊपर मंडराता रहता है। रात में गर्मी के मौसम में खुली हवा में सोने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है, जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत होती है। इतना ही नहीं थाना क्षेत्र में संचालित तीनों फैक्ट्रियां वातावरण को प्रदूषित कर रही हैं। जिससे क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित हो चुका है। ग्रामीणों में फैक्ट्री के संचालित होने और उससे

O सांस लेने में ग्रामीणों को हो रही है दिक्कत

निकलने वाले जहरीले धुएं के चलते हो रही बीमारी को देखते हुए रोष व्याप्त है। इतना ही नहीं अपने खेतों पर जा रहे लोगों को भी बदबू आने से परेशानी हो रही है। जहां आसपास के लोगों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है तथा गर्मी होने के चलते रात्रि में खुली हवा में नहीं सो पा रहे हैं।

बबराला- विद्याकुंज स्कूल में जुडो कराटे सिखाती प्रशिक्षक।

सिरसी तक चलेगा अभियानः ईओ

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। शहर की सुन्दरता और जाम से मुक्ति तथा चौराहों के चौड़ीकरण व विकास के लिए चल रहे तोड़फोड़ कार्यवाही पर नगर पालिका परिषद के ई ओ डा. मएिरा भूषण तिवारी ने बताया कि चन्दौसी चौराहे से सिरसी व मुख्य चौराहों का सौन्दर्यकरण किया जायेगा। अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिए गए है। अतिक्रमण करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा बल्कि शहर व आसपास की सुन्दरता को अतिक्रमण हटाया जायेगा। उन्होने बताया कि इससे जाम से भी मुक्ति मिलगी और सौन्दर्यकरण भी बढ़ेगा।

जूडो से सुरक्षा को बच्चों ने किया बढ़-चढ़कर प्रतिभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन कोतवाली गुन्नौर प्रभारी अखिलेश प्रधान ने फीता काटकर किया।

O दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारम्भ

विद्यालय में कार्यक्रम के आयोजन पर विद्यालय के प्रबंधाक अतुल गोयल, कार्तिक गोयल ,कपिल गोयल ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। बच्चों को जूडो सीखने वाली शिक्षिका साक्षी ने ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में सर्वप्रथम बच्चों को जूडो कराटे की कला सिखाई। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि अपनी सुरक्षा वह किस प्रकार कर सकते हैं। बच्चों ने बढ़ चढ़कर इस कला में भाग लिया। जिसमें अंजलि, खदीजा संधया ,विश्वनाथ ,आदित्य राज ,श्रृषभ ,आरव, अनंत युगल, ;तिक ,राधिका वंशिका, वंश, सिया, नित्यम, शिवाय युग अभिनय ,निवान, लारा ,दक्ष ,रूद्र उज्जवल, कार्तिक इत्यादि बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का उत्साहवधन किया।इस मौके पर विद्यालय शिक्षिका सोनल शर्मा,मीनल, शबेनाज, विनीता अग्रवाल, वर्तिका शर्मा, अमित, मोहित, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा वीर जवानों का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। शौर्य तिरंगा यात्रा जूनावई मंडल में निकाली गई। जिसमें कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

O जुनावई मंडल में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि सेना के शौर्य का सभी ने लोहा देखा। सेना का सभी सम्मान कर रहे है। भाजपा उनके पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा कर रही है। सभी सेनाओं की वीरता सराहनीय व सम्मान देने योग है। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने कहा कि तिरंगा यात्रा वीर जवानों को सम्मान है। कार्यक्रम संयोजक दानवीर कुशवाह, दीपक यादव, मनोज यादव, दुर्वेश यादव, बिपिन गोयल, विजेंद्र कुमार, वीरेश यादव, योगी आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सेना के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

टेम्पू की टक्कर में बाइक सवार घायल

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। टेंपो की साइड लगने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

शुक्रवार को आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव बिचपुरी सैलाब के नजदीक बाइक सवार सत्यपाल पुत्र रामचंद्र व श्यामसुंदर पुत्र रामचंद्र निवासीगढ़ रजापुर थाना रजपुरा गंगाघाट नरोरा अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। तभी उनकी बाइक को सामने से आते टेंपो ने साइट मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां दोनों की हालत गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर अलीगढ़ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

सम्भल- फर्जी बिलों से जीएसटी चोरी गिरोह के कोतवाली में गिरफ्तार तीन सदस्य।

समीक्षा बैठक में सीडी रेशियो व एसीपी प्लान पर चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। बैंकों की समीक्षा डीएल आर सी की बैठक में सीडी रेशियो एवं एसीपी प्लान पर चर्चा की गयी।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एन आर एल एम के अन्तर्गत सीसीएल पर चर्चा की गयी। जबकि बैंक वार लंबित आवेदनों की जानकारी ली। उपायुक्त एन आर एल एम ने बताया कि बैंक आफ बड़ौदा द्वारा सीसीएल पत्रावली को भरने के लिए समूहों को टहलाया जा रहा है तथा पिछले 4 वर्ष से समूहों को लोन नहीं प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने समूहों के आवेदन को प्राथमिकता पर रखने के सम्बंधितों को निर्देशित किया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी बैंकों के जिला समन्वयकों से सीएसआर फंड की जानकारी लेते हुए जनपद के समस्त सम्भल विद्यालयों में एस्ट्रोनॉमी लैब तैयार कराएं। उद्यान विभाग की पीएमईएफ योजना के लंबित आवेदनों को लेकर भी बैंकवार जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए अलग से बैंकों के साथ बैठक कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, एलडीएम ललित विजय राय , जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह एवं बैंकों के जिला समन्वयक आदि मौजूद रहे।

फर्जी बिल से जीएसटी चोरी गिरोह के तीन और सदस्य दबोचे

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। फर्जी तरीके से कूटरचित बिल तैयार कर जी.एस.टी. चोरी कर ईट बिक्री करने के हुए भंडफोड़ के बाद गिरोह के अन्य लोग सामने आने लगे है। पुलिस ने तीन और गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर चालान किया है।

सदर कोतवाली में 20 मई 2025 को शिव प्रकाश तिवारी संयुक्त आयुक्त (वि. अनु.शा.) राज्य कर, सम्भाग-ए, मुरादाबाद द्वारा फर्जी तरीके से बिल तैयार कर जी.एस.टी. की चोरी कर ईट बिक्री करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने एक दिन पूर्व दानिश और जीशान को जेल भेजा था। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने फर्जी बिलों से जीएसटी चोरी गिरोह का खुलासा किया था। पुलिस की चल रही जांच में अन्य नाम भी सामने आने लगे है। कोतवाली पुलिस ने गिरोह में शामिल महफूज पुत्र शरीफ अहमद, हसीब पुत्र शरीफ निवासीगण बेगम सराय तथा अजीम अहमद उर्फ छोटे पुत्र मरगूब हुसैन निवासी मौ. पंजू सराय को गिरफ्तार किया। पूर्व में जेल भेजे गए आरोपीगण से पूछताछ मे यह सामने आया था कि रामनगर काशीपुर के व्यापारी सम्भल के दलालो से सम्पर्क स्थापित कर ईटो की बिक्री के सम्बन्ध मे वार्ता करते थे। जिसमें दलाल शाकिर, हसीब, हबीब, अजीम उर्फ छोटे भटटा मालिको व ट्रक मालिको से बात कर सौदा करते थे तथा ईटे भटटो से ट्रक मे बिना बिल के भरकर ले जाते थे। जीशान, अन्तू, महफूज, आसिफ इन लोगो को फर्जी कच्चा बिल तैयार कर उपलब्ध कराते थे और यह लोग अधिक ईट भरकर कम ईटो का कम रेटो पर फर्जी बिल तैयार ओवरलोडिंग व ई वे बिल की बचत करते थे। इनकी ईट किसी अन्य भटटे से भरी जाती है तथा बिल किसी अन्य फर्म का जारी किया जाता था इनके द्वारा जिस फर्म का बिल जारी किया जाता था वह फर्म अस्तित्व मे ही नही थी। केवल ये फर्म कागजो मे कार्य कर रही थी। पैसो का लेनदेन इनके द्वारा कपिल सिंघल के प्रतिष्ठान श्रीराम राधेश्याम, शिवकिशन सेवा केन्द्र, ए टू जेड किसान फ्यूल पाइन्ट में आनलाइन किया जाता था। इस तरह प्रत्येक गाड़ी पर सबका अलग अलग कमीशन होता था। जिसमें बिल का 25 प्रतिशत शेयर आसिफ को मिलता था, 15 प्रतिशत छोटे उर्फ अजीम को, 15 प्रतिशत कपिल सिंघल बाकी 35 प्रतिशत उमर व 10 प्रतिशत शेयर जीशान का होता था। यह गोरखधांधा तीन चार वर्षों से किया जा रहा था।

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को सम्भल में मुख्यालय स्थापित हो

सम्भल। जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल क्षेत्र में करने की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। स्वयं सेवी संस्थाओं और स्थानीय लोगों की मांग के साथ धर्म गुरूओं ने भी इसे लेकर अपनी आवाज को बुलंद कर दिया है।

सम्भल में मुख्यालय स्थापित करने के लिए जन सम्पर्क और प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्भल के हिन्दू संस्कृति धर्म के आधार कल्कि जी के 68 तीर्थ 19 कूपों के संरक्षण के लिए मुख्यालय का सम्भल होना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं 24 नवंबर की घटना के बाद से सम्भल का मिजाज बदल चुका है उसको समझते हुए सही निर्णय कर हमारे भविष्य को सुरक्षित रखने का प्रयास करते रहे जनता से सम्पर्क करना राष्ट्रीय कल्कि स्वयंसेवक संघ का उदेश्य है। जिससे सम्भल जिले के सभी सनातनियों द्वारा पूजा पाठ करने में तथा सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा करने में पुलिस प्रशासन को समस्या न हो। नितिन गुप्ता के आवास पर कार्यक्रम में इस पर चर्चा की।

एक ज़मीन का सौदा कर दो लोगों से ठगे दस लाख

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कैला देवी थाना क्षेत्र के दो लोगों के साथ फर्जी तरीके से जमीन खरीद फरोख्त के मामले में झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। इतना ही नहीं आरोपी स्वयं भी साझेदार बने और फर्जी तरीके से चेक लगाकर पीड़ितों को स्वयं के द्वारा रुपए देने का भी एहसास करा दिया। ठगी का एहसास हुआ तो दोनों ने कैला देवी थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के नारंगपुर गांव निवासी रमेश चंद्र पुत्र ज्वाली प्रसाद व सारंगपुर माजरा गांव निवासी नेपाल पुत्र धर्मपाल के घर बीते दिनों बहजोई थाना क्षेत्र के सादात बाड़ी गांव निवासी जसपाल पुत्र झम्मन सिंह व कैलादेवी थाना क्षेत्र के सौंधन गांव निवासी जबर सिंह पुत्र इमरती सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने एक जमीन को लेकर सौदा किया। जिसकी कीमत 65 से 66 लाख रुपए प्रति बीघा आंकी गई। अलग-अलग दिनों में आरोपी नेपाल तथा रमेश चंद्र को दादरी के नगला नैनसुख गांव में प्रकाश पुत्र रघुवर के घर ले गए। जहां रमेश चंद्र को दो अन्य लोग भी मौजूद मिले। रमेश चंद्र से जसपाल पुत्र झम्मन सिंह को 6 लाख रुपए दिलवाए गए। वहीं 100 रुपए के स्टांप पर फर्जी तरीके से एग्रीमेंट करा दिया गया। ठगी का एहसास हुआ तो रमेश चंद्र ने अपने रुपए मांगे, लेकिन आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। इसके अलावा आरोपियों द्वारा ही कैलादेवी थाना क्षेत्र के सारंगपुर माजरा गांव निवासी नेपाल पुत्र धर्मपाल

O 65 से 66 लाख प्रति बीघा सौदा किया था तय स्वयं भी साझीदार होने का किया नाटक

के साथ भी ठगी की गई। आरोपी जबर सिंह तथा जसपाल नेपाल के घर पहुंचे और जमीन का सौदा किया। जहां से दादरी के नगला में सुख गांव निवासी प्रकाश के घर ले गए। जहां दो अन्य लोग भी थे। नेपाल से सौदा के दौरान 4 लाख रुपए ले लिए गए। जिनमें से नेपाल से 85 हजार रुपए अंगेश पत्नी प्रकाश के खाते में डलवा दिए गए तथा 3.15 लाख रुपए जबर सिंह और जसपाल को नगद दे दिए गए। ठगी का एहसास होने पर नेपाल ने भी थाने में तहरीर दी। जहां पुलिस ने दोनों पीड़ितों की तहरीर पर आरोपी जबर सिंह, जसपाल, सुरेश, प्रकाश तथा अंगेश पत्नी प्रकाश के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

फायरिंग में दोनों ओर से पांच के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। वर्तमान तथा पूर्व प्रधान के बीच पुरानी रंजिश को लेकर ट्रैक्टर रास्ते से निकालने पर हुई मारपीट तथा फायरिंग के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच के खिलाफ नामजद व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है।

O वर्तमान व पूर्व प्रधान के बीच हुई थी गोलीबारी

थाना क्षेत्र के बरखेड़ा सोनक गांव में बीते 22 मई को दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट तथा फायरिंग की घटना हुई थी। गांव निवासी वर्तमान ग्राम प्रधान पक्ष के मनोज पुत्र अतरसिंह, नेमपाल पुत्र सुलेहराम तथा पूर्व प्रधान पक्ष के देवेंद्र पुत्र चंद्रपाल, विकास पुत्र देवेंद्र और रामगोपाल पुत्र सुरेश व कुछ अज्ञात व्यक्तियों के मध्य पुरानी रंजिश को लेकर आपस में पूर्व प्रधान देवेंद्र के घर के सामने रास्ते पर ट्रैक्टर निकालने को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर पथराव हो गया था। कुछ ही देर में कई राउंड हवाई फायरिंग शुरू कर दी गई थी, जिससे गांव में दहशत का माहौल हो गया था। सूचना पर कैला देवी थाना पुलिस के उप निरीक्षक जतिन कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों से जानकारी की। जहां दोनों पक्षों के लोगों के घर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन आरोपी मौके से रार हो गए थे। उप निरीक्षक जतिन कुमार द्वारा दोनों पक्षों से मनोज, नेमपाल, देवेंद्र विकास और रामगोपाल तथा एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जन चौपाल में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को हटाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जन चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान में शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ को स्टाल लगाए और स्वच्छ भारत मिशन की ग्रामीणों की जानकारी दी गई।

विकास खंड असमोली के ग्राम सीडल माफी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित जन चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए। जिला पंचायती राज अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा अन्य योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के कचरा वाहन ग्रामीण परिवारों के यहाँ से कचरा प्रति दिन सेवा शुल्क रहेगा। यह कचरा आर आर सी सेंटर पर एकत्र होगा। जन चौपाल में गोल्डन कार्ड को लेकर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। संस्थागत प्रसव के साथ एएनसी जांच की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीणों को बताया गया कि पूरे गर्भधारण में 4 जांच होती हैं, सरकारी अस्पतालों में ही गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण अपने घर के आगे सोख्ता बनाएं तथा पानी का दुरूपयोग न करें जबकि सोख्ता को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली और ग्राम में माह में एक बार रैली करते हैं या नहीं इसकी जानकारी ली। इसके अलावा सरकारी विद्यालय में बच्चों के अधिक से अधिक पंजीकरण कराने को भी निर्देशित किया। चौपाल में ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री कमलेश दीक्षित मुरादाबाद में रहने की शिकायत पर डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया ने संबंधित अधिकारी को उनको हटाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों को सहजन के वृक्ष और उसकी उपयोगिता के साथ बताया कि सहजन के वृक्ष से आयरन एवं कैल्शियम की पूर्ति होती है तथा इसमें 92 प्रकार के पोषक तत्व पाये जाते हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों को अपने घर कम से कम एक सहजन का पौधा लगाने की अपील की। इस मौके पर सीडीओ गोरखनाथ भटट, सीएमओ डा. तरुण पाठक, राम आशीष, ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

अहिल्याबाई होल्कर जन्म शतब्दी पर संगोष्ठी

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष अभियान की जिला संगोष्ठी का का आयोजन किया गया।

भाजपा के जिला कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ रानीअहिल्याबाई होलकर,पं दीनदयाल उपाध्याय,डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री डा. विकास अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव एवं चंद्रपाल सिंह ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री डा. विकास अग्रवाल ने कहा कि उनके शासन में मालवा में अपेक्षाकृत शांति, समृद्धि और स्थिरता थी और उनकी राजधानी महेश्वर को साहित्यिक, संगीत, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया गया था।इस मौक पर डा. सुगंध ा सिंह, संतोष देवी, कुलदीप चाहल, ओमवीर सिंह खडगवंशी, मंजू दिलेर आदि मौजूद रहे।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। एसओजी, सर्विलांस व थाना गलशहीद पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुये 4 तमन्चे 315 बोर, 2 तमन्चे 12 बोर, एक पोनी 315 बोर, 2 अर्द्ध बने तमन्चे 315 बोर व 54 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 05 कारतूस जिन्दा 12 बोर, कारतूस की टिकली 1200 व कारतूस की बुलैट अर्द्ध बनी 150 व तमन्चे की नाल बनी व अर्द्ध बनी 88, पाईप 7, बारूद 2 किलो , एक जिन्दा बम, मुर्गाछाप टिकली वाले पटाखे (7 बण्डल), अर्द्ध बनी तमन्चे की बोडी की पत्ती करीब 10 किलो अवैध शस्त्र / कारत. ूस बनाने के उपकरण व एक कार शीजशुदा सहित नौ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसओजी, सर्विलांस व थाना गलशहीद पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना मझोला क्षेत्रांतर्गत टीपी नगर चौकी क्षेत्र से एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुये मौके से 9 आरोपियों अंकित पुत्र राजा सिंह निवासी हिमगीरी कालोनी डबल स्टोरी थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद, अरुण पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी वसन्त विहार कालोनी थाना मझौला जनपद मुरादाबाद,अंशुमन पुत्र जोगेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम मछरियां थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,तुषार पुत्र संदीप शर्मा निवासी खुशहालपुर चौराहा गली न0 1 थाना मझौला जनपद मुरादाबाद, जावेद पुत्र रियासत अली निवासी खोखरान निकट मदीना वाली मस्जिद थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद,समीर पुत्र शरीफ निवासी सीधी सराय पीर का नाला निकट सूफियों वाली मस्जिद थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद, इदरीश पुत्र जलालुद्दीन निवासी करूला गली नं0 8 थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, जाकिर पुत्र शराफत निवासी तारिख नगर थाना मझौला जनपद मुरादाबाद,रिजवान पुत्र मुमतियाज निवासी रहमत नगर गली नं0 05 करूला थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से अवैध 4 तमन्चे 315 बोर,2 तमन्चे 12 बोर, एक पोनी 315 बोर, 2 अर्द्ध बने तमन्चे 315 बोर व 54 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 05 कारतूस जिन्दा 12 बोर, कारतूस की टिकली 1200 व कारतूस की बुलैट अर्द्ध बनी 150 व तमन्चे की नाल बनी व अर्द्ध बनी 88, पाईप 7, बारूद 2 किलो प्लास्टिक डब्बे मे एक चौथाई भरा हुआ, एक जिन्दा बम, मुर्गाछाप टिकली वाले पटाखे 7 बण्डल, अर्द्ध बनी तमन्चे की बोडी की पत्ती करीब 10 किलो अवैध शस्त्र / कारतूस बनाने के उपकरण व एक कार शीजशुदा बरामद किये है।

एक नजर

टीएमयू फार्मेसी के डॉ. आशीष सिंघई को हर्बल फार्मूलेशन में पेटेंट

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज में फार्माकोग्नोसी के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सिंघई की झोली में एक और पेटेंट आया है। इस भारतीय पेटेंट के अलावा डॉ. सिंघई के नाम दो जर्मन पेटेंट भी हैं। इस भारतीय पेटेंट से रुमेटॉयड आर्थराइटिस का हर्बल फार्मूलेशन से प्रभावी इलाज संभव हो सकेगा। इस शोध में उन्होंने भारतीय औषधीय पौधों की जैव-सक्रियता का अध्ययन कर एक प्रभावशाली हर्बल फार्मूलेशन विकसित किया, जो रुमेटॉयड आर्थराइटिस के प्रबंधन में उपयोगी सिद्ध होगा। इस अनुसंधान कार्य में डॉ. सिंघई के साथ डॉ. हरि सिंह गौर यूनिवर्सिटी, सागर के प्रो. उमेश पाटिल और प्रोफेसर डॉ. संजय जैन भी जुड़े हुए हैं। फार्मेसी सेक्टर में यह नवाचार आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। रुमेटॉयड आर्थराइटिस जैसी जटिल बीमारी के लिए यह फार्मूलेशन सुरक्षित और किफायती समाधान देगा। डॉ. सिंघई बताते हैं, इस शोध में तीन हर्बल औषधियों की रुमेटॉयड आर्थराइटिस पर जैव-सक्रियता का गहन अध्ययन किया गया। रिसर्च में सक्रिय तत्वों को पहचानने के बाद फार्मूलेशन को अंतिम रुप दिया गया। इससे पूर्व डॉ. सिंघई को कैंसर और न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर पर दो जर्मन पेटेंट भी मिल चुके हैं। डॉ. सिंघई की झोली में 19 बरस का समृद्ध शैक्षणिक अनुभव है। अब तक 26 नेशनल और इंटरनेशनल शोधपत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। एक्सपर्ट्स के संग तीन किताबें भी प्रकाशित हो चुकी हैं।

घर के दरवाजे पर आग लगाने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

चन्दौसी। सीकरी गेट पुलिस चौकी ने रात्रि के समय में एक घर के दरवाजे पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 08 मई को शहर की सीकरी गेट पुलिस चौकी क्षेत्र में रात के लगभग 02 बजे के करीब एक व्यक्ति द्वारा एक घर के दरवाजे पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। घर के दरवाजे के बराबर में गैस सिलिंडर भी रखा था। किसी तरह गृहस्वामिनी ने आग पर काबू पाया। इस संबंध में राशिद अली पुत्र हकीम वाजिद अली द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने इस मामले में अब्दुल कय्यूम पुत्र रियाजुद्दीन नि0 सीकरी गेट, कस्बा व थाना चन्दौसी जिला संभल को गिरफ्तार किया गया। वहीं जब उसका मोबाइल चौक किये गया तो उसमें कई घरों व युवतियों के फोटो मिले।

जिला मुख्यालय बहजोई या चन्दौसी में बनाने की मांग उठाई

चन्दौसी। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बहजोई या चन्दौसी की माँग को लेकर प्रदर्शन किया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि बहजोई और चंदौसी ऐसी जगह है जहाँ यातायात सुलभ और आसान है। यहाँ से कोई भी व्यक्ति देश के किसी कोने में आसानी से आ जा सकता है। जब जिला सम्भल बना था तब ये तय हुआ था कि जिले के मुख्य स्थान पर जिला मुख्यालय स्थापित हागा जिससे जिले के सभी नागरिकों को सहूलियत रहे। चंदौसी में रेलवे जंक्शन है। यहाँ से पूरे जिले के नागरिक देश के किसी कोने में जा सकते हैं, सबसे बड़ी बात जब से सम्भल जिला अस्तिव में आया है तब से अधिकांश सरकारी कार्यालय बहजोई में ही स्थायी रूप से स्थापित हैं। अब मुख्यालय कहीं और स्थांतरण होता है तो सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए जिले के सभी नागरिकों की सहूलियत को देखते हुये जिला मुख्यालय बहजोई में ही रहने दिए जाए और जो अस्थायी सरकारी कार्यालय सम्भल में संचा. लित हैं उन सभी सरकारी कार्यालयों को बहजोई स्थाई रूप से स्थापित कर दिये जाये। इस दौरान शाहआलम मंसूरी, राजू चड्ढा, शिशिर वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, मोहित सिंह, नितिन रस्तोगी, सचिन वार्ष्णेय, विशाल, अजीत ठाकुर, मेहताब, उमेर शमशी आदि मौजूद रहे।

जिला बार एसोसिएशन के सभागार में हुआ शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। जिला बार एसोसिएशन के सभागार में शपथग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज पदम नारायण मिश्रा उपस्थित रहे, उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने शपथ ली है, उस शपथ का एक-एक शब्द आप अपने आप में अंगीकार करें, जिससे आपकी बार की एक अच्छी व्यवस्था सुधारण हो सके। उन्होंने आगे कहा कि जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद एक ऐतिहा. सिक बार है, जिसके सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं,जिन्होंने इस वार भी निर्विरोध चुनाव कराया है।विशिष्ठ अतिथि बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य शीरिश मल्होत्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल जनपद के अधिवक्ताओं के लिए अत्यधिक योजनाओं पर विचार कर रही है और काफी योजनाओं का लाभ जनपद के अधिवक्ताओं को पहुंचाया जा रहा है।

वहीं डीजीसी सिविल अजय गुप्ता ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। कार्यक्रम में ऐल्डर कमेटी के चौयरमेन फारुख अहमद निजामी, ललित अरोरा, सत्य प्रकाश भटनागर, डीजीसी सिविल अजय गुप्ता को जिला जज पदम नारायण मिश्रा ने शाल पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आदेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार सक्सेना, राकेश वशिष्ठ, सफदर अली, ध्रुव कुमार सक्सेना, आदीश कुमार जैन, पारूल जैन आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल पाल सिंह व संचालन प्रकाश वीर सिंह ने किया।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय से ऐसे वाहनों की सूची प्राप्त करें जिनका तेज के लिए साइलेंसर मॉडिफाई कराया गया है। उस सूची के अनुसार साइलेंसर मॉडिफिकेशन कराने वाले वाहनों का पंजीकरण निरस्त कराया जाए। साथ ही मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी यह सुनिश्चित करें कि वाहनों के साइलेंसर मॉडिफाई करने वाले वर्कशॉप के विरुद्ध सीज करने की कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि मॉडिफाई साइलेंसर की वजह से वाहनों में तेज आवाज होती है जिससे स्थानीय लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और वाहनों का साइलेंसर मॉडिफाई कराना मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार गैरकानूनी भी है इसलिए अभियान चलाकर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया कि शहर में सभी टावरों पर हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगाए जाएं और उनका कंट्रोल नजदीकी पुलिस थाना स्तर पर होना चाहिए। यह आमजन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि कॉलेजों में बच्चों को सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियां और नियमों के बारे में जागरूक किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, एडीएम सिटी सुश्री ज्योति सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

टिमिट के पांच छात्रों का बाइंडिंग माइंड्स कंपनीमें चयन

ऋषिता गुप्ता | अरिहंता पाटनी | आकांशा जैन | अर्पिता पैसल | सानवी कक्कड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। टिमिट में फाईनल ईयर के विद्यार्थियों के लिये देश की प्रतिष्ठित कम्पनी बाईंडिंग माइंड्स ने जूनियर रिक्रूटर के पद के लिये कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कम्पनी की ओर से सीनियर ऐग्जीक्यूटिव-एच.आर. ने कम्पनी व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इन्टरव्यू लिये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के एमबीए के 2, बीबीए के 1 व बीकॉम के 2 विद्यार्थियों को अंतिम रूप से ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किये गये। चयनित छात्रों को कंपनी ने अपने ऑफिस ज्वाइन करने हेतु आमंत्रित किया है। भाग्यशाली चयनित विद्यार्थियों के नाम क्रमशः एमबीए के ऋषिता गुप्ता, और अरिहंता पाटनी बीबीए की आकांशा जैन व बीकॉम अर्पिता पैसल और सानवी कक्कड़ ने इस उपलब्धि का श्रेय टिमिट के सर्वोत्तम स्लेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सर्वोत्तम फैकल्टिज के साथ उत्तम प्लेसमेंट सेल की क्रिया प्रणाली को प्रदान किया और कहा कि टिमिट से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उनके सपनों की मंजिल मिल गई है तथा वह आजीवन टीएमयू से जुडे रहेंगें। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा इंडस्ट्रिज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहत. रीन मैनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार करता आया है। बाईंडिंग माइंड्सजैसेप्रतिष्ठित ब्रांडों का कैंपस में पधारना टिमिट, टीएमयू के लिए बडे गर्व का विषय है। हमने अपने मैनेजमेंट कोर्स में उद्योग-उन्मुख एकीकृत पाठ्यक्रम उन पेशेवरों द्वारा राय लेकर डिजाइन किए हैं जो उद्योग का हिस्सा हैं और जानते हैं कि छात्रों को क्या पढ़ाया जाना चाहिए। ये पाठ्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि छात्र पेशेवर दुनिया में छाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। सत्र 2025 में पासआउट छात्रों ने प्लसमेंट सैल व विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन व सपोर्ट की भूरि-भूरि प्रशंसा की व कहा कि टिमिट शिक्षा के लिए सर्वोतम संस्थान है जहाँ से हर संभव मदद हमें मिली है।

इस अवसर पर कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आक. ाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उत्तम प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिकायत के संबंध में दी आख्या

चन्दौसी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संभल ने जिलाधिकारी को अपनी आख्या प्रेषित की है। शिकायतकर्ता तीरथकिशोर चतुर्वेदी पुत्र विपिनचंद्र चतुर्वेदी नि0 चन्दौसी संभल द्वारा सूचना मांगी गयी थी जिसमें संदर्भ का विवरण चन्दौसी जनपद संभल में बेसिक शिक्षा के सिलेबस को कक्षा 08 तक के प्राईवेट स्कूलों में क्यों लागू नहीं किया जा रहा है, प्रमाण सहित मांगा था, जबाव में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को सूचना उपलब्ध करायी गयी जिसमें बताया गया कि जनपद में कक्षा 01 से 08 तक के विद्यालयों के संचालनकर्ता द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर नियम विरुद्ध अन्य पाठ्यपुस्तकों से विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण कराये जाने तथा निजी प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकों को क्रय किये जाने से अभिभावकों को शोषण किये जाने के संबंध शिकायत संज्ञानित हुयी। यदि किसी विद्यालय में किसी प्रकाशक की पुस्तकों का प्रयोग होना पाये जाने की स्थिति में तत्काल संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं। बीएसए अलका शर्मा द्वारा दिया गया है।

Name Change

I Anshika D/o Shri Sanjeev Kumar Yadav, R/o Nikum House, Khushhalpur Road, Majholi, Moradabad has changed my name to Anshika Yadav. My DOB was mistakenly printed as 12.08.2005. My correct DOB is 12.07.2005. These changes may be considered for all future purposes.

खोया-पाया सूचना

मेरा मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 19336, के पृष्ठ 165 से 178, तक, क्रमांक 4624, पर दिनांक 14-3-2024 को उप निबंधक सदर प्रथम में पंजीकृत है, जिसका खसरा नंबर 71, रकबई 79.00 वर्ग मीटर, वाकं स्थित सिरकोई भूड उर्फ भोगपुर मिठौनी (दोनों लाइनों के बीच) तहसील व जिला मुरादाबाद, जो श्रीमती नीलू सिंह पत्नी बी. एन. सिंह निवासी ब्रज धाम कॉलोनी रेलवे हरथला कॉलोनी शहर व जिला मुरादाबाद से क्रय किया था वास्तव में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा। **रूपेश पुत्र श्री मोहन सिंह निवासी पीएसी आदर्श नगर कॉलोनी तहसील व जिला मुरादाबाद।** मो. 6398403400

न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय, जनपद-मुरादाबाद।
नंबर मुकदमा: 734 सन् 2024
नया नंबर: 136 सन् 2024
तारीख पेशी: 28.05.2025
कपिल कुमार पुत्र श्री शिवनन्दन सिंह निवासी-राजकीय आदर्श कॉलोनी, फ्री लाईन, मुरादाबाद-**वादी।**
बनाम
श्रीमती नेहा सिंह पत्नी स्व० श्री नितिन सिंह निवासी पूनम बिहार शाहपुर तिगरी, मुरादाबाद। मोबाइल नं- 9997439681
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक नालिश बावत आदेशात्मक व्यादेश की डिक्री दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बत्तारीखा 28.05.2025 ववक्त 10.00 बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इतला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूओ और फैसला होगा।
दरख्वास्त मेरे दस्तख्यत और मोहर अदालत के आज बतारीख 22.05.2025 को जारी किया गया।
प्रबंधक/वाद लिपिक
न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश, जनपद-मुरादाबाद

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद
उत्तरा. वि.वाद संख्या: 150/2025
तारीख पेशी: 02.07.2025
अभिनव जोशी आदि।
बनाम जनता आम
अभिनव जोशी आयु लगभग 30 वर्ष पुत्र दीप कुमार जोशी निवासी टी 3-402, मधुबन ग्रीन, रामगंगा विहार, तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. धैर्य जोशी आयु लगभग ढाई वर्ष (आवयस्क) पुत्र अभिनव जोशी द्वारा अपने पिता व प्राकृतिक संरक्षक अभिनव जोशी-**वादी।**
बनाम जनता आम
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा अभिनव जोशी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा अभिनव जोशी मुसबफा श्रीमति रिचा तिवारी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.1080327.89/- हरगाह मुसम्मा अभिनव जोशी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 02 मास 07 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
प्रबंधक
न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद
उत्तरा. वि.वाद संख्या: 169/2025
तारीख पेशी: 30.05.2025
श्रीमती ममता रानी पत्नी स्व० विनीत कुमार निवासनी मौ० श्रीनगर कॉलोनी, कुन्दनपुर, लाइनपार, थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
बनाम
1. ईशलोक चौधरी नाबालिग आयु 14 वर्ष पुत्र स्व0 श्री विनीत कुमार संरक्षिका सगी माता श्रीमती ममता रानी पत्नी स्व० विनीत कुमार निवासनी मौ० श्रीनगर कॉलोनी, कुन्दनपुर लाइनपार थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. श्रीमती समरवती पत्नी स्व0 जयप्रकाश सिंह निवासी ग्राम रतनपुरा थाना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर हॉल नि. श्रीनगर कॉलोनी, कुन्दनपुर, लाइनपार, थाना-मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. **जनता आम।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती ममता रानी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती ममता रानी मुसबफा स्व० विनीत कुमार अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.6,27,280/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती ममता रानी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 30 मास 05 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
प्रबंधक
न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।

ग्रीष्मावकाश में भी संचालित होगी आईसीटी की पाठशाला

चन्दौसी। आईसीटी की पाठशाला की मंडल कोर्डिनेटर राखी अग्रवाल (स०अ०, कंपोजिट विद्यालय जनैटा, विकास क्षेत्र बनियाखेड़ा जनपद संभल) ने बताया कि प्राथमिक स्तर से ही बच्चों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने हेतु डिजिटल लिटरेसी बाल ई-पोस्टर के 10 अंक बच्चों तक हमारे द्वारा विद्यालय में तकनीकी संसाधनों का उपयोग करके पढ़ाये गये एवं हार्ड कॉपी भी बच्चों को उपलब्ध कराई गई थी। इन्हीं अंकों पर आधारित ग्रीष्मकालीन ई-होमवर्क शीट से अब उत्तरप्रदेश के छात्र-छात्राओं के लिए गर्मी की छुट्टियों में भी तकनीकी शिक्षा की राह खुल गई है। यह वर्कशीट आईसीटी की पाठशाला के संस्थापक इंजी. शेखर यादव एवं स्टेट आईसीटी अवॉर्डी शिक्षकों द्वारा एक अभिनव पहल है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर पाठ्यक्रम पर आधारित ग्रीष्मकालीन डिजिटल लिटरेसी बाल ई-होमवर्क शीट तैयार की गई है। कंपोजिट विद्यालय जनैटा की स०अ० राखी अग्रवाल (स्टेट आईसीटी अवार्डी सत्र 2023 व 2024) ने बताया कि अब तक बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित व अन्य विषयों की ग्रीष्मकालीन गृहकार्य वर्कशीट्स तो मिलती थीं लेकिन कंप्यूटर विषय के लिए कोई वर्कशीट उपलब्ध नहीं थी। आईसीटी की पाठशाला के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से, बच्चों के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एवं बच्चों को इन वर्कशीट्स के प्रिंटआउट देकर भी ग्रीष्मकालीन डिजिटल लिटरेसी ई-होमवर्क शीट्स को बच्चों को उपलब्ध कराया गया है।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. राशी श्रीवास्तव का योगदान बहुप्रतिष्ठित महिला पत्रिका

'शी इंस्पायर' के विशेष संस्करण 'भारत की सर्वाधिक प्रशंसित महिलाएं' में हुआ प्रकाशित

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की शिक्षिका डॉ. राशी श्रीवास्तव के योगदान को बहुप्रतिष्ठित महिला पत्रिका ''शी इंस्पायर'' ने अप्रैल, 2025 के अपने विशेष संस्करण ''भारत की सर्वाधिक प्रशंसित महिलाएँ 2025'' में प्रकाशित किया है। हाइपेज नेटवर्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर द्वारा प्रकाशित इस डिजिटल पत्रिका के प्रबंध संपादक के अनुसार इस अंक में शामिल प्रत्येक महिला को मानसिकता और कार्रवाई दोनों में परिवर्तन को प्रभावित करने की उनकी क्षमता के लिए चुना गया है। इस पत्रिका में डॉ. श्रीवास्तव समेत देश के अलग-अलग क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाली कई अन्य महिलाओं में रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्षा नीता अंबा. नी, भारतीय अभिनेत्री दीपिका पाद. ुकोण, भारतीय पेशेवर निशानेबाज मनु भाखर एवं इन्फोसिस फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्षा सुधा मूर्ति आदि के साथ ही कई अन्य महिलाओं के नाम शामिल हैं। डॉ. श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोटीवाल एवं प्रति कुलाधिपति अभिनव कोटीवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने डॉ. श्रीवास्तव की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस उत्कृष्ट पत्रिका में स्थान मिलना अपने आप में एक बड़ी बात है तथा इससे विश्व विद्यालय का नाम ऊंचा हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों की उपलब्धियों से विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है। डॉ. श्रीवास्तव के कॅरियर के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक उनकी पुस्तक, बायोइनफॉरमैटिक्स इन कैंसर इम्यूनोजेनोमिक्स का प्रकाशन था, जो कैंसर को समझने में कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी की भूमिका में उनके गहन शोध को दर्शाता है। उन्हें एक और महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब उन्हें लक्षित दवा वितरण के उद्देश्य से नैनोकणों को विकसित करने के लिए पेटेंट दिया गया- एक मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने उनके काम को वैश्विक सुर्खियों में ला दिया। डॉ. श्रीवास्तव ने अध्यापन और शोध के 16 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ बायोइन्फॉर्मेटिक्स और बायोटेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्रों में अपने लिए एक जगह बनाई है। उन्हें वर्ष 2022 में विमेन रिसर्चर अवॉर्ड, एक्सीलेंट टीचर अवॉर्ड तथा वर्ष 2024 में टॉप 100 हाइली इफेक्टिव टीचर्स अवॉर्ड मिल चुका है। वर्तमान में डॉ. श्रीवास्तव कैंसर जीनोमिक्स और ड्रग डिलीवरी सिस्टम में डॉक्टरेट अनुसंधान की देखरेख कर रही हैं, जो उनके पेटेंट किए गए शोध की नींव पर आधारित है। विश्वविद्यालय में मेंटरिंग और काउंसलिंग सेल के समन्वयक के रूप में सेवा कर रही हैं, और उसी भावना से भविष्य के वैज्ञानिकों को आकार दे रही हैं। साथ ही वह विभिन्न विश्वविद्यालयों में बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) की सदस्या भी हैं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुल. पति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निद. शक डॉ. आर.के. यादव, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तंजील अहमद समेत विश्व. विद्यालय के अधिकारियों, विभिन्न स्कूलों निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों और सभी कर्मचारियों ने डॉ. श्रीवास्तव को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

डॉ. राशी श्रीवास्तव

विधान सभा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम, मंडल में स्पोर्ट्स कालेज बनाने की तैयारी

कांठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर विधानसभा क्षेत्र में एक मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम और हर मंडल में एक आधुनिक स्पोर्ट्स कालेज बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इन स्पोर्ट्स कालेजों को सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से जोड़ा जाए, ताकि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें। युवा कल्याण और प्रांतीय रक्षक दल विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल से जुड़ी सभी निर्माण परियोजनाएं समय और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी की जाएं। हर सप्ताह वरिष्ठ अधिकारी, हर 15 दिन में प्रमुख सचिव और हर महीने मंत्री स्तर पर मानीटरिंग होनी चाहिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि तीन मंडलों में स्पोर्ट्स कालेज संचालित हो रहे हैं और तीन अन्य में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। शेष 12 मंडलों में भी जल्द ही निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। खेल प्रतियोगिताओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक की सभी प्रतियोगिताओं को एकीकृत करते हुए एमपी-एमएलए स्पोर्ट्स गेम्स से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हर जिले में हर आयु वर्ग के लिए खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएं, ताकि छिपी प्रतिभाओं को खोजा जा सके।

समर कैम्प में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

कांठ। महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज में संचालित समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतिभागी सभी ग्रुप की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का कौशल दिखाते हुए आकर्षक रंगोली बनाई। प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा वंदना, भूमिका, कनक, वाणी, छवि, शिफा ने प्रथम स्थान, कक्षा 10 ए की छात्रा मिताली राज, जीविका, कामिनी, प्रियांशी, अवनि बिश्नोई ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 10 सी की छात्रा इशिका, तेजस्वी, कनक, अमृता, अर्पिता, सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने पुरस्कृत किया और कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलते है। रंगोली प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह,पदम सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह राणा,सुनील कुमार, निशिकांत पाठक, गौरव कुमार,संतोष कुमारी, रानी राणा, रश्मि शर्मा, ऊषा सिंह आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवकों का विशेष योगदान रहा।

हॉवर्ड में बच्चों ने जाना प्राणायाम का महत्व

शाह टाइम्स संवाददाता

कांठ। हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल में संचालित समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने आज विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और प्राणायाम का महत्व जाना इस दौरान बच्चों ने खेलो में लंबी कूद ऊंची कूद आदि जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समर कैंप का महत्व बताते हुए कहा कि विद्या अध्ययन के साथ-साथ छात्रों के जीवन में मनोरंजन का भी बहुत महत्व होता है जिससे उनका अध्ययन सुचारू और सरल रूप से क्रियान्वित रहता है बताया कि खेल और व्यायाम हमारे मन मस्तिष्क तथा शरीर को स्वस्थ रखते हैं इसलिए हमें नियमित जीवन में खेल और व्यायाम को प्रधानता देनी चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना

हमने अपने पुत्र अब्दुल रहमान पुत्र इरफान अली निवासी मिलक पल्लूपुरा घोसी पाकबडा तहसील व जिला मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अब्दुल रहमान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **इरफान अली पुत्र श्री मुस्ताक व श्रीमति शमीम जहां पत्नी श्री इरफान अली निवासी गण ग्राम मिलक पल्लूपुरा घोसी थाना पाकबड़ा तहसील में जिला मुरादाबाद।**

खोया-पाया सूचना

श्रीमती यास्मीन बानो पत्नी श्री जलील अहमद के पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेख जो रजिस्ट्रार अमरोहा के कार्यालय में बुक नं. 1 जिल्द नं. 6055 पृष्ठ नं. 17 से 34 क्रमांक नं. 8081 दिनांक 28/05/2013 में पंजीकृत है, वास्तव में कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था/बैंक को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति है या उक्त संपत्ति को पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद शाखा के पास बंधक रखने के संबंध में कोई आपत्ति या आपत्ति है। तो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ति/दावा मेरे पास प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय एवं बंधक के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद शाखा उक्त संपत्ति को अपने नाम बंधक रखेगी तथा ऋणकर्ता के पक्ष में ऋण मुक्त करेगी। कपिल चौधरी एडवोकेट कानूनी सलाहकार पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद मो. 941232218

बेदखली सूचना

मैंने अपनी पुत्री वंशिका भारद्वाज पुत्री स्व.आशीष भारद्वाज को गलत आचरण, दुर्व्यवहार, विवाद ,कलह व मनमानी करने के कारण अपने समस्त संबंधो से विच्छेद कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य/लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **पारुल भारद्वाज पत्नी स्व. आशीष भारद्वाज निवासी चाऊ की बस्ती निकट पंजाबन वाली गली, लाइनपार, मुरादाबाद।**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''मेसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन (के० एस० के० क्रम सं0-267, ग्राम बैरूआ, तहसील शाहबाद, जिला रामपुर'', दि इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म है, जिसका पंजीकरण संख्या RAM/00 20851 व दिनांक 18.03.2025 है। फर्म का पूरा नाम मेसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन (के०एस०के० क्रम सं० 267, ग्राम बैरुआ, तहसील शाहबाद, जिला रामपुर, है जैसा कि साझेदारी विलेख दिनांक 04.03.2025 में उल्लिखित है। पंजीकरण प्रमाण पत्र में फर्म का नाम 'मेसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन' के बाद ''(के० एस०के०, क्रम सं0 267'' त्रुटिवश टंकित नहीं हुआ है। अत: इस आशय की सूचना दी जाती है कि फर्म का पूरा नाम ''मेसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन (के०एस०के० क्रम सं० 267, ग्राम बैरुआ, तहसील शाहबाद, जिला रामपुर'' है और पंजीकरण प्रमाण पत्र दिनांक 18.03.2025 में टंकित नाम ''मेसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन, ग्राम बैरुआ, तहसील शाहबाद, जिला रामपुर'' तथा साझेदारी विलेख दिनांक 04.03.2025 में उल्लिखित नाम ''मेसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन (के०एस०के० क्रम सं0 267, ग्राम बैरुआ, तहसील शाहबाद, जिला रामपुर'' एक ही फर्म के नाम हैं और फर्म के समस्त कार्य साझेदारी विलेख दिनांक 04.03.2025 के अनुसार ''मेसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन (के०एस०के० क्रम सं0 267, ग्राम बैरुआ, तहसील शाहबाद, जिला रामपुर'' के नाम से ही किये जाते हैं। भवदीय- (रोहित शर्मा) पार्टनर मैसर्स ओम अंजनी पुत्र फिलिंग स्टेशन (के०एस०के०, कम सं0 267 ग्राम बैरूआ तहसील शाहबाद जिला रामपुर।

तेंदुए की दहशत लोधीपुर राजपूत, गुरेठा, गिंदोड़ा गांव में जानकारी करने पहुंची वन विभाग की टीम

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के लोदीपुर राजपूत,गुरेठा , गिंदोड़ा गांव में तेंदुए की दहशत को देकते हुए वन विभाग द्वारा गांव लोधीपुर राजपूत में तेंदुए की जानकारी करने पहुंचे एक दिन पहले लोगों ने वन विभाग के प्रति रोष व्यक्त किया। था सभी ने वन विभाग के खिलाफ नारे लगाए। लोगों मै तेंदुए की वजह से डर सता रहा था इसी को देखते हुए गांव लोधीपुर, गुरेठा, गिंडोरा,के आसपास के कई गांवों में तेंदुए को देखा गया था। तेंदुए की दहशत के चलते गांव के लोग सड़क पर आ गए थे और एक दिन पहले वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई थी लोगों द्वारा बताया कि तेंदुए की दहशत की वजह से लोग अपने घरों में कैद दिखाई पढ़ रहे थे इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारी अनुज कुमार यादव को एक दिन पहले सूचना दीं गई थी उन्होंने कहा कि पिंजरा लगवा देंगे। इसी बात को संज्ञान में लेते हुए वन विभाग के अधिकारी ने अपनी टीम द्वारा कर्मचारियों को भेज कर ग्रामीणों से जानकारी ली गई लोदीपुर राजपूत में तेंदुए के प्रति ग्रामीणों द्वारा बताया गया कई दिनों से इन्ही गांव में दिखाई दे रहा है जिससे ग्रामीणों में दहशत क माहौल बनता जा रहा है वन विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि जल्द ही तेंदुआ को पकड़ लिया जाएगा वन विभाग के अधिकारी अनुज कुमार यादव टीम के साथ मोके पर पहुंचे गांव निवासी,देवेंद्र पाल, नौरंग सिंह,लवकेश,संजय कश्यप,आदि थे।

मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी का आयोजन कर छात्राओं को किया गया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत स्कूलों में छात्र छात्राओं के साथ गोष्ठी कर जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं से अगवत कराया गया। शुक्रवार को नगर स्थित स्कूलों में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत स्कूलों में छात्र छात्राओं के साथ एसएसआइ ब्रजेंद्र सिंह महिला उपनिरीक्षक आरती अरोड़ा, अर्चना तोमर, अंजली द्वारा गोष्ठी कर जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से अगवत कराया गया। गोष्ठी में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड ऑपरेशन डेस्ट्राय ऑपरेशन, बचपन, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन मजनू ऑपरेशन नशा मुक्ति ऑपरेशन ईगल, ऑपरेशन रक्षा बलिकाओ को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 , पुलिस आपातकालीन सेवा 112 ,स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076 ,चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान कांस्टेबल गौरव कुमार, अनुज चौधरी मनीष कुमार रवि सैनी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

पीएम श्री योजना में शामिल तहसील के चयनित स्कूलों का भी होगा विकास

कांठ। पीएम श्री योजना के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों को 17.5 करोड़ रुपये शासन ने जारी कर दिए हैं। योजना के तहत यह तीसरी किस्त पीएम श्री श्स्टेट इम्प्लीमेंटिंग सोसाइटीश को आवंटित की गई है।इससे पहले दो किस्त में 28 करोड़ रुपये की राशि जारी हुई इस योजना के तहत 46 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के तहत देशभर के चयनित सरकारी स्कूलों को माडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान और गणित की उन्नत प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद की सुविधाएं और समावेशी शिक्षा जैसे आधुनिक संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम का आयोजन

कांठ।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चौप्टर एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश पश्चिम जोन के सचिव योगाचार्य महेंद्र सिंह विश्नोई द्वारा 100 दिनों के चल रहे अभियान के अन्तर्गत रेनबो पब्लिक स्कुल हकीमपुर बाईपास रोड मुरादाबाद में " योग संगम " का कार्यक्रम कराया गया। योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराते हुए बताया कि बच्चों को सूर्यनमस्कार ,शीर्षासन सर्वांगासन ,चक्रासन , हलासन पश्चिमोत्तानासन एवं भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उज्जायी प्राणायाम आदि योगाभ्यास बचपन से करने चाहिए जिससे वे स्ट्रेस फ्री होकर के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और आजीवन निरोगी रह सकें।

आभार प्रकट करते हुए स्कुल के प्रधानाचार्य एवं स्कुल निदेशक ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक है। कहा कि आई वाई ए की यह अच्छी पहल है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने लॉन्च किया यशोदा एआई: महिलाओं का पहला एआई साक्षरता अभियान

- डिजिटल इंडिया और विकसित भारत के विजन के तहत एआई साक्षरता और डिजिटल कौशल के साथ महिलाओं को सशक्त बनाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने आज यशोदा एआई अभियान को लॉन्च किया। इस पहल को राष्ट्रीय महिला आयोग ने फ्यूचर शिफ्ट लैब्स (FSL) के सहयोग से लागू किया,इसका मकसद महिलाओं में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है। भीमराव कॉलेज पुलिस अकादमी मुरादाबाद में 23 मई 2025 को डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एआई सखी पहल शुरू की गई, जो महिलाओं को टेक्नोलॉजी और समावेशन से विकसित भारत में सार्थक योगदान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। राष्ट्रीय महिला आयोग की अगुवाई में यशोदा एआई अभियान भारत का पहला राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसे खासतौर पर ग्रामीण और छोटे कस्बों की महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई, साइबर और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएगा। यशोदा एआई एक प्रशिक्षण कार्यक्रम बढ़कर महिलाओं को आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और जागरूकता बनाने के साथ डिजिटल दुनिया में उन्नति में को प्रेरित करता है। यशोदा एआई अभियान में कई जटिल मुद्दों जैसे एआई से जुड़े अपराध, डिजिटल प्राइवेसी और सुरक्षा रणनीति पर चर्चा हुई। छात्रों, शिक्षकों और पुलिस बल की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अभियान समुदाय नेतृत्व वाली डिजिटल शिक्षा का उदाहरण बन गया है। भारत के तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल माहौल में महिलाएं केवल हिस्सेदार नहीं, बल्कि लीडर और मेकर की भूमिका अदा करें। इसी मकसद के यशोदा एआई आगे बढ़ा रहा है। पेरिस में एआई शासन पर आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में भारत की मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। साथ ही यशोदा एआई जैसी पहल से महिलाओं में डिजिटल सशक्ति करण बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंबित किया। यह भारत में महिलाओं को डिजिटल क्रांति में शामिल दृढ़ता को दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला-नेतृत्व वाले विकास और एक विकसित भारत के तहत यशोदा एआई अभियान सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा। साथ ही भारत सरकार के इंडियाएआई मिशन को आगे बढ़ाएगा। इसका मकसद भारत को एआई रिसर्च, इनोवेशन और विकास का वैश्विक केंद्र बनाना है। पीएम मोदी की लीडरशिप में मिशन सभी नागरिकों तक फायदा पहुंचाएगा। यशोदा एआई महिलाओं में डिजिटल कौशल से एआई क्रांति में लीडरशिप भूमिका में लाएगा। पेरिस में एआई शासन पर वैश्विक शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने जिम्मेदारी के साथ एआई के इस्तेमाल पर जोर दिया था। एआई की मदद से सबसे कमजोर तबके तक फायदा पहुंचाने की कोशिश है। यशोदा एआई अभियान डिजिटल इंडिया पहल का सटीक उदारण है, जो भारत को डिजिटली सशक्त समाज और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद करेगा। इससे जमीनी स्तर पर एआई साक्षरता से महिलाओं को देश की डिजिटल विकास की कहानी में जोड़ा जाएगा। यशोदा एआई कार्यशालाएं करियर, डिजिटल स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग की नई राह खोलेगा। यह ऑनलाइन सुरक्षा के साथ भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इस इवेंट में एनडब्ल्यूसी की चेयरमैन विजया राहटकर ने कहा कि सही बदलाव तब आता है, जब महिलाएं भविष्य के टूल की मास्टर बनती हैं। उन्होंने कहा कि यशोदा एआई अभियान केवल एक टेक्नोलॉजी की सीख नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास पैदा करने, जानकारी रखने, महिला की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कल के लिए तैयार करना है। उन्होंने जोर दिया कि एआई आज के जीवन में अहम योगदान है। विजया के मुता. बिक यशोदा एआई मातृत्व का अहम हिस्सा है। यशोदा एआई सभी टेक्नोलॉजी की जननी है, जो महिलाओं को सुरक्षा, उपाय प्रदान करके सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने सभी राज्यों में एआई टेक्नोलॉजी में महिलाओं की जागरूकता के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया। इस पहल को राष्ट्रीय महिला आयोग ने फ्यूचर शिफ्ट लैब्स (FSL) के सहयोग से लागू किया, जो टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता और प्रशिक्षण में सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम में बोलते हुए, फ्यूचर शिफ्ट लैब के संस्थापक नितिन नारंग ने कहा कि ष्यह केवल ए साक्षरता के बारे में नहीं है, यह भारत की महिलाओं के लिए सम्मान और डिजिटल सशक्तिकरण के समान अवसर प्रदान करने के बारे में है, जो एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रमुख स्तंभ हैं। इस कार्यक्रम में फ्यूचर शिफ्ट लैब के सह-संस्थापक और निदेशक सागर विश्नोई और यशोदा एआई के संयोजक प्रणव द्विवेदी ने भी अपने विचार पेश किये। उन्होंने सामूहिक रूप से भारत के एआई सफर में डिजिटल साक्षरता और महिलाों के लीडरशिप पर जोर दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला आयोग के रामावतार सिंह, शिवानी डे और संतोष कुलकर्णी मौजूद रहे। इस इवेंट में 140 पुलिस अधिकारी, 12 सीनियर पुलिस अधिकारी के साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक बिकास कुमार वैद्य, अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अंगना शर्मा मौजूद रहे, जिन्होंने डिजिटल समावेशन और एआई जागरूकता में हिस्सेदारी पर जोर दिया।

राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) भारत में महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए सर्वोच्च वैधानिक निकाय है। यह नीति महिलाओं के लैंगिक समानता, डिजिटल साक्षरता और कानूनी जागरूकता पर राष्ट्रीय स्तर के अभियान चलाता है और सरकार को सलाह उपलब्ध कराता है। फ्यूचर शिफ्ट लैब्स (FSL) एक वैश्विक थिंक टैंक और इनोवेशन लैब है जो उभरती टेक्नोलॉजी के नैतिक और समावेशी उपयोग के लिए समर्पित है। यह एआई जिम्मेदारी से इस्तेमाल, डिजिटल समावेशन और मानवाधिकारों पर आधारित बुनियादी ढांचा विकसित करता है जो यह सुनिश्चित करता हैं कि डिजिटल युग में कोई भी पीछे न छूटे।

एक नजर

गलत दिशा से आए आटो ने ऑल्टो कार में मारी टक्कर दो यात्री घायल

अगवानपुर। शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब आशू पुत्र रो. हताश सिंह ग्राम रोहनिया थाना हेमपुर दीपा जनपद बिजनौर निवासी अपनी ऑल्टो कार नंबर UP 20 AV 5255 से मुरादाबाद से बिजनौर जा रहे थे इस दौरान कांठ रोड शेरुआ चौराहा अगवानपुर की ओर से ऑटो नंबर UP 21 DT 4636 का आटो चालक सवारी लेकर मुरादाबाद जा रहा था आटो चालक ने अचानक अपना आटो गलत दिशा में मोड़ दिया इस दौरान दोनों वाहन टकराकर बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

वहीं कार में बैठी सुधा देवी वह आटो में बैठी सवारी अनुज पुत्र जालम सिंह दो लोग घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। वहीं चौकी प्रभारी सुनील राठी ने बताया कि बिजनौर निवासी आशू पुत्र रोहताश आल्टो कार से अपनी साईड से मुरादाबाद से अपने घर लौट रहे थे। अचानक आटो चालक ने अपना आटो गलत दिशा में मोड़ दी जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए इस दौरान कांठ रोड पर लम्बा जाम लग गया पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कराकर यातायात सुचारू कराया वहीं दोनों वाहनों में बैठे दो लोगो को मामूली चोटें आई हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया हैं।

नारी मिशन शक्ति स्मृद्धि कार्यक्रम के तहत 20 महिलाओं को शॉल देकर किया सम्मानित

ठाकुरद्वारा। किशनपुर गांवड़ी में आयोजित नारी शक्ति शिल्प की समृद्धि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ और संबोधन दिया। भारत सरकार के हस्तशिल्प कला विभाग के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर , कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट जरीफ मालिक प्रबंधक एचएससी इंटर कॉलेज, विशिष्ट अतिथि गौरव चौहान जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल व जया गहलौत अध्यक्ष कृष्णा इंटरनेशनल कॉलेज रहे। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, समाज कल्याण अधिकारी, सहायक आयुक्त हस्तशिल्प बरेली, एसडीएम प्रीति सिंह , रूद कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा, विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम यादव व समस्त स्टॉफ तथा हजारों की संख्या में हस्तशिल्प समूहों से जुड़ी महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरव चौहान ने भारत सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया और महिलाओं से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार से जुड़कर समाज में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

महिला कांग्रेस टीम ने डोर टू डोर सम्पर्क कर कांग्रेस की नीतियों से किया जागरूक

ठाकुरद्वारा। महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, एवं प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर शुक्रवार को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र गांव अब्दुल्लापुर लेदा प्रथम, अब्दुल्लापुर लेदा द्वितीय, ठाकुरद्वारा वार्ड 21, फरीदनगर, दलित वस्ती अब्दुल्लापुर लेदा में डोर टू डोर नुक्कड़ सभा कर महिलाओं को कांग्रेस

की नीतियों के बारे में जागरूक करते हुए कांग्रेस से जुड़ने पर जोड़ प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश और देश में कांग्रेस की नीतियों से लोग प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। कांग्रेस सरकार में महिलाओं रोजगार मुहैया कराए जाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलायी गई थी। कांग्रेस की नीतियों से महिलाएं लगातार पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रही है। इस दौरान शमीला बेगम, मुस्कान, रुखसाना फिजा जमीला रजनी सरोज देवी पिंकी, दुर्गा रानी विनीता कुमारी,टिंकी सहित अन्य महिला कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहीं।

शिव सेंट जोसेफ इंटर कालेज में एसडीएम ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

ठाकुरद्वारा। शिव सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज में समारोह पूर्वक हाईस्कूल र इन्टर के में मेधावी स्कूल कालेज टॉपर छात्रों को एसडीएम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को नगर में काशीपुर चुंगी स्थित

शिव सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज में समारोह पूर्वक हाईस्कूल व इन्टर के में मेधावी स्कूल कालेज टॉपर छात्रों को एसडीएम प्रीति सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया । समारोह में कालेज प्रबन्धक एडवोकेट रामवीर सिंह ने एसडीएम प्रीती सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल व इन्टर का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। समारो में एसडीएम प्रीति सिंह ने इण्टर की छात्रा नाजिया, रिया व सिलिन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

हाईस्कूल में नेहा, कनिका, शगुन, सलोनी व शुभदीप, नवीन को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रीति सिंह ने छात्र-छात्राओं से अच्छी शिक्षा ग्रहण हासिल कर विद्यालय व अपने माता पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रेखा रानी, संगम, सविता, मुकेश कुमार, अमन, प्रधानाचार्य रंजिश प्रताप सिंह, उपप्रधानाचार्य सारिका कपूर, छात्र-छात्रायें व उनके अभिभावक सहित शिक्षक शिक्षकाएं शामिल रहे।

नाबालिक लड़की को भगाने में एफआईआर दर्ज

कांठ। मामला थाना छजलैट क्षेत्र के गांव का है वहां की महिला का कहना है कि उसकी पुत्री नावालिग है और उसकी आयु 16 वर्ष है जिसे सीतापुर थाना छजलैट का पुष्येन्द्र पुत्र गुड्डू बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पंजाब का लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना

● श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना आज दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा

जयपुर, वार्ता। पंजाब किंग्स का लक्ष्य 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद शीर्ष दो में जगह बनाना है। वर्तमान में, टीम तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाकर क्वालिफायर 1 में खेलने और फाइनल में पहुंचने का मौका बनाना है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जो पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपने निराशाजनक सीजन का शानदार तरीके से अंत करना चाहेगी। पंजाब इस सीजन में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जिसने 12 मैचों में 17 अंक प्राप्त किये हैं और दो मैच शेष रहते प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। अय्यर ने आईपीएल 2025 में 175 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं, इसके अलावा पंजाब की बल्लेबाजी को प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) के लगातार प्रदर्शन से मजबूती मिली है। विदेशी खिलाड़ियों मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस की वापसी से टीम बल्लेबाज और गें. दबाजी में ज्यादा मजबूती मिली है। गेंदबाजी के प्रारूप में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक 16 विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर हरप्रीत बरार, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, संतु. लित गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है, जो खेल को नियंत्रित करने में काफी सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन में मजबूत शुरुआत के बाद संघर्ष किया है, अपने पिछले नौ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल की है और प्लेऑफ की उम्मीदें खो दी हैं। उनकी बल्लेबाजी केएल राहुल पर काफी निर्भर है, जिन्होंने 504 रन बनाए हैं, जबकि अभिषेक पोरेल और अक्षर पटेल ने कभी-कभार टीम के लिए मददगार साबित हुए हैं। प्रमुख गेंदबाज मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति ने उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, हालांकि मुस्तफिजुर रहमान और कुलदीप यादव ने टीम को काफी संभालने की कोशिश की है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच से शुरुआत में अच्छा उछाल और गति की सहायता मिलने की उम्मीद है, जो तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल है।

खेलो इंडिया बीच गेम्स में हरियाणा का बोलबाला

■ कबड्डी फाइनल मुकाबलों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

दीव, वार्ता। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबड्डी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुडा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबड्डी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुडावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहाकि यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है। उन्होंने कहाकि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिला और हम स्वर्ण पदक जीत पाए। खेलो इंडिया बीच गेम्स में प्रबंधन और सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। रेत पर खेलने से पकड़ की ताकत और संतुलन बढ़ता है, जबकि मैट पर स्पीड अधिक होती है। इस वजह से हमें यहां स्थिरता पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में हरियाणा की टीम को हिमाचल प्रदेश की मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ा। हरियाणा की युवा महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में हिमाचल प्रदेश पर 45-38 से जीत दर्ज की।

गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे

● जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी टीम की कप्तानी की रेस में बराबर बने हुए है

मुंबई, वार्ता। दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया था। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की दौड़ में बने हुए हैं। पंत अगर कप्तान नहीं बनते हैं तो उन्हें उप कप्तान बनाया जा सकता है। सिलेक्शन कमेटी शनिवार, 24 मई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर सकती है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। भारत को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। शुभमन कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे शुभमन कप्तानी की दौड़ में बुमराह से आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाली थी, अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं। इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए 5 शतक लगाए हैं। फिटनेस परेशानी जसप्रीत बुमराह ने आस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट आस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

■ भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराया

बुकित जलील, वार्ता। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपाव को हराकर मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

यहां पुरुष एकल के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराने के लिए कड़ी मेहनत की। श्रीकांत ने एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में विश्व नंबर 18 पोपोव पर 24-22, 17-21, 22-20 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब श्रीकांत इस साल का पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।

राउंड ऑफ 16 में आयरलैंड के विश्व नंबर 33 न्हाट गुयेन को हराने वाले किदांबी श्रीकांत शनिवार को सेमीफाइनल में जापान के विश्व नंबर 22 युशी तनाका से भिड़ेंगे। इस बीच तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी का सफर खत्म हो गया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी क्वार्टर फाइनल में चीन के जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन के खिलाफ 22-24, 13-21 से हार गए।

खेल विशेष

एंजेलो मैथ्यूज जून में टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज जून में बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओव. रों की क्रिकेट के लिए जब भी देश को जरुरत होगी वह उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज को एक साल से अधिक समय से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 119वां और अंतिम मुक. ाबला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखाकि मेरे प्रिय मित्रो और परिवार, दिल से धन्यवाद और अनगिनत यादों के साथ, अब टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का समय आ गया है। श्रीलंका के लिए खेलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। जब भी मैंने राष्ट्रीय जर्सी पहनी, उस देशभक्ति की भावना का कोई मुकाबला नहीं है।

भारतीय टेक्नीशियंस नहीं लौटे पाक, बिना डीआरएस हो रहे मैच

■ पीसीएल में तकनीकी पर छाए संकट के बादल, 25 मई को होना है फाइनल मैच

कराची, वार्ता। पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के बिना खेले जाएंगे। यह तकनीक मुहैया कराने वाली टेक्नीशियन टीम लीग के फिर से शुरू होने के बाद पाकिस्तान वापस नहीं आई। रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्निकल टीम में ज्यादातर भारतीय हैं।

पीसीबी ने 9 मई को पाकिस्तान-भारत के बीच टकराव के कारण पीसीएल स्थगित कर दिया था। सीजफायर के बाद 17 मई से इसे फिर शुरू किया गया है। पांच मैच बिना डीआरएस के ही खेले गए क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो के मुताबिक, फिर शुरू हुए पीसीएल में अब तक 5 मैच हुए हैं। ये बिना डीआरएस के ही खेले गए हैं। हालांकि, इस बीच विवाद का मामला सामने नहीं आया है। वहीं, पीसीबी ने अभी तक इस पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। लीग के अब 2 मैच ही बाकी हैं। फाइनल 25 मई को है, जबकि क्वालिफायर 23 मई यानी आज खेला जाना है। 2017 से पीसीएल में उपलब्ध था डीआरएस पीसीएल में डीआरएस का इस्तेमाल 2017 से शुरू हुआ था। इसका इस्तेमाल भी अब भी हो रहा था। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव की वजह से पीसीएल को स्थगित किए जाने से पहले तक डीआरएस का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले पीसीबी बचे हुए मैच यूएई में करवाना चाहता था पीसीबी अपनी लीग के बचे मैच दुबई में कराना चाहता था, लेकिन ईसीबी ने मैच होस्ट करने से इन्कार कर दिया। 8 मई की सुबह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीएल के बाकी मैचों को यूएई में कराने का ऐलान किया था। इसके बाद अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा था तनाव के बीच पीसीएल के मैच यूएई में कराना मुश्किल है। जिसके बाद पंजाब ने इसे स्थगित कर दिया है। वहीं 7 मई को भारत के ड्रोन हमले में रावलपिंडी का स्टेडियम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद पीसीएल मैच री-शेडयूल कर दिया गया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है पीसीएल का फाइनल 25 मई को लाहौर में खेला जाएगा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है। दूसरा फाइनलिस्ट के फैसला आज लाहौर कैलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेले जाने वाले दूसरे क्वालिफायर्स मैच से होगा। यह मैच भी लाहौर में खेला जाना है। डीआरएस डीआरएस यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें कोई खिलाड़ी अंपायर के फैसले को चुनौती देता है। इसके बाद वीडियो रीप्ले और बॉल ट्रैकर, हॉकआई, हॉट स्पॉट, पिच मैपिंग जैसी तकनीक मदद से फैसले का रिव्यू किया जाता है।

गैफनी व इलिंगवर्थ करेंगे डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिंग

दुबई, वार्ता। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में खेली जाने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को शुक्रवार को मैदानी अंपायर नियुक्त किया है। क्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। इलिंगवर्थ को वर्तमान आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया है।

वह 2021 और 2023 के फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। वहीं गैफनी ने पिछले साल पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग में इलिंगवर्थ के साथ भागीदारी की थी और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अम्पायर बनाया है। भारत के नितिन मेनन को मैच का चौथा अम्पायर नियुक्त किया गया है।

इंग्लैंड ने 565 रन पर पारी घोषित की

■ जैक क्रॉली, बेन डकेट और ऑली पोप ने शानदार शतक लगाए

नॉटिंघम, वार्ता। जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ऑली पोप (171) रनों की शानदार शतकीय और हैरी ब्रूक (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर इंगलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 565 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी।

ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम में शुक्रवार को कल के तीन विकेट पर 498 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा हुआ था कि टनका चिवंगा ने ऑली पोप को आउटकर जिम्बाब्वे को दिन की पहली सफलता दिलाई। ऑली पोप ने 166 गेंदों में 24 चौके और दो छक्के लगाते हुए (171) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बेन स्टोक्स (नौ) और उसके बाद हैरी ब्रूक (58)रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों ही बल्लेबाजों को मुजारबा. नी ने आउट किया। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड ने छह विकेट पर 565 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। जेमी स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। पहले दिन जिम्बब्वे ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और ब्रेन डकेट की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 231 रनों की साझेदारी की और दोनों ही बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक बनाये। वेस्ली मधेवेरे ने 42वें ओवर में बेन डकेट को आउटकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई।

बेन डकेट ने 134 गेंदों में 20 चौके और दो छक्के लगाते हुए 140 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप ने जैक क्रॉली के साथ 137 रनों की साझेदारी। सिकंदर रजा ने जैक क्रॉली को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे के लिए दूसरा विकेट झटका। जैक क्रॉली ने 171 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (124) रन बनाये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट दिन के आखिरी सत्र में जो रूट (34) के रूप में गिरा।

चोट से उबर चुके जोश हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते है वापसी

बेंगलुरु, वार्ता। चोट से उबर चुके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉश हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में वापसी कर सकते हैं। हेजलवुड कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह प्लेऑफ के लिए आरसीबी के लिए वापसी कर सकते है।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वह आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे और ब्रिस्बेन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के तहत अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस सीजन में अब तक 10 मैचों में 17-27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है और लीग चरण में उनके दो मुक. ाबले खेले जाने हैं। आरसीबी शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ और 27 मई को एलएसजी के साथ मैच खेलेगी। आईपीएल 2025 हेजलवुड के लिए चोट से जूझने वाले घरेलू सीजन के बाद वापसी का मंच बना। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पिंडली की चोट के बाद कोई और मैच नहीं खेला था और इसके पहले एडिलेड टेस्ट में साइड स्ट्रेन की वजह से बाहर थे।

रोहित-कोहली के बिना मुश्किल, पर युवाओं को मौका मिलेगा: गंभीर

● भारतीय कोच ने कहा: रिटायमेंट उनका निजी मामला, किसी को फैसला लेने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने माना है कि रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। लेकिन यह युवाओं के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका होगा। दोनों के जाने के बाद भारत को नए टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी।

इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। रोहित-कोहली के संन्यास पर गंभीर ने सीएनएन न्यूज 18 से कहा, श्मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। उनके 5 दिन बाद 12 मई को विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे लंबे फार्मेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि रोहित-कोहली ने कोच गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर के कारण रिटायरमेंट लिया है। गंभीर ने कहा हम अपने दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है। गंभीर ने इसकी तुलना चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत से की, जो जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में मिली थी। उन्होंने कहा कि यह कठिन होगा, लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे। जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैम्पियंस ट्राफी से पहले भी पूछा गया था। जब जसप्रीत बुमराह नहीं था, तब भी मैने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे। गंभीर क्या रोहित-कोहली वनडे वर्ल्ड कप टीम में होंगे? इस सवाल पर गंभीर ने कहा- श्अभी उसमें काफी समय है। उससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप होना है। यह बड़ा टूर्नामेंट है, जो फरवरी मार्च में भारत में होगा। अभी पूरा फोकस उसी पर है। 24 मई को हो सकता है टीम इंडिया का ऐलान भारत को 20 जून से इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को दिया 353 रनों का लक्ष्य

डबलिन, वार्ता। केसी कार्टी (102) रनों की शतकीय, मैथ्यू फोर्ड (58), शे होप (49) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 44) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 353 रनों का लक्ष्य दिया। यहां कैसल ऐवन्यू स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट 20 और उसके बाद दूसरा विकेट 46 के स्कोर पर गवां दिया। ब्रैंडन किंग (आठ) और एविन लुइस (20) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शे होप की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में लियाम मैकार्थी ने शे होप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शे होप ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (49) रनों की पारी खेली। आमिर जंगू (13) को जॉर्ज डॉकरेल ने आउट किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 37वें ओवर में केसी कार्टी के रूप में गिरा। केसी कार्टी ने 109 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (102) रनों की शतकीय पारी खेली। 44वें ओवर की पहली गेंद पर रॉस्टन चेज (24) रन बनाकर आउट हुए।

स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को उसके साथ काम करने वाले युवक ने पांच लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोप है कि आरोपी ने युवती की स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का वादा किया था और इसके एवज में पांच लाख रुपए देना तय हुआ था। पैसे देने के बाद आरोपी ने युवती को फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। इसके बाद जब युवती बताई गई जगह पहुंची तो वहां पर उस नियुक्ति पत्र को फर्जी करार दे दिया। इसके बाद पीडिष्ता ने पुलिस से मामले को शिकायत की है। पुलिस ने पीडिष्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडिष्ता ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्य कर रही थी। इसी अस्पताल में आदित्य कुमार जोकि शादीपुर कोठी खिदमतपुर जनपद अमरोहा का रहने वाला है। वह इसी अस्पताल में काम करता था,उसने उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस सैफई में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर भर्ती के नाम पर युवती से पांच लाख रुपए हड़प लिए।आरोपी ने कहा उसका एक रिश्तेदार समाजवादी पार्टी का अच्छा नेता है और उसने उसकी नौकरी की सेटिंग कर ली है। इसके बाद युवती आरोपी के झांसे में आ गई और उसने अपने भाई के खाते से अलग-अलग तारीखों में यूपीआई (न्च्) के माध्यम से लगभग एक लाख छियानवे हजार रुपए आरोपी के खाते में ट्रांसफर करा दिए। बाकी धनराशि नकद दी। इसके बाद काफी समय बीत गया लेकिन आरोपी आदित्य ने नियुक्ति के बारे में कुछ नहीं बताया और टाल-मटोल करता रहा। आरोप है कि ज्यादा दबाब बनाने पर आरोपी आदित्य ने उसे नियुक्ति पत्र दे दिया, आरोपी युवक द्वारा दिए गये नियुक्ति पत्र को युवती सैफई के मेडिकल कॉलेज लेकर गई, जहां पर उस नियुक्ति पत्र को फर्जी बताया गया। इसके बाद युवती को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। युवती ने आरोपी से दी गई रकम वापस मांगी तो उसने एक बैंक का चेक दिया। जब संबंधित बैंक में चेक लेकर जाया गया तो वहां जाकर पता चला को चेक भी फर्जी है। इसके बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोविड से निपटने के लिए पांच बेड आईसीयू में रिजर्व

कांठ। विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों के मद्देनजर मुरादाबाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने जिला अस्पताल में पांच बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। इसके अलावा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट रहने को कहा गया है।जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभी जिले में कोई भी कोविड मरीज नहीं है। एहतियातन आईसीयू में पांच बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। पूरी व्यवस्था दुरुस्त है। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं और सुविधाएं भी पूरी हैं। डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि अभी कोविड को लेकर कोई गाइडलाइन नहीं आई है, लेकिन तैयारियां पूरी करके रखी गई हैं। सभी दवाएं हैं और जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा दिया गया है। इसके अलावा अगर शासन स्तर से कोई आदेश आता है तो उसकी भी तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

पत्नी को छोड़ की दूसरी शादी

विवाहिता ने कोतवाली में दी तहरीर

चन्दौसी। पहली को छोड़ दूसरी से रचाई शादी। अब पहली पत्नी परेशान है और थाने के चक्कर लगा रही है। बता दें कि हरिद्वार की रहने वाली युवती की शादी थाना वजीरगंज के गांव मकरंदपुर गांव से हुई थी। विवाहिता की मां ने बताया कि दो वर्ष में उसने अब तक दामाद को 25 लाख रु0 से अधिक दे दिये हैं। चन्दौसी गुमथल रोड पर मकान निर्माण के लिए रुपये दिये थे लेकिन उसके बाद भी दामाद ने बेटी को नहीं रखा और घर से निकाल दिया। वहीं पीछे चुपके से दूसरी शादी कर ली। जब पहली पत्नी को पता लगा तो वह अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची। विवाहिता का कहना था कि उसके पति ने घर में ताला लगा दिया है। घर में बच्चे के साथ कैसे पहुंचे, वह हरिद्वार से आकर पूरी रात्रि बाहर रही।

सूचना पर कोतवाली पुलिस विवाहिता के ससुर अमरपाल को बुलाकर कोतवाली ले आयी, वहां दोनों में सुलह कराने का प्रयास जारी हुआ। विवाहिता की मां का कहना था कि वह दामाद को 25 लाख रु. से अधिक दे चुकी है परंतु इसके बाद भी अपनी दो वर्षीय लड़की और उनकी बेटी को नहीं रख रहा है। वहीं संजय ने दूसरी शादी रचा ली है। इधर विवाहिता का कहना था कि दो वर्षीय बेटी का खर्च कहां से करें, फिलहाल विवाहिता की मां एवं विवाहिता अपने हक की लडाई लड़ रही थीं।

एक नजर

समरकैंप-2025 के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

चन्दौसी। बच्चों के सर्वांगीण विकास और ग्रीष्मकालीन शिविरों के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बहजोई में समर कैम्प के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी ब्लॉकों से 140 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ), मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और इन्वॉल्व लर्निंग सॉल्यूशंस फाउंडेशन तथा प्रथम फाउंडेशन के प्रशिक्षकों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

यह प्रशिक्षण समर साथी गतिविधि-2025 के अंतर्गत बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों में सहयोग, सेवा, और जिम्मेदारी जैसे सामाजिक गुणों का विकास करना है। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न गतिविधियों जैसे स्थानीय खेल, कहानी सुनना, चित्रकला, संगीत वाद्ययंत्र की पहचान और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही, यूट्यूब और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों को शिक्षाप्रद सामग्री उपलब्ध कराने और साप्ताहिक अपडेट साझा करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

गैंगस्टर में वांछित आरोपी को हिरासत में लेकर किया चालान

भोजपुर। वरिष्ठ उप निरीक्षक महेश कुमार मलिक ने गांव पीपलसाना निवासी शकील कुरैशी पुत्र अब्दुल हकीम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। आरोपी और उसके चार साथियों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने संगठित होकर गोवंशीय पशुओं का वध कर समाज में वैमनस्यता फैलाने के आरोप में मुकदमा लिखाया था। एक आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं। पुलिस केस में वांछित भोजपुर,पीपलसाना और साहपुर निवासी तीन आरोपियों को पकड़ने के लिए उनके ठहरने के संभावित ठिकानों पर दबिशें डाल रही है।

भैंस का वध करते युवक पकड़ा डेढ़ क्विंटल मांस बरामद

भोजपुर। शुक्रवार को उप निरीक्षक बृज पाल सिंह ने मौहल्ला गुलाब बाड़ी में छापेमारी कर जीशान पुत्र शफीक को भैंस का वध करते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मौके से भैंस का सिर, डेढ़ क्विंटल मांस एवं मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण कुल्हाड़ी,दो छुरी,सुम्भी, रस्सी, लकड़ी का गुटका बरामद कर सील कर दिया।

पुलिस ने बरामद मांस को पशु-चिकित्सक की मौजूदगी में ढेला नदी के किनारे जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर दबा दिया।

पांच दिवसीय शतचण्डी महायज्ञ का हुआ समापन

चन्दौसी। नगर के सुंदर मौहल्ला स्थित श्रीशतचण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में मंत्रोच्चारण आचार्य पवन कुमार शर्मा द्वारा किया गया। पांच दिन से चल रहा श्रीशतचण्डी पाठ पूर्ण हुआ। तदुपरांत आरती करके कन्या पूजन कराया गया और प्रसाद वितरण किया गया। बता दें कि शतचंडी महायज्ञ एक हिंदू धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें देवी दुर्गा के प्रति समर्पित एक विशेष पूजा और यज्ञ किया जाता है। यह यज्ञ शक्ति, समृद्धि और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। महायज्ञ में बैठने मात्र से ही से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जो मानसिक शांति और तनाव को कम करने में मदद करता है। महायज्ञ से

देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है और मन पवित्र होता है। परिवार और समाज के सदस्य एक साथ शामिल होते हैं जिससे एकता और प्रेम की भावना बढ़ती है। इस दौरान अतुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, विक्की रस्तौगी, प्रमोद रस्तौगी, अमन अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, सुदीप बंसल, उदित रस्तोगी, सुरेन्द्र रस्तौगी, मोहित अग्रवाल, चंचल गौतम, सौरभ गुप्ता, मुन्ना शर्मा, नीतीश अग्रवाल, सचिन गुप्ता, विपुल गुप्ता, मुनीश, राहुल अग्रवाल, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कैथल पुलिस चौकी का निर्माण शीघ्र पूर्ण होने की संभावना

चन्दौसी। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिये शासन द्वारा जनपद संभल में नवीन पुलिस चौकियों का निर्माण किया जा रहा है। लगभग सभी चौकियों का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। संभल में जामा मस्जिद के पास बनीं सत्यव्रत चौकी का उद्घाटन हो चुका है।

चन्दौसी में कैथल, बर्रई, थाना बनियाठेर, खुर्जा गेट आदि स्थानों पर पुलिस चौकियों का निर्माण किया जा रहा है।

पथरा मोड़ पर यातायात पुलिस चौकी का निर्माण भी जारी है। कैथल में भी 80 प्रतिशत चौकी का निर्माण पूर्ण हो चुका है। यहां बताते चलें कि कैथल में चौकी निर्माण अपराधों को रोकने में मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि नवाबपुरा, कैथल, ऐतोल, रामनगर, बर्रई, सैदपुर, बुद्धनगर खण्डुवा आदि गांवों में आये दिन झगड़े इत्यादि होते रहते हैं।

खाद के गड्ढों की सरकारी जमीन पर कब्जा

चन्दौसी। सरकारी जमीनों पर अवैध रुप से कब्जा किया जा रहा है। कभी कोई तो कभी कोई सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की नहीं छोड़ रहा है। हालांकि प्रशासन लगातार भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहा है। पथरा में हाईवे के बराबर से गढ्ढे हैं जो सरकारी अभिलेखों में खाद के गढ्ढों के नाम से दर्ज हैं जहां यातायात पुलिस चौकी का निर्माण किया जा रहा है। लगभग पूर्ण भी हो चुका है लेकिन भूमाफियाओं द्वारा पुनः सांठ-गांठ कर खेल कर दिया है। पूरी कॉलोनी काट दी जिसमें खुलेआम प्लाटिंक की जा रही है।

बहजोई में नगरपालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

चन्दौसी। नगरपालिका बहजोई द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान जोर-शोर से चलाया गया। यहां बताते चलें कि दुक.ानदारों ने अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण कर रखा है। हालांकि नगरपालिका द्वारा नोटिस भी दिये गये परंतु दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया। आखिर शुक्रवार को नगरपालिका की टीम बुल्डोजर के साथ मुख्य बाजारों में पहुंची और अतिक्रमण हटाना शुरु किया। इस दौरान नगरपालिका के अधिकारियों व दुकानदारों की नोंकझोंक भी हुई। अधिकारियों का कहना था कि अतिक्रमण हटने से आप लोगों को ही लाभ होगा। लोगों ने नाले-नालियों व सड़कों पर अवैध रुप से कब्जा कर रखा है।

केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से विधायक ने कराया अवगत

शाह टाइम्स संवाददाता

मूंढापांडे। ब्लॉक सभागार में कुंद.रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की अध्यक्षता में समस्त ग्राम प्रधानों एवं विकासखंड के समस्त सचिव एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेश कन्हैया के द्वारा किया गया बैठक में जिला स्तर से आए परियोजना निद.`शक निर्मल कुमार द्विवेदी के द्वारा विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बात लाभार्थियों के सर्वे के बारे में बताया गया और उनकी पात्रता के बारे में भी बताया गया सभी को बताया गया की पात्र व्यक्तियों का ही चयन किया जाए अपात्रों का चयन किसी भी स्तर पर ना किया जाए ,जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा के द्वारा विकासखंड में निर्मित पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय और आर आर सी सेंटर के संचालन वर्मी कंपोस्ट खाद के गड्ढे और नाडेप के संचालन और कूड़ा कलेक्शन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया सभी ग्राम पंचायत में मरम्मत योग और योग नालों को तत्काल सही करने के लिए कहा गया इसके साथ ही साथ पंचायत विभाग की चल रही समस्त योजनाओं के बारे में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के द्वारा भी विस्तार पूर्वक बताया गया और ग्राम पंचायत में साफ सफाई के लिए भी सभी प्रधानों और

सचिव का आवाहन किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव के द्वारा सभी प्रधानों को अपने-अपने कार्यों में रुचि लेने और ग्राम चौपाल को फलीभूत बनाने हेतु और गांव के लोगों की समस्त समस्याओं और जागरण के लिए अवगत कराया गया अंत में बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा समस्त प्रधानों को बताया गया कि आप अपने-अपने ग्राम पंचायत में अपने पंचायत भवनों पर कार्यालय में बैठकर गांव के समस्त लोगों की समस्याओं का निदान कराए और मनरेगा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक कच्चे का कार्य कराए जिससे कि आपके ग्राम पंचायत में पक्के के कामों का सृजन हो सके समस्त प्रधानों को और शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके नैतिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए भी कहा गया बिजली की समस्या की शिकायत आने पर उनके द्वारा बताया कि कुंदरकी विकासखंड में मेरे द्वारा विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों का एक कैंप लगाया है ऐसा ही कैंप विकासखंड मूंढापांडे में भी बहुत जल्दी लगने वाला है।

प्रधानमंत्री के द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उन सभी का प्रचार प्रसार और उन पर आवश्यक कार्यवाही प्रत्येक स्तर पर कराई जाए यदि किसी के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है तो संबंधित अधिकारी को अवगत कराए और मुझको भी अवगत करवाया जाए ।प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया, बैठक में प्रमुख नवदीप यादव, परियोजना निद.`शक निर्मल कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी, वाचस्पति झा, खण्ड विकास अधिकारी, अशोक कुमार ,ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष सानू लंबरदार, फिरासत हुसैन एडवोकेट,शफारूक अली, उस्मान अली, नजर अली, सुरेश पाल सिंह आदि, सचिव ग्राम पंचायत विकासखंड मूंढापांडे एवं विकास खण्ड के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

वर्षा ऋतु से पूर्व नगरपालिका करा रही नालों की सफाई

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। नगरपालिका परिषद् द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व सभी छोटे-बड़े नालों की तलीझाड़ सफाई की जा रही है। नगर के अधिकांश नालों की सफाई हो चुकी है और शेष की सफाई चल रही है। शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं पालिक.ाध्यक्ष पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी द्वारा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह के साथ नगर के बड़े-छोटे नालों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम रामबाग वाले नाले का निरीक्षण किया गया जहां पर एक्सकैवेटर मशीन द्वारा नाले की सफाई कार्य प्रगति पर पाया गया। तत्पश्चात खुर्जा गेट, कैथल गेट आदि स्थानों पर निरीक्षण किया गया। साथ ही सभी छोटे नालों पर मैन्युअल कार्य कराए जाने का भी

निरीक्षण किया गया। पालिका द्वारा मिनी पोकलैंड मशीन के माध्यम से करेली रोड, कंपनी बाग नाले पर सफाई कार्य कराया जा रहा है। पालिका द्वारा लगभग 60 प्रतिशत नालों की सफाई कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस मौके पर पालिक.ाध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वर्षा ऋतु से पूर्व सभी बड़े-छोटे नालों की तलीझाड़ सफाई कार्य कराया जाना चाहिए। इस दौरान पालिकाध्यक्ष पति अखिलेश खिलाड़ी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, बृजबाला वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, क्षेत्रीय सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग युवती को युवक सौरभ पुत्र छत्रपाल गांव हरदासपुर थाना बिसौली जनपद बदायूं बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। बीती 29 अप्रैल को पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया कि 4 अप्रैल को जनपद बदायूं के थाना बिसौली के अंतर्गत हरदासपुर निवासी सौरभ पुत्र छत्रपाल ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में मुक. दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी, आरोपी मामले में वांछित चल रहा था, मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी युवक को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार, कांस्टेबल ईश्वर सिंह व कपिल कुमार मौजूद रहे।

अधिवक्ता की माता के निधन पर भाजपाइयों ने किया शोक व्यक्त

बिलारी। भारतीय जनता पार्टी के कैंप कार्यालय मुरादाबाद रोड पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रांत कुमार की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे यहां बताया गया कि विक्रांत कुमार की माताजी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी वह नगर पालिका बिलारी में नामित सभासद भी रही थी सभा के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता धर्मेंद्र गांधी मनोज ठाकुर जिला मंत्री मुकुल पांडे राजीव सैनी विश्वास यादव केपी सिंह राणा अंकुर भटनागर सुरेंद्र शर्मा विजय सक्सेना निहाल सिंह प्रशांत चौधरी मेघपाल सिंह गिरीश बाबू राहुल जैन हेमंत शर्मा अमिताभ कुमार राजेंद्र सिंह परमेश्वर नाथ गोस्वामी पवन शर्मा अनुज उपाध्याय वीरपाल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रेन से गिरकर युवक हुआ घायल, उपचार के दौरान मौत

अगवानपुर। गुरुवार रात्रि एक बजे के करीब अगवानपुर स्टेशन से होकर गुजर रही सहारनपुर की ओर से वाराणसी जा रही जनता एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई पुलिस ने युवक की जेब में रखे आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान ब्रिजेन्द्र पुत्र सुक्कड गांव निवासी कुआं खेड़ा जनपद सहारनपुर के रुप में की है। गंभीर हालत में घायल युवक को पुलिस द्वारा तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

वहीं चौकी प्रभारी सुनील राठी ने बताया कि युवक की जेब में मिले आधार कार्ड से सी प्लान एप के माध्यम से जनपद सहारनपुर के ग्राम कुआं खेड़ा के प्रधान से सम्पर्क किया हुआ है प्रधान के माध्यम से मृतक के स्वजनों को सूचना दे दी गई है शुक्रवार शाम छ बजे तक मृतक के परिवार के लोग नहीं आए थे, उनके आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल शव का पंचनामा करने की कार्रवाई की जा रही है।

लोक माता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर घाट सज्जा व गंगा आरती का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में रामगंगा विहार मंडल में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर रामगंगा घाट पर घाट सज्जा एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा.के के मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि आचार्य श्री धीरसंत दास अर्धमोनी शामिल रहेंगे। सर्वप्रथम रामगंगा घाट के आस पास की सफाई एवं स्वच्छ किया गया तदोपरान्त गंगा आरती की गई।डा.के के मिश्रा ने कहा कि सनातन संस्कृति से आगाध प्रेम करने वाली पूर्णश्लोका राजमाता अहिल्याबाई का दृष्टिकोण अखिल भारतीय था उन्होंने तीर्थ स्थान के मार्ग मंदिर अन्य क्षेत्र पेयजल व्यवस्था धर्मशालाएं इत्यादि जो विद.`शी आकृर्ताओं ने ध्वस्त कर दी थी उनका पुनः निर्माण कराया था बिना पुनः निर्माण किए तीर्थयात्रा सुगम नहीं हो सकती बनारस में मणिकार्णिका घाट अहिल्या माता के द्वारा ही बनाया गया था बद्रीनाथ से रामेश्वरम और द्वारिका से काशी तक उन्होंने अनेक घाट धर्मशालाएं मंदिर इत्यादि का निर्माण कराया काशी से बंगाल तक सड़कों का पक्का निर्माण कराया उसी ने भारत की सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने और उसे सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई। उनके शासनकाल में जनकल्याण के अनेक कार्य हुए। महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और

को लेकर आज हमने अरे अहिल्याबाई जी की जयंती पर उनके नमन करते हुए गंगा घाट पर सफाई की और गंगा आरती कर उनकी जयंती के शुभ अवसर पर उनको नमन किया।विशिष्ट अतिथि आचार्य धीरसंतदास अर्धमोनी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। हमें लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। लोकमाता ने अपनी शासन व्यवस्था में आध्यात्मिक व धार्मिकता का भाव समाविष्ट किया था। जाति-धर्म से ऊपर उठकर शासन व्यवस्थाएं संचालित की।

हम लोग माता अहिल्याबाई जी के जयंती के अवसर पर गंगा घाट पर एकत्रित हुए हैं गंगा घाट की साफ सफाई की गई और साज सज्जा के साथ ही हम सभी श्रद्धालुओं ने स्थानीय लोगों सहित संकल्प लिया कि किसी भी स्तर पर गंगा मैय्या की जलधारा में कोई प्रदूषित सामग्री न डालें भव्य गंगा आरती कर देश की प्रगति के लिए ईश्वर को याद करते हुए वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई जयंती के उपलक्ष्य में उनको नमन किया एवं उनके विचारों को अपने जीवन में उतरने का संकलप लिया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति,पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा व संजय शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक अजय वर्मा,डॉ विशेष गुप्ता, राजू कालरा, आदि भाजपा महानगर मंडल मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण पार्षदगण शामिल रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 24 मई 2025

विदेश नीति पर सवाल

एक तरफ आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाक को बेनकाब करने के लिए हमारे सात डेलिगेशन विदेशी दौरों पर हैं, जिसमें 50 से अधिक सांसद व राजनयिक हैं। तो दूसरी तरफ देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। निश्चित रूप से यह बेहद विचित्र स्थिति है। असल सवाल यह है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है सरकार या विपक्ष। विपक्ष का मानना है कि सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल पूछना कोई अपराध नहीं है। अगर सवाल सरकार से नहीं पूछा जाएगा तो फिर किससे पूछा जाएगा। तो वहीं सरकार का मानना है कि यह समय इस तरह के सवालों का नहीं है जिस तरह के सवाल विपक्ष कर रहा है। बेशक हर बात का जवाब नहीं दिया जा सकता, लेकिन यह तो सरकार को भी मानना पड़ेगा कि हर चीज गोपनीयता के खोल में लपेटी नहीं जा सकती। कुछ का बताया जाना बेहद जरूरी होता है। विशेषकर उन चीजों का, जिनको देश नंगी आंखों से देख रहा हो। इस समय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने मोदी सरकार की विदेश नीति पर खुलकर आरोप लगाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए। अपनी एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि कुछ देश पाक को भारत की बराबरी पर क्यों रख रहे हैं। उनकी पोस्ट कहती है कि एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी सवाल उठाया कि डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। बात यहीं खत्म नहीं होती ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने की अपनी इच्छा जताई। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत-पाक को समान स्तर पर रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है, पहलगाम में 22 अप्रैल को पाक आर्तकियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने के बाद कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उससे उपजे तनाव में भारत के साथ कोई भी देश खुलकर आता दिखाई नहीं दिया, जबकि पाक के साथ तुर्कीए, अजरबेजान व चीन जैसे देश खुलकर भारत के विरुद्ध युद्ध के मैदान में खड़े दिखाई दे रहे थे, जबकि युद्ध अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ था। निश्चित रूप से यह भारत की विदेश नीति की कमजोरी ही कहा जाएगा चाहे सरकार स्वीकार करे या न करे, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। रही-सही कसर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पूरी करते दिखाई दे रहे हैं। दस मई को जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय वह स्वयं लेते दिखाई दे रहे हैं। जबकि भारत का कहना है कि सीजफायर पाक व भारत के साथ सीधी बातचीत के चलते ही संभव हुआ। अब सवाल यह है कि फिर ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं। उनकी बातों का खंडन सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं किया जा रहा है। यही बात राहुल गांधी भी उठा रहे हैं। सवाल यहां किसी की राजनीतिक नाकामी का नहीं है, यह कोई हार-जीत का मामला नहीं है, बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का मामला है।

सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही

केंद्र की मोदी सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही है और विदेशमंत्री जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं, श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे पा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत, पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा था, भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है, ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत, पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं।

-राहुल गांधी
लोकसभा में विपक्ष के नेता

किशोरों में हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

ललित गर्ग

हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गई है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नई समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं।



भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नए भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है, क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है।

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। 14-15 साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-11वीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से उसके परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिए जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनः स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नई बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किए हैं। सवाल नए बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है, लेकिन सवाल यह है कि 14-15 साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में यह सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामुक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स ऑफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट यह है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नए-नए एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

सबसे खूबसूरत महारानी थी गायत्री देवी

इंदिरा गांधी और गायत्री देवी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बंगाल में स्थापित शांतिनिकेतन के स्कूल पाठ भवन में एक साथ पढ़ी थीं। दोनों तभी से एक-दूसरे को जानती थीं। हालांकि, दोनों में दुश्मनी की वजह खूबसूरती थी या कुछ और इस बारे में कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह ने जरूर अपनी लेखनी और साक्षात्कारों में यह इशारा किया था कि इंदिरा गांधी खुद से सुंदर महिला को अपने आसपास भी बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।

भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही हैं। आज ही के दिन यानी की 23 मई को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। गायत्री देवी ने शादी के बाद न सिर्फ अपने राज्य को संभाला बल्कि राजनीति में भी अहम योगदान दिया था। उस दौर में महारानी गायत्री देवी की टक्कर इंदिरा गांधी से हुआ करती हैं। माना जाता है कि वह किसी भी मामले में इंदिरा गांधी से कम नहीं थीं। वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि इंदिरा गांधी को गायत्री देवी से जलन थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के राजशाही जीवन और राजनीतिक करियर के बारे में।।।

जन्म और परिवार

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए। महारानी गायत्री और उनके अन्य भाई-बहन छोटे ही थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। जिसके बाद माता इंदिरा राजे ने राजघराने और बच्चों को संभाला था।

लव लाइफ और शादी

गायत्री देवी प्यार और शादी के मामले में अपनी मां इंदिरा राजे जैसी ही थीं। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनको जयपुर के राजा मानसिंह बहादुर से प्यार हो गया। जबकि मानसिंह की पहले से दो शादियां हो चुकी थीं। मानसिंह गायत्री देवी से 9 साल बड़े थे। जब गायत्री देवी 16 साल की हुईं, तो मानसिंह ने उनसे शादी के बारे में पूछा, वहीं गायत्री देवी ने हामी भर दी और समाज के खिलाफ जाकर मानसिंह से शादी कर ली।

राजनीतिक जीवन

मानसिंह बहादुर से शादी के बाद गायत्री सिंह जयपुर की महारानी बन गईं। उनको न तो बंगाली और न ही राजस्थानी भाषा सही से बोलनी आती थी। वह अंग्रेची और फेंच में बात किया करती थीं। उस दौर में गायत्री सिंह को सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला था। हालांकि राजनीति में गायत्री देवी को अपनी बेबाकी के लिए भी जाना जाता था। साल 1962 में स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और 1 लाख 92 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। उस दौरान इतनी बड़ी जीत की वजह से उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया था।

इंदिरा गांधी से विवाद

एक बार गायत्री देवी की संसद में जवाहर लाल नेहरू से बहस हो गई थी। हालांकि नेहरू और गायत्री देवी के बीच राजनीतिक विरोध था, लेकिन जब इंदिरा गांधी राजनीति में आईं, तो यह निजी बन गया। गायत्री देवी और इंदिरा गांधी दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानती थीं। एक बार सदन में इंदिरा गांधी ने गायत्री देवी को कांच की गुड़िया कहकर पुकारा था। दोनों का एक किस्सा मशहूर है, जब महारानी गायत्री देवी को जेल में डालकर

इंदिरा गांधी ने जयगढ़ के किले में फौज भेज दी थी।

मृत्यु

वहीं 29 जुलाई 2009 को 90 साल की उम्र में महारानी गायत्री देवी का निधन हो गया था।

आज भी विकासशील अवस्था में है भारत की शिक्षा व्यवस्था

भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

भारत में शिक्षा प्रणाली एक लंबे समय से विकासशील अवस्था में है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा नीति में अनेक सुधार किए गए, लेकिन आज भी यह प्रणाली कई चुनौतियों से जूझ रही है। बदलते समय के साथ एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है जो न केवल रोजगारपरक हो, बल्कि मानवीय मूल्यों, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समानता को भी बढ़ावा दे। भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली कैसे विकसित की जा सकती है।

भारत में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसे केवल स्कूल या विश्वविद्यालय तक सीमित न रखें। शिक्षा को जीवन के हर स्तर पर समझने की आवश्यकता है चाहे वह प्राथमिक स्तर हो, माध्यमिक हो, उच्च शिक्षा हो या व्यावसायिक प्रशिक्षण। वर्तमान समय में जो सबसे बड़ी चुनौती सामने है वह है शिक्षा की गुणवत्ता और उसका असमान वितरण। महानगरों में जहां आधुनिक तकनीक, अच्छे शिक्षक और संसाधन उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण भारत आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस अंतर को पाटे बिना एक समावेशी और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली की कल्पना अधूरी है।

एक सशक्त शिक्षा प्रणाली का निर्माण प्रारंभिक शिक्षा से ही होता है। यह वह आधारशिला है जिस पर विद्यार्थी का सम्पूर्ण बौद्धिक विकास निर्भर करता है। इस स्तर पर शिक्षकों की भूमिका निर्णायक होती है। यदि शिक्षक को प्रेरणा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता मिले, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। भारत में शिक्षकों की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्हें केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाने वाला माध्यम न समझा जाए, बल्कि एक मार्गदर्शक, विचारक और प्रेरक के रूप में देखा जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना या नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। यह व्यक्ति को सोचने, समझने, सवाल करने और समाधान निकालने की क्षमता देनी चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में यह दृष्टिकोण अभी सीमित रूप से ही देखने को मिलता है। अधिकतर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को रटने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रवृत्ति छात्रों की रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबा देती है। इसलिए हमें मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। इसमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों, और सांस्कृतिक समझ को भी स्थान मिलना चाहिए।

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणाली भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। भारत में आज भी परीक्षा प्रणाली का मूल आधार अंक प्राप्त करना है, न कि ज्ञान की गहराई को परखना। बच्चों को नंबर की दौड़ में शामिल कर दिया जाता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। आवश्यकता है कि हम ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करें जो बच्चों की समझ, नवाचार, और व्यावहारिक ज्ञान का आकलन कर सके। यह तभी संभव है जब हम शिक्षा को एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया के रूप में देखें। तकनीक के इस युग में डिजिटल शिक्षा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत अनेक प्रयास किए गए हैं, लेकिन इनका लाभ सभी तक नहीं पहुंच पाया है। एक समतामूलक शिक्षा प्रणाली के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक कोने में इंटरनेट, मोबाइल उपकरण और डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे इसे प्रभावी ढंग से कक्षा में उपयोग कर सकें। डिजिटल शिक्षा केवल शहरी बच्चों का विशेषाधिकार न बने, यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। शिक्षा में भाषा का महत्व भी विशेष है।

शिक्षा का माध्यम

भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। नीति और क्रियान्वयन में समन्वय। अक्सर देखा जाता है कि नीतियां तो बहुत अच्छी बनती हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन कमजोर होता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थाएं, शिक्षक और समाज सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों को केवल परीक्षा केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान के केंद्र बनाना होगा। अभिभावकों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संपूर्ण विकास का माध्यम है। इसके अतिरिक्त शिक्षा में नवाचार को भी बढ़ावा देना होगा। नवाचार का अर्थ केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोचने के तरीके में भी परिवर्तन से है। विद्यार्थियों को ऐसे प्रोजेक्ट्स, समस्याएं और चुनौतियां दी जाएं जो उन्हें सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने में मदद करें। इसके लिए कक्षाओं में प्रयोग, चर्चा, समूह कार्य और परियोजना आधारित शिक्षा को अपनाया जाना चाहिए। अंत में यह समझना आवश्यक है कि भारत की शिक्षा प्रणाली में सुधार केवल सरकार या संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामाजिक प्रयास है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब तक हम शिक्षा को एक सामाजिक मिशन के रूप में नहीं देखेंगे, तब तक हम उसमें व्यापक और गहरा परिवर्तन नहीं ला सकेंगे।

यदि हम वास्तव में भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली चाहते हैं, तो हमें शिक्षा को केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि जीवन के परिवर्तन का माध्यम मानना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर पाएंगे जहां हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके, और जहां शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला बन जाए। यही एक समृद्ध, सशक्त और संवेदनशील राष्ट्र की आधारशिला होगी।

...साभार

ट्रम्प का मिजाज निराला

हार्वर्ड में अब विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक

न्यूयार्क। अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता रद्द कर दी है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार देर रात होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) को हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) का सर्टिफिकेशन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया। विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता वापस पाने के लिए हार्वर्ड को 72 घंटों में मौजूदा बाहरी स्टूडेंट्स की जानकारी देनी होगी।

अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे सभी विदेशी छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर लेने के लिए कहा गया है। नहीं तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। बीते कुछ दिनों से हार्वर्ड और सरकार के बीच विदेशी छात्रों से जुड़े रिकार्ड को लेकर खींचतान चल रही थी। क्रिस्टी ने अप्रैल में कहा था कि अगर हार्वर्ड ने 30 अप्रैल तक विदेशी स्टूडेंट्स के अवैध और हिंसक मामलों का पूरा रिकार्ड नहीं दिया, तो उसका एसईवीपी सर्टिफिकेशन छीन लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ने जो रिकार्ड दिया था, उससे प्रशासन संतुष्ट नहीं है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लगभग 27 प्रतिशत बाहरी छात्र हैं। वहां अभी लगभग 6800 विदेशी स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इनमें भारत के 788 छात्र हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स एफ-1 या जे-1 वीजा पर हैं। एफ-1 वीजा अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों के लिए है, जबकि जे वीजा स्कालर्स, रिसर्चर्स सहित एक्सचेंज विजिटर्स के लिए है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को दो पेज का एक लेटर भेजा है। ट्रम्प प्रशासन बोला: यूनिवर्सिटी यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा दे रही ट्रम्प प्रशासन में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को लिखा लेटर एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड को अपने कैंपस में हिंसा, यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा देने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समन्वय बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। यूनिवर्सिटीज के लिए विदेशी छात्रों को एडमिशन देना और उनसे मोटी फीस लेना, जिससे वे अपनी मल्टी-अरब डालर के खजाने को बढ़ा सके, एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार। हार्वर्ड को कई मौके दिए, लेकिन वह कानून का पालन करने में विफल रही। यह कार्रवाई इसे देश भर के सभी यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर अपने पोस्ट के साथ लेटर शेयर किया। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अपने बयान में कहा कि हार्वर्ड को लीड कर रहे लोगों ने अमेरिका विरोधी, आतंकवाद समर्थक आंदोलनकारियों को कई यहूदी छात्रों को परेशान करने और शारीरिक रूप से हमला करने की अनुमति दी।

ट्रम्प प्रशासन का फैसला, अभी यहां सात हजार विदेशी छात्र इनमें 788 भारतीय शामिल

कनाडा में विदेशी छात्रों का पढ़ाई करना हुआ मुश्किल

ओटावा। कनाडा ने इंटरनेशनल स्टूडेंट को दिए जाने वाले स्टडी परमिट की संख्या में कटौती की है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2025 की पहली तिमाही में भारतीय स्टूडेंट को दिए गए परमिट में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2025 के बीच सिर्फ 30640 स्टूडेंट को स्टडी परमिट दिया गया। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 44295 थी। जनवरी 2025 में, कनाडा की आबादी 4 करोड़ 15 लाख थी, जिसमें अस्थायी निवासियों की संख्या 3 करोड़ 2 लाख थी। यह लगभग 7.25 प्रतिशत है। कनाडा सरकार इसे 2028 तक 5 प्रतिशत से कम पर ले जाना चाहती है। लिए स्टडी परमिट की लिमिट 437000 कर दी है, जो 2024 के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। यह सीमा 2026 तक लागू रहेगी। कनाडा ने साल 2023 से ही इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या को कम करने के लिए कोशिश शुरू कर दी थी। कनाडा ने 2023 में कुल 6.81 लाख स्टडी परमिट जारी किए, जिनमें से 2.78 लाख भारतीय छात्रों के लिए थे।

इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

जकार्ता। इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गई। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोग घायल हो गए। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार तड़के 02:52 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र बेंगकुलु शहर से 47 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 84 किलोमीटर नीचे था। बेंगकुलु प्रांत की आपदा प्रबंधन एजेंसी के सचिव रेजा अफ्यिान्टो ने बताया कि बेंगकुलु शहर के लोगों ने भूकंप के बहुत तेज झटके महसूस किए। शहर में 33 घर क्षतिग्रस्त हो गए।

जम्मू-कश्मीर। किश्तवाड़ में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच एक पुलिस अधिकारी पहरा देते हुए।

सिंधु जल संकट पर पाक के सांसद का भी गला सूखा

पीटीआई सांसद ने कहा: पाकिस्तान की 90% फसलें इसी पर निर्भर, संकट नहीं सुलझा, तो भूखे मर जाएंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने सिंधु जल संकट को बताया वाटर बम बताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वो जल्द से जल्द से संकट से बाहर निकलने के लिए कोई कदम उठाए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से सांसद अली जफर ने शुक्रवार को पाकिस्तान संसद में कहा कि हमारा हर 10 में से 9 आदमी इसी पर नदी पर निर्भर है। हमारी 90 प्रतिशत फसलों को इसी नदी से पानी मिलता है।

उन्होंने कहा: अगर हम इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाते, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु बेसिन हमारी लाइफ लाइन है। हमारा तीन-चौथाई पानी देश के बाहर से आता है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। चौधरी ने कहा भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। यह एक पागलपन से भरी सोच है। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि, यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं। सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47: जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था।

24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है

यूरेनियम संवर्धन पर रोक को लेकर तेहरान बिफरा

तेहरान। ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमेरिकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की जिसमें कहा गया था कि वह (अमेरिका) चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा यदि वे चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल किया जा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

ईरान के विदेश मंत्री ने कहा: अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं

बांग्लादेश में यूनुस के विदाई के आसार, इस्तीफे की पेशकश

बढ़ते विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार विचलित

ढाका। बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस देश में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने बीबीसी बंगला से बातचीत में कहा कि देश के मुख्य सलाहकार इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस ने गुरुवार को अपने कार्यालय में सलाहकार परिषद की बैठक में इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की तथा अपनी सरकार के प्रदर्शन और कर्तव्यों को लेकर बढ़ते सवालों पर चिंता भी व्यक्त की। इस्लाम ने कहा कि यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य सलाहकार के हवाले से कहा कि मैं इस तरह काम नहीं कर सकता, अगर आप सभी राजनीतिक दल एकमत नहीं हो सकते। एनसीपी नेता ने यूनुस से जल्दबाजी में ऐसा कोई फैसला न लेने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह (यूनुस) पार्टियों के बीच एकता सुनिश्चित करेंगे और सभी उनका सहयोग करेंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अटकलों के बीच नाहिद के अलावा सूचना सलाहकार महफूज आलम और स्थानीय सरकार सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुइयां ने भी कल शाम यूनुस से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की

पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में चार लोगों की मौत

इस्लामाबाद/नई दिल्ली। पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हास्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले मिले हैं।

केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के जेएन। वैरिएंट को वजह माना जा रहा है। कराची के श्वसन रोग एक्सपर्ट्डा. जावेद खान ने मीडिया को बताया कि पिछले हफ्ते से हर दिन 8 से 10 कोविड-19 के पॉजिटिव मामले देखे जा रहे हैं। वहीं, सिंध की स्वास्थ्य मंत्री डा. आजरा पेचुहो ने कहा कि फिलहाल पर मौजूदा हालात पर कुछ भी बयान नहीं दे सकती। पाकिस्तान के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमें बहुत कम सैंपल मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से 10 से 20 प्रतिशत सैंपल कोविड पॉजिटिव हैं। समस्या की गंभीरता समझने के लिए हमें और डेटा चाहिए। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग और कम इम्यूनिटी वाले लोगों पर हो रहा है। बीते कुछ वक्त से एशिया भर में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंगापुर में 13 मई तक कोरोना के 14200 और थाईलैंड में 17 मई तक 33030 नए मरीज मिले। हान्गकान्ग में 10 मई तक 1042 नए केस दर्ज किए गए। भारत में भी 12 मई के बाद से केस बढ़े हैं। 11 राज्यों में नए केस सामने आए हैं। ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से हैं।



हर दिन मिल रहे करीब 8-10 पॉजिटिव केस, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले

इजरायल, यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण: रेगेव

तेल अवीव। यूरोपीय संघ में इजरायल के राजदूत हैम रेगेव ने समूचे महाद्वीप में इजरायल के प्रति बढ़ते असंतोष के बीच यूरोपीय संघ के साथ इजरायली संबंधों के कूटनीतिक तौर पर नाजुक होने की चेतावनी दी है। रेगेव ने कल ब्रसेल्स में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ देश का युद्ध लंबा खिच रहा है और यूरोपीय जनता की इजरायल के प्रति सहानुभूति कम हो रही है, इसके कारण इजरायल और यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण देखा जा सकता है। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि यह कोई कूटनीतिक सुनामी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से एक कूटनीतिक क्षरण है, जिसका निंदान किया जाना चाहिए।

इस बीच द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार रेगेव का यह बयान गाजा में इजरायली कार्रवाइयों की बढ़ती जांच और यूरोपीय सरकारों की बदलती भावनाओं के बीच आया है। रेगेव ने हालांकि यह स्वीकार किया कि इजरायली विदेश मंत्रालय यूरोप में समर्थन में कमी के जवाब में काम कर रहा है और एक अत्यधिक गहन कूटनीतिक अभियान चला रहा है। गौरतलब है कि यूरोप में गाजा से आ रही 'ग्राफिक' छवियों ने इजरायल के प्रति सार्वजनिक आक्रोश और राजनीतिक दबाव को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि यूरोप भयावह तस्वीरें देख रहा है और उनसे निपटने के जतन कर रहा है। युद्ध की शुरुआत में हमें जो समर्थन मिला था, वह अब नहीं रहा।

संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में स्थिति बिगड़ने की दी चेतावनी

जुबा/संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने युद्धग्रस्त सूडान में मानवीय स्थिति बिगड़ने की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कल यहां कहा कि सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष बढ़ने से नागरिक घरों से निकलकर आश्रयस्थलों में जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन के हवाले से कहा कि पश्चिमी कोर्डोफन राज्य में बढ़ती असुरक्षा ने इस महीने खिवाई और नुहुद शहरों से लगभग 47000 लोगों को वहां से बाहर निकलने पर मजबूर किया। इनमें से कई लोग पहले से ही आंतरिक रूप से विस्थापित थे और अब दूसरी बार पलायन करने को मजबूर हैं। उत्तरी दारफुर में पिछले सप्ताह ही अबू शौक शिविर और अल फशर शहर से लगभग 1000 लोग विस्थापित हुए हैं जिससे इस महीने इन दो स्थानों से विस्थापित होने वाले लोगों की कुल संख्या 6,000 हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि कुल मिलाकर उत्तरी दारफुर में 17 लाख से अधिक लोगों के विस्थापित होने का अनुमान है।

आईसीसी से जारी वॉरंट को रूस ने बताया बेहुदा

मॉस्को। रूस ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने को राजनीतिक पूर्वाग्रह एवं कानूनी रूप से अनुचित करार दिया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्टोव ने न्यायालय पश्चिम देशों की कठपुतली बन गया है।

द रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक से बात करते हुए वेनेडिक्टोव ने कहा कि हाल के वर्षों में, आईसीसी पूरी तरह से विकृत हो गया है और वह पश्चिमी देशों के हाथों की कठपुतली बन गया है। अपने नियंत्रकों के दबाव में आकार न्यायालय ने हमारे राष्ट्राध्यक्ष और कई अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का गैरकानूनी निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा की गई कानूनी समीक्षा में आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं मिला है। स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा आईसीसी के फैसले की कानूनी समीक्षा में साक्ष्य का पूर्ण अभाव और प्रस्तुत आरोपों में विरोधाभास पाया है। ये वारंट अंतर्राष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक स्वीकृत मानदंडों का गंभीर उल्लंघन हैं।

पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह करार दिया

पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने भारत के खिलाफ उगला जहर

आतंकी हाफिज की भाषा में दी धमकी 'तुम्हारी सांसें रोक देंगे'

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं।

वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।

वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D
BHMS, BAMS
BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor